रांची, रविवार | वर्ष-26, अंक- 64, पृष्ठ-12 | चैत्र शुक्ल पक्ष 09, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com
06 अप्रैल 2025
₹3.00



# राष्ट्रीय नवीन मेल

ईश्वर में हमारा विश्वास | सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

राम राम रामेति रमे रामे मनोरमे।
सहस्त्रनाम तत्तुल्यम रामनाम वरानने॥

श्रीरामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं

## हेमंत सोरेन ने रामनवमी को लेकर अधिकारियों के साथ की उच्चस्तरीय समीक्षा, कहा

# परंपराओं के अनुरूप हो रहे कार्यों पर किसी प्रकार का न हो व्यवधान

- अखाड़ा समितियों को डीजे बजाने से संबंधित उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश की प्रति उपलब्ध कराएं
- रामनवमी महापर्व के दौरान अराजकता फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में अधिकारियों के साथ रामनवमी को लेकर राज्य में विधि-व्यवस्था संधारण की तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सुनियोजित तरीके से अफवाह या अराजकता फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरे राज्य में रामनवमी महोत्सव आपसी प्रेम-सौहार्द, भाईचारा एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इस पर फोकस रखें।

## शोभायात्राओं में बाइक रैली की नई परंपराओं पर रोक लगाएं



### संवेदनशील चिन्हित जगहों पर विशेष चौकसी रखें

बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि रामनवमी महोत्सव पर शोभायात्रा एवं अन्य धार्मिक आयोजन होते हैं, इसलिए यह समय काफी संवेदनशील हो जाता है अतएव वैसे चिन्हित स्थान जहां इन आयोजनों के समय कोई छोटी-बड़ी घटनाएं होने की ज्यादा संभावनाएं रहती है उन जगहों पर विशेष चौकसी रखी जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लाइसेंसी एवं गैर लाइसेंसी अखाड़ा समितियों को डीजे बजाने से संबंधित उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश की प्रति उपलब्ध कराना हर हाल में सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन नही करने वालों पर क्या कार्रवाई किए जाने का नियम है, यह जानकारी अखाड़ा समितियों को दें ताकि नियम का उल्लंघन नही हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि शोभायात्रा के दौरान सीसीटीवी कैमरा एवं ड्रोन से नजर रखी जाए। शोभायात्रा का भौतिक सत्यापन अवश्य करें। शांति समिति के सदस्यों के साथ समन्वय बनाकर रखें। पुलिस प्रशासन द्वारा यह अपील किया जाए की किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक गाना नही बजाई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जुलूस अथवा शोभायात्रा देखने के उपरांत घर लौटने वाले लोगों की सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखें।

### जनमानस की सुरक्षा राज्य सरकार की प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पिछले कुछ वर्षों से रामनवमी महोत्सव के दौरान आयोजित शोभा यात्राओं पर बाइक रैली निकालने की नई परंपरा की शुरूआत हो रही है। किसी भी हाल में बाइक रैली न निकले यह सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनमानस की सुरक्षा राज्य सरकार की प्राथमिकता है। बाइक रैली से आम जनमानस के साथ-साथ रैली आयोजकों पर असुरक्षा का खतरा बढ़ता है अतएव बाइक रैली पर मजबूती के साथ रोक लगाई जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शोभायात्रा या जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन पूर्ण रूप से सतर्क रहे। किसी भी जगह अथवा क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बिगड़ती है या बिगड़ी हुई दिखती है तो उसकी सूचना पुलिस हेडक्वाटर तथा कंट्रोल रूम को शीघ्र दें। पुलिस प्रशासन छोटी-छोटी घटनाओं पर भी पैनी नजर रखें। शेष पेज 11 पर

### दहशतगर्दों पर कड़ी नजर रखी जाए

### सीसीटीवी कैमरा एवं ड्रोन से नजर रखी जाए

### विधि-व्यवस्था संधारण में अगर चुनौती बनती है वैसे आयोजनों को अविलंब रोकें

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों पर लम्बे समय तक शोभायात्रा या जुलूस निकाले जाते हैं उन क्षेत्रों का इनपुट विभिन्न माध्यमों से निरंतर लेते रहें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि रामनवमी महोत्सव की परंपराओं का विशेष ध्यान रखें, परंपराओं के अनुरूप हो रहे कार्यों पर किसी प्रकार का व्यवधान न हो यह सुनिश्चित कराएं। परंपराओं से हटकर अगर किसी प्रकार के नए तरीके के जुलूस अथवा शोभायात्रा निकलती है, जो विधि-व्यवस्था के संधारण में चुनौती बनती है वैसे आयोजनों पर अविलंब रोक लगाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक दूसरे समुदायों के बीच किसी भी हाल में कोई झड़प या तनाव की स्थिति उत्पन्न न हो यह सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि दहशतगर्दों पर सख्त नजर रखी जाए। राज्य के भीतर रामनवमी महोत्सव के दौरान आपसी भाईचारा, अमन-चैन, प्रेम-सौहार्द बरकरार रहे यह सभी की जिम्मेदारी है।

शेष पेज 11 पर

---

### वासंतिक नवरात्र

**नवमी सिद्धिदात्री**



नौवां दिन नवरात्रि का अंतिम दिन है। श्री दुर्गा का नवम रूप श्री सिद्धिदात्री है। यह सब प्रकार की सिद्धियों की दाता हैं, इसीलिए यह सिद्धिदात्री कहलाती हैं। देवी सिद्धिदात्री का रूप अत्यंत सौम्य है। देवी की चार भुजाएं हैं। दायीं भुजा में माता ने चक्र और गदा धारण किया है, मां की बांयीं भुजा में शंख और कमल का फूल है। मां सिद्धिदात्री कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। देवी ने सिद्धिदात्री का यह रूप भक्तों पर अनुकम्पा बरसाने के लिए धारण किया है। देवी जी की भक्ति जो भी हृदय से करता है मां उसी पर अपना स्नेह लुटाती हैं।

**सिद्धगंधर्वयक्षादौर सुरैरमरै रवि।
सेव्यमाना सदाभूयात सिद्धिदा सिद्धिदायनी॥**

नवरात्रि के नवम दिन इनकी पूजा-आराधना की जाती है। सिद्धिदात्री की कृपा से मनुष्य सभी प्रकार की सिद्धियां प्राप्त कर मोक्ष पाने मे सफल होता है। यह महानवमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन नौ कन्याओं की पूजा होती है। इन नौ कन्याओं को देवी दुर्गा के नौ रूपों का प्रतीक माना जाता है। पूजा के अंत में कन्याओं को उपहार के रूप में नये कपड़े प्रदान किये जाते हैं। मां दुर्गा के इस अंतिम स्वरूप की आराधना के साथ ही नवरात्र के अनुष्ठान का समापन हो जाता है। इस दिन को रामनवमी भी कहा जाता है।

---

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप **82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क **+91 82923 73444** कार्यकारी संपादक।

---

## श्रीलंका ने पीएम मोदी को दिया 'मित्र विभूषण सम्मान'

# ये करोड़ों भारतीयों का सम्मान : पीएम

**एजेंसी । कोलंबो**

श्रीलंका की सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'श्रीलंका मित्र विभूषण सम्मान' से सम्मानित किया है। श्रीलंका की सरकार यह सम्मान उन देशों के राष्ट्राध्यक्षों को देती है, जिनके श्रीलंका के साथ अच्छे संबंध होते हैं। भारत के ऐतिहासिक तौर पर श्रीलंका के साथ अच्छे संबंध रहे हैं। साथ ही जब श्रीलंका आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा था तो उस वक्त भी सबसे पहले भारत ने ही श्रीलंका के लिए मदद का हाथ बढ़ाया था। अब इन अच्छे संबंधों को ही मान्यता देते हुए श्रीलंका की सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी को यह सम्मान दिया है।

श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने प्रधानमंत्री मोदी को 'मित्र विभूषण सम्मान' का मेडल पहनाकर सम्मानत किया। सम्मान पाने के बाद पीएम मोदी ने कहा कि यह भारत के 140 करोड़ देशवासियों का सम्मान है।

शेष पेज 11 पर

### मित्र विभूषण सम्मान के मेडल में क्या है खास



श्रीलंका मित्र विभूषण सम्मान में एक चांदी का मेडल होता है, जिसमें बना धर्म चक्र बौद्ध विरासत का प्रतीक है। इस बौद्ध विरासत ने भारत और श्रीलंका की सांस्कृतिक परंपराओं को आकार दिया है। मेडल में बना पुन कलश (एक औपचारिक बर्तन) समृद्धि और नवीनीकरण का प्रतीक है। मेडल में बने नवरत्न दोनों देशों के बीच अमूल्य और स्थायी दोस्ती का प्रतिनिधित्व करते हैं। सूर्य और चंद्रमा प्राचीन अतीत से अनंत भविष्य तक फैले बंधन को दर्शाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मानित होने के बाद कहा कि 'श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके द्वारा श्रीलंका मित्र विभूषण पुरस्कार से सम्मानित होना मेरे लिए नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के लिए सम्मान की बात है। यह श्रीलंका और भारत के लोगों के बीच ऐतिहासिक संबंध और गहरी मित्रता को दशार्ता है और इसके लिए मैं राष्ट्रपति, श्रीलंका सरकार और यहां के लोगों को धन्यवाद देता हूं। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने कहा कि 'भारत और श्रीलंका के बीच बहुत गहरी दोस्ती है। हम ऐसे पड़ोसी हैं जिनके बीच गहरे ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक संबंध हैं और ये संबंध लंबे समय से चले आ रहे हैं। हमारे संबंध साझा मूल्यों, आपसी सम्मान और समान हितों पर आधारित हैं।

---

## छत्तीसगढ़ के 86 नक्सलियों ने तेलंगाना में किया आत्मसमर्पण

**जगदलपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित इलाके दंतेवाड़ा पहुंचे हुए हैं। वे आज बस्तर पंडुम महोत्सव 2025 में शाम ?लि हुए। इसी दौरान पड़ोसी राज्य तेलंगाना के कोत्तागुडम में छत्तीसगढ़ के 86 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। यह जानकारी भद्राद्रि कोठागुडेम जिला मल्टी जोन 1 के आईजी चंद्रशेखर रेड्डी ने दी। भद्राद्रि कोठागुडेम जिला मल्टी जोन 1 के आईजी चंद्रशेखर रेड्डी ने कोठागुडेम के हेमचंद्रपुरम पुलिस मुख्यालय में आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया को बताया कि छत्तीसगढ़ के 86 नक्सलियों ने भद्राद्री कोठागुडेम जिले और मुलुगु जिले की पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इन आत्मसमर्पित नक्सलियों में 66 पुरुष और 20 महिला नक्सली शामिल हैं। आईजी चंद्रशेखर रेड्डी ने बताया कि तेलंगाना सरकार के चलाए जा रहे ऑपरेशन चेयुथा कार्यक्रम के तहत इन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

---



### रामनवमी आज, पूजा के लिए तैयार रांची

रामनवमी महापर्व आज रविवार को मनाया जाएगा। महापर्व दो देखते हुए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सभी चौक चौराहों पर महावीरी झंडा लगाया गया है।

---

# उग्रवादियों ने की अंधाधुंध फायरिंग

**नवीन मेल संवाददाता**

### फायरिंग में एक मजदूर को लगी गोली

**लातेहार ।** जिला के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत हड़गड़वा गांव के पास पीएलएफआई के उग्रवादियों ने जमकर उत्पात मचाया. उग्रवादियों ने ईंट भट्ठा और क्रशर को निशाना बनाकर अंधाधुंध फायरिंग भी की। इस घटना में एक मजदूर को गोली लग गई. प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के शेष पेज 11 पर

दरअसल, शुक्रवार की देर रात हथियारबंद उग्रवादी ईंट भट्ठा के पास पहुंचे। उग्रवादियों ने अचानक अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी. गोलीबारी की घटना में एक मजदूर के कमर में गोली लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद उग्रवादी क्रशर के पास पहुंचे और वहां भी जमकर गोलियां चलाई। इस दौरान उग्रवादियों ने मजदूरों से मोबाइल छीन लिया। गोली चलाने के बाद उग्रवादी एक लिखित पर्चा घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गए. पर्चा पीएलएफआई संगठन और सूर्या कुजूर के नाम से है, जिसमें स्पष्ट तौर पर लिखा गया है कि संगठन से संपर्क करने के बाद ही कोई काम करें।

---

**इंडिया**

# कब आएगा और कैसा होगा आदर्श राजनीति वाला रामराज्य



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

भारत और झारखंड में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का गहरा प्रभाव है और यहां की राजनीति भी इससे प्रभावित होती रही है जिसमें राम को काल्पनिक चरित्र तो घर-घर के आराध्य देव मानकर जन्म से लेकर अंतिम यात्रा में राम नाम सत्य है कहने की परंपरा है । सबसे घनी उरांव जनजातीय आबादी वाले प्राचीन गुमला जिले में पालकोट का पंपापुर पहाड़,365 तालाबों वाले आंजनधाम की गुफा,टांगीनाथ का सदियों पुराना बिना जंग लगा त्रिशूल,सिमडेगा( अब जिला) का रामरेखा धाम जैसे अनेक धार्मिक स्थल हैं जो जनश्रुति और आस्था के आधार पर प्रभु श्रीराम का गहरा संबंध जोड़ते हैं। आंजनधाम के वयोवृद्ध उरांव पुजारी जो 60 वर्षों से वहां पूजा कर रहे थे बताया था कि हनुमान उनके पूर्वज और बानरा गोत्र के थे जिनकी पूंछ कुछ ब्राह्मणों ने लगाकर उन्हें हनुमान बना दिया जबकि उरांव ही उनके साथ हमेशा रहे और उनके पीछे-पीछे स्नेहवश अयोध्या तक आ गए जिस कारण उन लोगों के पूर्वजों को ओराम कहा जाने लगा जैसा टाइटल केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम का है जो सिमडेगा के समीपवर्ती राउरकेला के सांसद हैं । इन बातों का समाजशास्त्रीय या ऐतिहासिक अभी तक नहीं हुआ है पर झारखंड के उरांव यूपी और बिहार में मालतो,धांगर,या धनगर कई राज्यों में कहे जाते हैं और उरांव लगता भी है अंग्रेजों ने ओराम बोलने में असुविधा या उच्चारण के आधार पर अंग्रेजी में जो लिखा उससे नया शब्द बन गया । झारखंड के सभी लोग रामनवमी में बढ़-चढ़कर भाग लेते रहे हैं पर विगत के कुछ वर्षों में उरांव समुदाय को कुछ लोग बरगला कर कुछ राजनीतिक पार्टियों से जुड़े लोग भविष्य के झगड़े का बीजारोपन कर रहे हैं जबकि दूसरी ओर अपने को श्रेष्ठ बताने वाले कुछ हिंदू अब सनातनी झंडे के नीचे भाईचारे की धारा मजबूत कर रहे हैं । यहां धर्म परिवर्तन भी एक बड़ा मुद्दा बनता है सवाल है कि कहीं सनातनी समुदाय के श्रेष्ठता बोध और कमजोर वर्गों को उनके हाल पर छोड़ देने के कारण तो ऐसा नहीं हुआ ? धर्म की राजनीति से आगे चलकर प्रसिद्ध फोटो जर्नलिस्ट कुलदीप सिंह दीपक के सौजन्य से उपलब्ध रांची में रामनवमी के इतिहास की दो तस्वीरों की चर्चा करते हैं प्रसिद्ध लेखक डॉ श्रवण कुमार गोस्वामी ने अपनी पुस्तक रांची तब और अब में लिखा है कि 17 अप्रैल 1929 में पहली बार रामनवमी के अवसर पर एक छोटी शोभायात्रा कृष्णलाल साहू, रामपदारथ वर्मा, राम बड़ाइक राम, नन्हकू राम, जगदीश नारायण शर्मा, लक्ष्मण राम मोची, जगन्नाथ साहू, गुलाब नारायण तिवारी आदि प्रमुख थे। तब से रामनवमी के अवसर पर यह शोभायात्रा, 1964 को छोड़कर, नियमित रूप से निकाली जा रही है। सभी अखाड़ों के झंडे निवारणपुर स्थित तपोवन मंदिर के सामने वाले मैदान में पहुंचते थे। आज भी यहीं पहुंचते हैं और जहां महावीर मंदिर अपर बाजार से विशाल झंडे की पूजा होती है और इसका समापन होता है। राममय झारखंड के बीच कुछ बातें अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पीएम मोदी ने रामराज्य की चर्चा की जिसे राजनीति यानी राज चलाने की आदर्श नीति माना जाता है । रामराज्य की स्थापना का अर्थ है राजनीति के आदर्श की स्थापना। भारतीय संविधान में भी विविधता होने पर भी विसंगतियां मिलती रहीं हैं और संविधान संशोधन भी होते रहे हैं। श्रीराम की मर्यादा का अर्थ है कर्त्तव्य का सर्वोपरि यानी अधिकार, उत्तरदायित्वपूर्ण अधिकार स्वतः प्राप्त हो जाता है। एक ऐसी राज व्यवस्था जहां न कोई दुखी हो और न ही अभावों से ग्रस्त हो। जहां सभी भय मुक्त हों और शांति हो। जहां का शासन सभी के लिए मंगलकारी हो। राम इसीलिए मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए, क्योंकि उन्होंने हर हाल में मर्यादा की रक्षा की और स्थापित किया कि सत्यनिष्ठ, कर्मनिष्ठ और धर्मनिष्ठ आचरण ही मर्यादा है तथा उससे सभी बंधे हैं। वह हर रूप में मर्यादा के प्रतीक हैं।राम के राज्य में राजनीति स्वार्थ से प्रेरित ना होकर प्रजा की भलाई के लिए थी। इसमें अधिनायकवाद की छाया मात्र भी नहीं थी। राम का राज्य मानव कल्याण के आदर्शों से युक्त एक ऐसा राज्य था जिसमें निस्वार्थभाव से प्रजा की सेवा निष्पक्ष आदर्श न्याय व्यवस्था सुखी तथा समृद्ध सामाजिक व्यवस्था पाई जाती थी। भेदभाव से परे राम कहते हैं-यदि अनुमति हो तो कुछ कहूं और यदि मेरे कहे में कुछ अनुचित देखें तो मुझे टोक दें, मैं सुधार कर लूंगा। वह अपने राज्य में रहने वाले किसी भी व्यक्ति की राय के आधार पर फैसला लेने में हिचकते नहीं। श्रीराम का पूरा जीवन चरित ऐसी मर्यादाओं, कर्तव्य पालन और सभी के अधिकारों के प्रति सम्मान का पर्याय है। मानव सभ्यता के संपूर्ण लिखित-अलिखित शास्त्रों में श्रीराम जैसा व्यक्तित्व और चरित्र का दूसरा उदाहरण उपलब्ध नहीं है।राम को धर्म का विग्रह कहा गया है, 'रामो विग्रहवान् धर्मः'. एक व्यापक अर्थ में राम का चरित धर्म मार्ग की चुनौतियों और उसके विचलन से उठने की मुश्किलों अर्थात जीवन के आधारों की मर्यादा स्थापित करने की राह में आने वाले प्रश्नों से रूबरू कराता है। गांव के अनपढ़ से शिक्षित के बीच एक आशा जगी है पर आज के दौर में जब रावणी प्रवृति अधिक हो रामराज्य थोड़ा कठिन है पर असंभव नहीं ।



1975 की झांकी तत्कालीन अध्यक्ष थे स्वर्गीय जगदीश नारायण शर्मा एवं स्वर्गीय ताराचंद अरोड़ा। **छाया : कुलदीप सिंह दीपक**



रामनवमी की पहली शोभा यात्रा जो 1929 में कपड़ा पट्टी गांधी चौक से निकाली गई थी।

---

# विष्णुगढ़ बीडीओ के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश पारित

- भीखन रविदास ने कानूनी रास्ता अपनाकर अपनी समस्या को दर्ज कराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिला के विष्णुगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार के खिलाफ हजारीबाग सिविल कोर्ट के ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास विक्रांत रंजन की अदालत ने प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश पारित किया है। यह आदेश कोर्ट में दायर परिवादवाद (कंप्लेन केस) संख्या 2968/2024 में आया है। कोर्ट ने परिवादवाद की सुनवाई करते हुए विष्णुगढ़ पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। अधिवक्ता पवन कुमार यादव के माध्यम से भीखन रविदास ने कंप्लेन केस दर्ज किया था। परिवादवाद में यह कहा गया है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने 5 सितंबर 2024 को अलपीटो पंचायत में आपका सरकार आपका द्वार कार्यकम चल रहा था। जिसमें मनरेगा मजदूरों के दिन प्रति दिन परेशानी देखते हुऐ परिवादी भीखन रविदास पंचायत समिति सदस्य के प्रतिनिधी होने के नाते अपने साथ वार्ड सदष्य रमेश पंडित एवं अन्य मनरेगा मजदूरों को लेकर आपका सरकार आपका द्वार, कार्यक्रम में उपस्थित विष्णुगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार को रोजगार मांगने गये थे।कार्यक्रम में उपस्थित विष्णुगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने परिवादी एंव जन प्रतिनिधियों तथा अलपीटो पंचायत के जनता और मजदूरों के साथ गाली-गलौज करके धक्का-मुक्की कर दिये और गाली व जातिसूचक अपशब्द बोलते हुए कहा कि तुमलोग को रोजगार देंगे, तुमलोग को भूखे मार देंगे, तुमलोग मनरेगा कार्य में आश्रित हो ना। हम एक भी काम नहीं होने देंगे, तब जाओगे दूसरे राज्य में काम करने तो वहां से भी गिर मर कर घर आओगे। इसके बाद अखिलेश कुमार ने विष्णुगढ़ थाना प्रभारी को फोन कर के पुलिस बल मंगा लिया और पुलिस बल से मारपीट करवाकर परिवादी एवं जन प्रतिनिधियों को जख्मी कर दिया और परिवादी, प्रतिनिधियों, मजदूरों और ग्रामीण जनता को भगा दिया।

## डकैती के आरोपी को नहीं मिली जमानत



**रांची।** सड़क डकैती के 12 साल पुराने मामले में पिछले सात साल से फरार आरोपी जकारिया एक्का को तमाड़ पुलिस ने 27 फरवरी 2025 को गिरफ्तार किया था। अदालत आरोपी को फरार घोषित कर चुका था। अदालत ने दिसंबर 2017 को फरार घोषित करते हुए सुनवाई बंद कर दी थी। मामले के अन्य आरोपी भी फरार चल रहा है। गिरफ्तार के बाद जेल में बंद आरोपी जकारिया एक्का ने जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की थी। याचिका पर सिविल कोर्ट रांची के अपर न्यायायुक्त 18 की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई पश्चात अदालत ने आरोपी की फरारी की स्थिति को देखते हुए जमानत देने से इनकार कर दिया है। वह जमानत पर रहते हुए अगस्त 2017 से ही कोर्ट में हाजिरी नहीं दे रहा था। आरोपी तमाड़ के बासुकोचा जारगो गांव निवासी है। उस पर सड़क डकैती के आरोप में 11 अप्रैल 2013 को तमाड़ थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले के अन्य चार आरोपी अब भी फरार चल रहा है। आरोप है कि आरोपियों ने ट्रक चालक को गंभीर रूप से जख्मी करके उससे 30 हजार रुपए लूट लिया था। घटना को लेकर ट्रक चालक ने तमाड़ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### ऑटो चालकों ने लगाया आरोप, कहा

# राजधानी की सड़कों पर महीने होती है 14 करोड़ रुपए की अवैध वसूली

- *चालकों ने कहा– लिया जाता गुंडा टैक्स और नाम है ऑटो स्टैंड टैक्स*
- *सवाल पूछने पर की जाती है मारपीट और मिलती है धमकी*
- *लिखा न पढ़ी नगर निगम जो कहे वही सही*

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** राजधानी की सड़कों में प्रतिदिन डीजल व सीएनजी के 20 हजार और ई-रिक्शा 8000 चलते हैं। लेकिन ये ऑटो चालक प्रतिदिन डर और खौफ के साये में रहते हैं। राजधानी की सड़कों में गाड़ी चलाने के लिए इन्हें प्रतिदिन 200 से 250 रुपए टैक्स देना पड़ता है। मतलब महीने का कम से कम 6000 रुपए टोकन के पैसे देने होते हैं।

टोकन काटने वाले कुछ एजेंटों द्वारा बताया जाता है कि निगम से ऑटो स्टैंड का टेंडर हुआ है, इसलिए स्टैंड शुल्क लिया जा रहा है। ये टैक्स रातू रोड में तीन जगह, अरगोड़ा में दो जगह अरगोड़ा चौक और पुंदाग रोड, चडरी और अन्य इलाकों में वसूल किए जाते हैं। ऑटो या ई रिक्शा चालकों के द्वारा पूछे जाने पर कि किस बात का टोकन काटा जा रहा है, या टोकन का पैसा नहीं लेने का आग्रह करने पर इनलोगों के साथ मारपीट, जोर जबरदस्ती की जाती है। वहीं गाड़ी से चाभी एजेंटो के द्वारा निकाल लिया जाता है, बहुत बार तो धमकी भी दी जाती है।

'राष्ट्रीय नवीन मेल' के संवाददाता ने इस संबंध में जांच-पड़ताल किया। इस दौरान कुछ लोगों से बातचीत भी की गई।



### ऑटो स्टैंड के नाम पर होती है अवैध वसूली : कमींदर

ऑटो चालक कमींदर यादव कहा कि राजधानी में कहीं भी ऑटो व ई- रिक्शा का स्टैंड नहीं है। स्टैंड में बुनियादी सुविधाओं पीने के पानी, शौचालय, घूप-ठंड से बचाव के लिए शेड की व्यवस्था रहती है। ऐसी व्यवस्था कहीं नहीं है तो टैक्स किस बात का। वहीं एजेंटों को पैसा नहीं देने पर मारपीट की जाती है और धमकी दी जाती है। छह से सात हजार रुपए महीने का टोकन में चला जाता है।



### मुझसे पैसे नहीं लिए जाते हैं : छोटी देवी

ई-रिक्शा चालक छोटी देवी ने कहा कि पुरूष ऑटो चालकों से पैसा लिया जाता है। मुझसे नहीं लिया जाता है। शायद महिला कह कर नहीं लेते हैं लेकिन आईटीआई बस स्टैंड के बाहर 25 रुपए टैक्स के रूप में टोकन का पैसा देना ही पड़ता है।



### प्रतिदिन 200 से 250 रुपए टैक्स लग जाता है : सूरज

ऑटो चालक सूरज कुमार बताते हैं कि दिन भर में 200 से 250 रुपए तक का टैक्स लग जाता है। टोकन का पैसा देना ही होता है। इनसे दुश्मनी कौन मोल ले। टोकन का पैसा नहीं देने पर मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। रातू रोड में पहले 35 रुपए फरवरी तक लिए जाते थे अब 40 रुपए देने पड़ते हैं।



### ऑटो स्टैंड में बुनियादी सुविधाओं का है आभाव : दिनेश सोनी

ऑटो चालक यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने कहा कि नगर निगम ने बताया है कि जहां नगर निगम के बोर्ड ऑटो स्टैंड का लगा है वह ऑटो स्टैंड है। दो स्थानों पर अरगोड़ा और किशोरी यादव चौक में ऑटो स्टैंड का टेंडर हुआ है, लेकिन स्टैंड में बुनियादी सुविधाएं नहीं है। श्री सोनी कहते हैं कि दो स्थानों को छोड़कर स्टैंड के नाम पर लिए गए पैसे की अवैध वसूली होती है। टेंडर स्टैंड में भी पांच रुपए बढ़ाकर लिए जाते हैं क्योंकि प्रति ऑटो पुलिस प्रशासन को पांच रुपए जाते हैं। उन्होंने कहा कि राजधानी में सात से आठ हजार ई रिक्शा, सीएनजी ऑटो 15 से 16 हजार, डीजल ऑटो तीन से चार हजार चलता है। प्रत्येक ऑटो चालकों को प्रतिदिन 150 से 200 रुपए ऑटो स्टैंड टेंडर के नाम पर देने पड़ते हैं।

## राज्यपाल ने शहीद रघुनाथ महतो को दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष गंगवार ने लोआडीह जाकर पुण्य तिथि पर शहीद रघुनाथ महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। शहीद रघुनाथ महतो स्मृति न्यास समिति, लोआडीह के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने शहीद रघुनाथ महतो के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा कर लोगों से उनका अनुसरण करने की अपील की। शहीद रघुनाथ महतो को भारत के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी एवं चुआड़ विद्रोह के महानायक के रूप में हम सब उन्हें याद करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शहीद रघुनाथ महतो स्मृति न्यास समिति, लोआडीह की अध्यक्ष कौशल्या देवी ने कहा कि शहीद रघुनाथ महतो बचपन से ही निर्भीक व विद्रोही स्वभाव के थे। गुलाम अन्याय व अत्याचार के प्रबल विरोधी थे। अंग्रेजों के जमाने में जल, जंगल व जमीन हड़पने के साथ-साथ अन्याय व अत्याचार जब चरम पर था तो इसका पहला विरोध व विद्रोह झारखंड की धरती पर शहीद रघुनाथ महतो ने 1769 ईस्वी में किया था। इस 247 वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम में रामटहल चौधरी, शैलेंद्र महतो, केशव महतो कमलेश, डॉ. लंबोदर महतो, राजेश कच्छप, अमित महतो, राजा राम महतो, शीतल ओहदार एवं रणधीर चौधरी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धाजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

## रामनवमी पर रांची जिला में ड्राई डे घोषित

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के संयुक्तादेश एवं विभागीय अधिसूचना के आलोक में रामनवमी पर रांची जिला में ड्राई डे (शुष्क दिवस) घोषित किया गया है। उपायुक्त ने शुष्क दिवस को रांची जिला की सभी प्रकार की खुदरा उत्पाद दुकानें, बार एवं क्लब सहित थोक बिक्री परिसर, सभी देशी/ विदेशी शराब की विनिर्माणशाला तथा सभी प्रकार की उत्पाद अनुज्ञप्ति परिसर बन्द रखने का आदेश दिया गया है। उपायुक्त ने ड्राई डे पर किसी भी प्रकार से शराब की बिक्री एवं आपूर्ति पर प्रतिबंध से सभी अनुज्ञाधारियों को अवगत कराने एवं बंदी आदेश का सख्ती से अनुपालन का आदेश दिया गया है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में खुदरा दुकानों को सीलबंद करने के साथ कडी निगरानी एवं सतर्कता रखते हुए सघन गश्ती एवं छापामारी कर अवैध शराब बिक्री पर रोक सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं।

## रामनवमी और भाजपा स्थापना दिवस एक साथ मनाएंगे कार्यकर्ता : डॉ रविंद्र कुमार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** यह सुखद संयोग है कि इस वर्ष भाजपा का 46 वां स्थापना दिवस और रामनवमी 6अप्रैल को है। भाजपा कार्यकर्ता दोनों उत्सव को धूमधाम से मनाएंगे। उक्त बातें भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय सरिया में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कही। डॉ राय ने कहा कि श्री राम भारत की आत्मा हैं और भाजपा उस सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की विचारधारा को मजबूत कर रही। अंत्योदय का विचार राम के आदर्शों, रामकाज को आगे बढ़ाने वाला है। कहा कि भाजपा ने देश को नई दिशा दी है। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी एवं नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में ऐसे कार्य हुए, ऐसे लोककल्याणकारी निर्णय हुए जो आजाद भारत में पहले नहीं हुए थे। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस के अवसर पर अपनी पंच निष्ठा ,और अंत्योदय के विचारों को जन जन तक पहुंचाएं और जो अभी तक भाजपा से नहीं जुड़े हैं उन्हें जोड़ें भी। डॉ राय ने 6 से 13 अप्रैल तक पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। कहा कि 6 अप्रैल को पार्टी कार्यालय में एवं घरों पर कार्यकर्ता पार्टी का ध्वज लगाएंगे। कहा कि 7से 12 अप्रैल तक मंडल, वार्ड, पंचायत जिला, प्रदेश के पदाधिकारियों द्वारा गांव/बस्ती चलो अभियान चलाए जाएंगे। कहा कि अभियान के दौरान स्वच्छता कार्यक्रम, मंदिरों, जलाशयों, स्कूलों जैसे सार्वजनिक स्थलों पर चलाए जाएंगे। कार्यकर्ता स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र अस्पताल का दौरा कर स्थितियों का जायजा लेंगे। गांव मोहल्लों में यात्रा निकालकर संध्या में चौपाल भी लगाएंगे ,मोदी सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा करेंगे। कहा कि आपातकाल, मिसा बंदी,कारसेवकों को सम्मानित करने भी कार्यक्रम किया जाएगा। प्रदेश स्तर पर बनी कमिटी जिसमे प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक अशोक भगत, प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह और कार्यसमिति सदस्य अमित कुमार शामिल हैं।

### शहीद रघुनाथ महतो के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह, बोले सुदेश महतो

## छोटानागपुर में विद्रोह का पहला बिगुल फूंका था रघुनाथ महतो ने

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि चुआड़ विद्रोह छोटानागपुर क्षेत्र का पहला विद्रोह था, जिसके नायक शहीद रघुनाथ महतो ने विद्रोह का पहला बिगुल फूंका था और अंग्रेजों की नाक में दम कर दिया था। इस विद्रोह में कुड़मी के साथ साथ संथाल, भूमिज, बाउरी तथा अन्य जातियों को भी रघुनाथ महतो ने गोलबंद किया था। आजादी की लड़ाई में रघुनाथ महतो का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वीर शहीद रघुनाथ महतो के शौर्य गाथा को जन-जन तक पहुंचाना एवं उनके परिचय को बड़े दायरे में स्थापित करना हमारी प्राथमिकता है। सुदेश महतो ने सिल्ली क्षेत्र के बुढ़ाम में शहीद रघुनाथ महतो को बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह में उक्त बातें कहीं। उन्होंने ग्रामीणों के साथ शहीद की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, सिल्ली प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, प्रो.श्रीकांत महतो, वैज्ञानिक रतन महतो, त्रिलोचन महतो, सुभाष महतो, शिव शंकर प्रसाद, जगदीश महतो, डब्लू महली, गयाराम महतो, परशुराम महतो, बीरबल महतो, मंजू देवी, भारती देवी, रवींद्र करमाली, भरत साई, हेमंत नायक, नीतीश महतो, सुरेश मुंडा, शिशुपाल महतो, भगवानदास महतो, श्रीधर महतो, सुनील गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

## रांची जिले में 431393 महिलाओं को मिला मंईयां सम्मान योजना का लाभ

- *सभी लाभुकों के खाते में जनवरी, फरवरी एवं मार्च महीने की सम्मान राशि स्थानांतरित की गई*
- *308282 लाभुकों को आधार बेस्ड व 123111 लाभुकों को बैंक अकाउंट बेस्ड खाते में स्थानांतरित की गई सम्मान राशि*
- *अप्रैल महीने से आधार लिंक्ड बैंक खाते में भुगतान की जाएगी*




### साइबर अपराधियों के चंगुल में न फंसें लाभुक, रहें सर्तक : उपायुक्त



उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री एक बार फिर से योजना के सभी लाभुकों को भी साइबर अपराधियों से सतर्क रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि अपने बैंक डिटेल एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज साझा करने के दौरान पूरी सावधानी बरतें, साइबर अपराधियों के चंगुल में न आएं।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला की 431393 (चार लाख 31 हजार 393) महिलाओं को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना अंतर्गत लाभान्वित हुई हैं। इनमें 308282 लाभुकों को आधार बेस्ड एवं 123111 लाभुकों को बैंक अकाउंट बेस्ड उनके बैंक खाते में सम्मान राशि स्थानांतरित की गई है।

योजना अंतर्गत जिला के सभी 431393 लाभुकों के खाते में जनवरी, फरवरी एवं मार्च महीने की एकमुश्त 7500 रुपए सम्मान राशि बैंक खाते में स्थानांतरित की गई। होली से पहले 308282 लाभुकों को आधार बेस्ड योजना की सौगात दी गई थी। इसके बाद 123111 लाभुकों को बैंक अकाउंट बेस्ड उनके बैंक खाते में सम्मान राशि ट्रांसफर की गई है।

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना अंतर्गत अप्रैल 2025 से लाभुकों आधार लिंक्ड बैंक खाते में पेमेंट किया जाएगा। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री द्वारा जिला के सभी लाभुकों को अपना आधार बैंक से लिंक कराने का निर्देश दिया गया है, ताकि उन्हें योजना का लाभ निरंतर मिलता रहे। साथ ही उन्होंने जिला के सभी बीडीओ-सीओ को सत्यापन फॉर्म उपलब्ध कराने और नियमानुसार सत्यापन कराने के निर्देश दिए हैं। शहरी क्षेत्र के अंचल अधिकारी को सीडीपीओ या समाज कल्याण शाखा से समन्वय स्थापित करते हुए सत्यापन फॉर्म उपलब्ध कराने और नियमानुसार सत्यापन कराने का निर्देश दिया गया है।

## साइबर सिक्योरिटी पर बीआईटी में हुई चर्चा




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा के इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग तथा इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग ने संयुक्त रूप से संस्थान के कैट हॉल में एसएपी लैब्स के बिजनेस इंफॉर्मेशन एंड सिक्योरिटी ऑफिसर, अरविंद गुप्ता द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया। स्पीकर सत्र साइबर सिक्योरिटी के विषय पर आयोजित किया गया था। कार्यशाला की शुरूआत इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विशाल एच. शाह द्वारा की गई।

मुख्य वक्ता को इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख डॉ. संजय कुमार और इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख डॉ. टी. घोष ने सम्मानित किया।

अरविंद गुप्ता ने साइबर सिक्योरिटी के विषय को विभिन्न दृष्टिकोणों से कवर किया, जिसमें डेटा ब्रीचिंग, वल्नरेबिलिटीज और साइबर अटैक्स जैसी प्रमुख अवधारणाओं को शामिल किया गया, तथा अपने व्यक्तिगत अनुभव भी साझा किए।

## न्यूज बॉक्स

### राज्यपाल से मिले मेजर जनरल



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शनिवार को मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर ने राज भवन में भेंट की।

### बाबूलाल ने मां कामाख्या देवी का दर्शन पूजन किया



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी शनिवार को गुवाहाटी में मां कामाख्या देवी के दर्शन पूजन किए। वहीं कहा कि यह मेरा सौभाग्य है, इस प्राचीन और पावन शक्ति पीठ में पहुंचकर मन को गहरी आध्यात्मिक शांति और अद्भुत ऊर्जा की अनुभूति हुई। माता रानी से सबके सुख, शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना करता हूं। मंदिर परिसर में असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य से भी औपचारिक भेंट हुआ।

### महायज्ञ में शामिल हुए बाबूलाल



**रांची।** बाबूलाल मरांडी ने गुवाहाटी स्थित सांगानेरिया धर्मशाला में देश के वरिष्ठ संत स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी के संरक्षण में देश के प्रगति, विश्वशांति और लोक कल्याण के ध्येय से आहुत श्री विद्या कोटि कुमकुमार्चन महायज्ञ में शामिल हुए। युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह के द्वारा आयोजित महायज्ञ में असम और देश भर से आए लोगों के साथ संवाद भी किया।

### मधु कोड़ा की मां को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह शनिवार को चाईबासा स्थित पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के आवास पहुंचे। मधु कोड़ा के स्व माताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर पूर्व सांसद एवं प्रदेश प्रवक्ता गीता कोड़ा भी उपस्थित थीं।

### श्री राधा कृष्ण मंदिर में रामनवमी पर होगी विशेष पूजा-अर्चना



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर पुंदाग में रविवार को महापर्व रामनवमी पर विशेष पूजा-अर्चना, भजन- कीर्तन सत्संग, महाप्रसाद एवं महाआरती का आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर में दोपहर 12:30 बजे से 201 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा महाप्रसाद केसरिया मेवायुक्त खीर का वितरण किया जाएगा। अपराह्न 12 बजे से 2 बजे तक भजन- संकीर्तन का संगीतमय कार्यक्रम होगा। तत्पश्चात सामूहिक महाआरती की जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने सभी श्रद्धालुओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

### शव लेने के लिए एक मां को जमीन बेचने की नौबत : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक असहाय मां को अपने बेटे का शव अस्पताल से लेने के लिए अपनी जमीन बेचनी पड़ी, यह घटना हेमंत सरकार के मुंह पर तमाचा है। कहा कि सड़क हादसे में घायल बेटे का इलाज कराने के लिए मां ने हर संभव कोशिश की। अस्पताल ने 40 हजार रुपए का बिल थमा दिया, और जब पैसे नहीं दिए गए, तो शव सौंपने से इंकार कर दिया। कहा कि मजबूरी में उस मां ने अपनी वो जमीन बेच दी, जो शायद उसकी ज़िंदगी की आखिरी पूंजी थी। सरकार अस्पताल प्रबंधन पर कड़ी कार्रवाई करे।

### रामनवमी का जुलूस शांतिपूर्वक निकले : प्रतुल शाहदेव



**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि रामनवमी जुलूस में किसी प्रकार का खलल न हो, यह राज्य सरकार सुनिश्चित करे। प्रतुल ने कहा पूरे झारखंड में धूमधाम से लाखों की संख्या में सनातनी सड़कों पर उतरकर रामनवमी का जुलूस निकालते हैं। प्रतुल ने कहा कि प्रशासन को सेंसिटिव इलाकों में विशेष नजर रखनी चाहिए। सिर्फ औपचारिकता के लिए थाने स्तर पर शांति समिति की बैठक और फ्लैग मार्च निकालने से नहीं होगा। प्रो एक्टिव पुलिसिंग की जरूरत है। प्रतुल ने कहा जिन असामाजिक तत्वों से सांप्रदायिक सौहार्द के बिगड़ने का डर हो उन पर कड़ी नजर रखी जाए।

### जेएफसी तमाड़ व एफसी परासी हुआ ड्रा

**तमाड़।** पीपीएसए द्वारा आयोजित पांच परगना क्षेत्र का बहुचर्चित फुटबॉल लीग ग्रुप ए का बारहवां मैच जेएफसी तमाड़ और एफसी परासी के बीच जी इ एल चर्च आमलेशा मैदान मे खेला गया। मुकाबले में हाफ टाइम तक दोनों टीमें गोल नहीं कर पाएं। उसके बाद दोनों टीमो ने जबरजस्त खेल का प्रदर्शन कर एक दूसरे पर प्रहार कर स्कोर कों आगे बढ़ाने का प्रयास किया।



# रामनवमी आज, तपोवन मंदिर में होगा झंडा पूजन

**काजल मेहता रांची।** रामनवमी के लिए राजधानी तैयार है। पूरी राजधानी रामनवमी के पताकों से सजी है। आज रामनवमी की झांकियां निकाली जाएगी जिसके लिए समितियों और पूजा मंडलों के साथ साथ प्रशासन ने भी अपनी पूरी तैयारी कर ली है। राजधानी की एतिहासिक तपोवन मंदिर में भी तैयारी पूरी कर ली गई है।



● 1929 में पहली बार महावीर मंडल ने निकाला था झंडा, आज भी उस झंडे के साथ निकलती है झांकी

## सभी झांकियां झंडा पूजन के लिए पहुंचती है तपोवन मंदिर

तपोवन मंदिर में वर्ष 1929 से राम जन्म उत्सव होता आ रहा है। तपोवन मंदिर के महात्मा ओमप्रकाश शरण ने बताया कि तपोवन मंदिर में पिछले 1929 से रामनवमी का जुलूस निकल रहा है अगले 4 सालों के बाद 100 साल पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा शुरूआत में ज्यादा से ज्यादा 10 लोग शामिल होते थे शोभयात्रा में जिसकी तुलना में अब शोभायात्रा में हजारों लोग शामिल होते हैं। वहीं भक्त अपने घरों में भी रामनवमी पताका लगाने से पहले तपोवन मंदिर झंडा पूजन के लिए जाते हैं। जिसमे लाखों लाख की भीड़ होती है। राजधानी के सभी अखाड़ेधारी तपोवन मंदिर आते हैं। वहीं महावीर मंडल का झंडा जो 1929 में पहली बार जुलूस में निकाला गया था उसी झंडे को तपोवन प्रांगण में लाया जाता है। एकमात्र यही झंडा है जिसकी पूजा तपोवन मंदिर के अंदर होती है। जिसके बाद सभी अखाड़े के झंडों की पूजा मंदिर के बाहर से होती है। उन्होंने कहा ऐसा मंदिर के अंदर व्यवस्था बनाये रखने के लिए किया जाता है। सभी अखाड़ों के झंडों की पूजा मंदिर के अंदर संभव नहीं है।



उन्होंने बताया शनिवार को महाष्टमी के दिन सभी देवताओं को फूलों का श्रृंगार किया गया। विशेष प्रसाद का वितरण भक्तों के बीच किया गया। आज रामनवमी की पूजा के दौरान मंदिर के 50 वॉलेंटियर तैनात होंगे। वहीं, जिला प्रशासन की सुरक्षा मिलेगी। महात्मा ने कहा आज पूजा के बाद भक्त जनों के लिए पूरी सबकी का भंडारा का योजन किया गया है। साथ ही शाम में चना गुड का वितरण किया जाएगा।

### 2028 तक मंदिर निर्माण कार्य पूरा होने की उम्मीद : ओमप्रकाश शरण

महात्मा ओमप्रकाश शरण ने बताया कि आगामी 14 अप्रैल को मंदिर का शिलान्यास कार्यक्रम होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मंदिर में विराजमान देवी देवता की स्थापना अस्थाई है। 2028 तक मंदिर बन कर तैयार हो जाएगा। वर्ष 2029 में राजधानी रांची की रामनवमी को 100 साल पूरे हो जाएंगे। इन चार सालों में मंदिर को पूरा करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि मकराना से मंगाए गए सफेद मार्बल से मंदिर निर्माण किया जा रहा। सभी देवताओं के मंदिर को बनाने में लगभग 100 करोड़ का खर्च हो रहा। वहीं, महात्मा ने बताया इंजीनियर के मुताबिक पूरा मंदिर बनाने में 500 करोड़ की लागत होगी। मंदिर में रसोई, साधु संत के लिए व्यवस्था, भक्तों के आवागमन के लिए व्यवस्था के इन्तेजाम किये जायेंगे।



### संकट मोचन मंदिर महावीर चौक से निकलेगी विशाल शोभायात्रा



संकट मोचन मंदिर के पंडित विश्वामित्र तिवारी ने बताया फूलों से मंदिर को सजाया गया है। उन्होंने कहा संकट मोचन मंदिर की अलग विशेषता इसलिए भी है क्योंकि जितनी भी झाकियां है सभी अल्बर्ट एक्का से होते हुए श्री संकट मोचन मंदिर से होकर तपोवन मंदिर की ओर बढ़ते हैं। जहां महावीर मंडल के सभी लोग मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा 1929 में पहले बार राजधानी रांची के महावीर चौक से जिस झंडे के साथ झांकी निकाली गई थी। आज भी उस झंडे को लेकर भक्त शोभायात्रा में निकलते हैं और तपोवन मंदिर जाते हैं। पंडित विश्वामित्र ने कहा महामंडलेश्वर श्री सूर्य नारायण दास त्यागी जी महाराज के सानिध्य में प्रति वर्ष पूजा की जाती है।

### वाल्मीकि समाज जागरण के साथ निकलेगी झांकी

श्री महावीर मंडल वाल्मीकि समिति अध्यक्ष गोविंदा बाल्मीकि ने बताया शनिवार को महाष्मी के मौके पर सुंदरकांड और भंडारा का आयोजन किया गया था। वहीं, रविवार को जागरण के साथ झांकी निकाली जाएगी. उन्होंने कहा झांकी में उत्तर प्रदेश के कानपुर के कलाकारों के द्वारा अघोरियों का दृश्य दिखाया जाएगा। पूरे आयोजन में डेढ़ लाख का खर्च होगा। सुरक्षा के मद्देनजर 50 से ऊपर वॉलेंटियर होंगे। वहीं प्रशासन का सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा 2000 से अधिक भक्त शामिल होंगे।

### रामनवमी पर राजधानी में सुरक्षा के सख्त इंतजाम

# 20 ड्रोन व 400 सीसीटीवी से होगी निगरानी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रामनवमी को लेकर राजधानी रांची के शहरी और ग्रामीण इलाकों में शनिवार से ही सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने हाई अलर्ट जारी किया है। 12 डीएसपी, 40 इंस्पेक्टर, 300 दारोगा और 3500 जवानों को विभिन्न इलाकों में तैनात किया गया है। पुलिस ने शहर के 20 थाना क्षेत्रों में ड्रोन से निगरानी की व्यवस्था की है। प्रत्येक थाना प्रभारी को ड्रोन मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डोरंडा, मेन रोड, कांके, नगड़ी, रातू, पिठौरिया, बुढ़मू, मांडर और बरियातू जैसे संवेदनशील इलाकों में 25 से ज्यादा प्वाइंट चिन्हित किए गए हैं, जहां जवानों को 24 घंटे सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

भड़काऊ गानों पर सख्त प्रतिबंध लगाया गया है और धार्मिक जुलूसों में शांति बनाए रखने की अपील की गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए सीआरपीएफ की दो कंपनियों को तैनात किया गया है। इसके अलावा 40 जगहों पर क्यूआरटी (क्विक रिस्पॉन्स टीम) को मुस्तैद रखा गया है, जिनका जरूरत पड़ने पर तुरंत इस्तेमाल होगा।राजधानी में 400 से ज्यादा जगहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। कंट्रोल रूम में तीन शिफ्ट में पुलिसकर्मी लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। कहीं भी कोई संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत संबंधित थाने को सूचित किया जा रहा है। रामनवमी जुलूस और मंदिरों की व्यवस्था को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने निरीक्षण किया। उन्होंने हेहल मंडप टोली मंदिर, दक्षिणमुखी बजरंगबली मंदिर, पिस्का मोड़, पंडरा महावीर मंदिर और निवारणपुर स्थित तपोवन मंदिर का दौरा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## रामनवमी को लेकर रांची पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**रांची।** रामनवमी को लेकर राजधानी रांची में शनिवार की शाम रांची एसपी राजकुमार मेहता, एसडीएम उत्कर्ष कुमार, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, सिटी डीएसपी रमण कुमार, सहित डेली मार्केट थाना प्रभारी, कोतवाली थाना प्रभारी और हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी और पुलिस बल शामिल रही। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने फ्लैग मार्च के दौरान कहा राजधानी के चप्पे चप्पे में पुलिस बल तैनात रहेगी। वहीं, एसडीएम उत्कर्ष कुमार ने कहा राजधानी के हर इलाके में ड्रोन से नजर रखी जाएगी। वहीं, सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह से बचने की हिदायत दी।



● सिटी एसपी और एसडीएम सहित डीएसपी और थाना प्रभारी रहे मौजूद

## रांची पुलिस की अपील रामनवमी पर्व शांति और भाईचारे के साथ मनाएं

**रांची।** पुलिस ने रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के लिए शहरवासियों से अपील की है। पुलिस ने पोस्टर जारी कर लोगों से आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द के साथ इस पर्व को मनाने का अनुरोध किया है। साथ ही, पुलिस ने सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

**पुलिस की अपील**

रामनवमी पर्व के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस ने शहरवासियों से सहयोग की अपील की है। पुलिस ने कहा है कि वह किसी भी तरह की गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं करेगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

**सुरक्षा के इंतजाम**

रामनवमी पर्व के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस ने ड्रोन और सीसीटीवी की मदद से निगरानी रखने का फैसला किया है। शहर के सभी संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

## अवासीय योगासन शिविर का हुआ समापन

**रांची।** झारखंड में पहली बार राष्ट्रीय स्तर की प्रशिक्षण शिविर का आयोजन नटराज योग संस्थान एवं रांची जिला योगासन खेल संघ द्वारा 15 दिवसीय अवासीय योगासन शिविर का आयोजन 20 मार्च से शुरू हुआ था जिसमें विभिन्न जिला एवं क्षेत्र के खिलाड़ी गण भाग लिए थे। जिसका समापन आज 5 अप्रैल को किया गया। साथ ही साथ कचहरी चौक में नटराज योग संस्थान का शुभारंभ भी किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला खेल पदाधिकारी श्री शिवेंद्र कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि के तौर पर रामानंद सागर द्वारा निर्मित रामायण सिरियरल में अंकपन की भूमिका निभाने वाले मुरारीलाल गुप्ता, डॉ. ऋतुराज कुमार परियोजना अधिकारी, रिलेशन के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, रांची जिला खेल संघ के सचिव डॉ.एस.के. घोसाल, लातेहार जिला योगासन संघ के सचिव एवं नटराज योग के संस्थापक सदस्य प्रशांत सिंह, रांची जिला खेल संघ के उपाध्यक्ष संतोषी साहू, नटराज योग संस्थान के संस्थापक सदस्य आदि उपस्थित रहे।






## प्राचीन देवी मंडप हेसाग में नव कन्या पूजन हुआ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

देवी मंडप हेसाग मंदिर के मुख्य संरक्षक दुर्गेश यादव ने कहा कि नवरात्र में विधिवत नव कन्या का पूजन किया गया, नवरात्र में कुमारी कन्या के पूजन से मातारानी प्रसन्न होती हैं एवं भक्तों को विशेष कृपा प्राप्त होती है, नवरात्र की पूजा में कुमारी कन्या के पूजन का विधान शास्त्रों में बताया गया है। श्रीमद्देवीभागवत के अनुसार, इस अवधि में कुमारी कन्या के पूजन से मातारानी प्रसन्न होती हैं। कुमारी कन्या के पूजन में 2 वर्ष से लेकर 9 वर्ष तक की कन्या के पूजन का विधान है। पूजा में संकुचित दृष्टिकोण नहीं रखना चाहिए। कुमारी पूजा के क्रम में श्रीमद्देवीभागवत के प्रथम खंड के तृतीय स्कंध में उल्लेखित है कि 2 वर्ष की कन्या 'कुमारी' कही गई है, जिसके पूजन से दुख-दरद्रता का नाश, शत्रुओं का क्षय और धन, आयु, एवं बल की वृद्धि होती है, इसी प्रकार 3 वर्ष की कन्या 'त्रिमर्ति' कही गयी है, जिसकी पूजा से धर्म,अर्थं, काम की पूर्ति, धन-धान्य का आगमन और पुत्र-पौत्र की वृद्धि होती है। जबकि 4 वर्ष की कन्या 'कल्याणी' होती है, जिसकी पूजा से विद्या, विजय, राज्य तथा सुख की प्राप्ति होती है। मौके पर सोनी सिन्हा, विमलेश सिंह, दुर्गेश यादव, कृष्णा, सुनीता देवी, बेबी देवी, श्रेया, काव्या, सुमन देवी, आकांक्षा सिंह, मनोज पांडे, गौतम गुप्ता, रोशन पांडे,आदेश पांडे, गौरव गुप्ता, कौलेश्वर कुमार, रामदेव सिन्हा समेत सभी माता रानी के भक्तजन उपस्थित रहे।



## मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा की कार्यकारिणी की बैठक हुई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा की पहली कार्यकारिणी बैठक हुई। नए सत्र ( 2025 - 26 ) की शुरूआत करते हुए शाखा की नव निर्वाचित अध्यक्ष पूजा अग्रवाल की अध्यक्षता में मारवाड़ी भवन में शाखा की पहली कार्यकारिणी बैठक रखी गई। बैठक में आगामी होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। शाखा अध्यक्ष ने सभी प्रभारी से कार्यभार संभालने का आग्रह किया। उसके बाद कोषाध्यक्ष रितु पोद्दार ने सभी सदस्यों से यति शीघ्र वार्षिक शुल्क देने का आग्रह किया ताकि राष्ट्र में सह समय शाखा का राष्ट्रीय शुल्क प्रेषित कि जा सके। सभी प्रभारी सदस्यों ने अपना प्रभार बताते हुए परिचय दिया। शाखा सचिव शुभा अग्रवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया एवं बैठक की समाप्ति की घोषणा शाखा अध्यक्ष द्वारा की गई। बैठक में शाखा के पूर्व अध्यक्ष और कार्यकारिणी टीम ने बढ़-चढ़कर का हिस्सा लिया।सभा में 25 से अधिक कार्यकारणी सदस्य उपस्थित थे। कार्यकारणी बैठक में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष विनिता सिंघानिया, सचिव शुभा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रितु पोद्दार, मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल, रंजू मालपानी, राधा ड्रोलिया, सोनम शर्मा, स्मिता अग्रवाल, कोमल पोद्दार, रश्मि राजगढ़िया, पूजा लाडिया, पिंकी शर्मा, वेदिका सिंघानिया, नेहा बगड़िया, पायल जैन, पूजा जैन, आशा संथालिया, दीपिका मोतीका, निकिता जालान, पूजा तोदी, कृष्णा अग्रवाल, सौम्या सामोता, रेखा राईका अन्य सदस्य मौजूद रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।



## एक नजर

### भयमुक्त होकर शांतिपूर्वक तरीके से रामनवमी पर्व मनाने की अपील

**तिसरी।** प्रखंड में प्रशासन के द्वारा शनिवार को फ्लैग मार्च निकाल कर लोगों से भयमुक्त होकर शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण तरीके से रामनवमी पर्व मनाने की अपील की गई। इस दौरान डीएसपी प्रमोद सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार , थाना प्रभारी रंजय कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर पास्कल टोप्पो के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च तिसरी थाना से निकलते हुए तिसरी चौक, चंदौरी, नैयाडीह, पलमरुआ, ककनी, सिंघो से वापस तिसरी पहुंचा। इस फ्लैग मार्च के दौरान चंदौरी में मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार दयाल द्वारा पुलिस मित्र का कार्ड भी पहनाया गया। इस बाबत थाना प्रभारी रंजय कुमार ने बताया कि फ्लैग मार्च निकालने का मुख्य उद्देश्य है कि लोग भय मुक्त होकर शांति पूर्वक पर्व को मनाएं।

### देवघर बनेगा हेल्थ सेक्टर का हब : इरफान अंसारी

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने देवघर जिले का दौरा कर कुंडा स्थित मेधा सेवा सदन अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। हाल ही में एक सड़क दुर्घटना में घायल कन्हैया नामक युवक की मौत के बाद अस्पताल द्वारा शव देने के बदले परिजनों से ?40,000 रूपए की मांग की खबर पर उन्होंने गंभीर संज्ञान लिया था। मंत्री ने मौके पर पहुंचकर इलाजरत मरीजों का हालचाल जाना और घटना की सत्यता जानने का प्रयास किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी अस्पताल को मृत शरीर के एवज में पैसे वसूलने का अधिकार नहीं है और इस प्रकार की लूट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मामले की गहन जांच के लिए तीन-सदस्यीय समिति का गठन किया गया है, जो आगामी दो दिनों में जांच रिपोर्ट सौंपेगी।

# मुरगू नदी पर नए पुल का ट्रायल परिचालन शुरू, लोगों को मिली राहत



**नवीन मेल संवाददाता। रातू** नेशनल हाईवे (ठ्ल 75) पर मुरगू नदी पर नए पुल का ट्रायल परिचालन शुक्रवार शाम 7:00 बजे से शुरू हो गया है, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिली है। हालांकि, यहां पूरी तरह से कंस्ट्रक्शन का कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है, लेकिन ट्रायल परिचालन शुरू होने से यात्रियों को सुविधा होगी।

### खूंटी में रामनवमी को लेकर भगवा पताकों से सजा शहर

**खूंटी ।** केंद्रीय रामनवमी महासमिति से लेकर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों की मंडलियां अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है. अयोध्या में 500 साल बाद भव्य राम मंदिर बनने के बाद से हिंदू संगठनों में उत्साह का भाव पहले की अपेक्षा अधिक देखा जा रहा है. इसका असर खूंटी शहरी क्षेत्र में देखा जा सकता है. यह पहला मौका है जब पूरा शहर महावीरी पताका व भगवान राम एवं हनुमान से संबंधित फ्लेक्स से पट गया है. खूंटी में 1939 से रामनवमी का त्योहार मनाया जा रहा है. लेकिन इस बार जैसा पहले कभी भी नगर की सजावट नहीं हुई है. खूंटी शहर के मिलन क्लब, राम सेवा समिति, यंग स्टार क्लब व क्रांतिकारी युवा मोर्चा के बीच नगर सज्जा को लेकर एक दूसरे से आगे निकलने की मानों होड़ मची हुई.

# बजरंग दल व विहिप ने निकाला जुलूस



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर** ब्रांबे मंदिर में पूजा अर्चना के बाद बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद (विहिप) का जुलूस बाजे-गाजे के साथ निकाला गया। इस जुलूस को भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने रवाना किया। जुलूस में शामिल लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा और धार्मिक प्रतीकों के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

## न्यूज | बॉक्स

### सिल्ली प्रखंड के बनता पंचायत भवन में डालसा का डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम



**सिल्ली।** झालसा के द्वारा  न्यायायुक्त के निर्देश पर सिल्ली प्रखण्ड के बनता पंचायत भवन में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया जागरूकता कार्यक्रम में पीएलवी शंकर महतो, कौशल्या देवी, ब्रजेश कुमार महतो, बंशीधर महतो, सुनील कुमार महतो, राजकुमार, पंकज कुमार महतो एवं बंशीधर घटवार उपस्थित थे। पीएलवी शंकर महतो ने बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में जानकारी दी। वही कौशल्या देवी ने ग्रामीणों को डालसा के तरफ से निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीकों के बारे में बताया। ब्रजेश कुमार महतो ने पीड़ित मुआवजा के बारे में विस्तृत से जानकारी दी। डायन बिसा के बारे में भी उन्होंने बताया, उन्होंने कहा कि डायन बिसाही के मामले में एक दूसरे की हत्या करना गलत है। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बंशीधर महतो, सुनील कुमार महतो एवं राजकुमार ने गरीब तबके के लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होनेवाले लाभ के बारे में जानकारी दी।

### मुड़मा में कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान शुरू



**मांडर।** के मुड़मा में कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान शुरू हुआ। इस अनुष्ठान का आयोजन स्थानीय लोगों द्वारा किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है, जिसमें कलश को सजाकर गांव या शहर में घुमाया जाता है। यह अनुष्ठान भगवान की पूजा और आराधना के लिए किया जाता है। आयोजित किए जाएंगे, जिनमें पूजा, हवन, और कीर्तन शामिल हैं। अनुष्ठान के दौरान श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति और सुख की प्राप्ति होगी। इस अनुष्ठान में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया है, जिन्होंने कलश यात्रा और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। अनुष्ठान के आयोजन में स्थानीय लोगों की भागीदारी से समुदाय की एकजुटता और धार्मिक भावना का प्रदर्शन हुआ है।

### विहिप बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने खलारी में निकाला भव्य रामनवमी शोभा यात्रा



**खलारी।** विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल कार्यकताओं ने खलारी में भव्य रामनवमी शोभा यात्रा निकाला। शोभा यात्रा विहिप बजरंग दल युवा नेता प्रताप यादव के नेतृत्व में निकाला गया। इससे पूर्व जुलूस में शामिल होने वाले कार्यकर्ता खलारी के पहाड़ी मंदिर परिसर में एकत्रित हुए। अतिथियों के रूप में जिप सदस्य सरस्वती देवी, भाजपा नेत्री सरोजिनी देवी, खलारी थाना प्रभारी पुनि जयदीप टोप्पो, मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी धनंजय बैठा, भाजपा नेता श्यामसुन्दर सिंह, अरविंद सिंह, भाजपा खलारी मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू, मंडल संयोजक रामसूरत यादव, सुशील अग्रवाल, शत्रुंजय सिंह, भूषण यादव आदि उपस्थित थे। कार्यकताओं व अतिथियों के बीच भगवा गमछा का वितरण किया गया। मंदिर में बजरंग बली का पूजन किया गया। इसके बाद जय श्री राम के जयकारा के साथ शोभायात्रा शुरू हुई। कार्यकर्ता हाथों, वाहनों में भगवा झंडा लगाए थे। बाइकों की दो कतार में शोभा यात्रा शुरू हुई। बाइक सवार सैंकड़ो रामभक्त हाथों में भगवा झंडा लिए जय श्रीराम, वीर हनुमान का जयकारा लगाते हुए शोभा यात्रा में चल रहे थे। शोभा यात्रा खलारी पहाड़ी मंदिर से शुरू होकर हुटाप मोड़ होते हुए मैकलुस्कीगंज, हेसालौंग, नावाडीह, करकट्टा बस्ती देवी मंदिर, खलारी बाजारटांड़, महावीरनगर होते हुए श्रीजानकीरमन मंदिर खलारी पहुंची।

### टाटा कैंसर हॉस्पिटल की मदद से ग्रामीणों का किया गया स्वास्थ्य जांच

# दुनिया में 74 प्रतिशत मौतों का कारण एनडीसी : डॉ गरिमा

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** गैर-संचारी रोग अर्थात एसीडी जिन्हें क्रॉनिक रोग भी कहा जाता है दुनिया में 74% मौतों का कारण बनता है। अनुवांशिक कमजोरी और पर्यावरणीय कारकों के संयोजन से एनसीडी का प्रादुर्भाव होता है। अस्वास्थ्यकर जीवनशैली, धुम्रपान तथा शराब का दुरुपयोग एनसीडी के कारण बनते हैं। ग्रामीण इलाकों में भी अब धीरे-धीरे एनसीडी पैर पसारने लगी है। उक्त बातें लापुंग प्रखंड के कालजे, परसा और बिरमकेल में आयोजित एनसीडी हेल्थ कैंप के दौरान टाटा कैंसर हॉस्पिटल की रांची ब्रांच की चिकित्सक डॉ गरिमा सिन्हा ने कही। उन्होंने कहा कि जागरूकता और समुचित इलाज से इस पर नियंत्रण भी पाया जा सकता है। कालजे गांव में 30 से अधिक ग्रामीणों का एनसीडी जांच किया गया। इस मौके पर कैंसर की जांच के संदर्भ में ग्रामीणों को आवश्यक जानकारी दी गई। एमसीडी हेल्थ कैंप के दौरान बीपी तथा ब्लड शुगर सहित मुंह की जांच की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ गरिमा के साथ साथ प्रोग्राम ऑफिसर अखिलेश कुमार, सीएचओ अंशु तिग्गा, स्टाफ नर्स गुलाब रोशनी कुजूर, कार्यक्रम समन्वयक अभिषेक कुमार सहित कई लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टाटा कैंसर हॉस्पिटल के कार्यक्रम पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि एनसीडी हेल्थ कैंप का आयोजन रांची जिले के लापुंग प्रखंड अंतर्गत शनिवार को कालजे के साथ साथ परसा और बिरमकेल एवं तीन टीम रांची जिले के नामकोम प्रखंड में कैंप में किया गया। इसके साथ अलग-अलग टीम खूंटी जिला, सरायकेला जमशेदपुर में भी कैंप का आयोजन किया जा रहा है। रामनवमी के बाद 8 अप्रैल को लापुंग प्रखंड के कोंयसारा, चांपी, और सुकुरहुटू तथा नौ अप्रैल को झिकी, महुगांव एवं कातिंगकेला में कैंप किया जाएगा।



**कालजे गांव में 30 से अधिक ग्रामीणों का एनसीडी जांच किया गया। इस मौके पर कैंसर की जांच के संदर्भ में ग्रामीणों को आवश्यक जानकारी दी गई**

**आठ अप्रैल को भी किया जाएगा जांच**

### शहीद रघुनाथ महतो की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

# शहीद रघुनाथ महतो के साथ इतिहासकारों ने न्याय नहीं किया है : विनय महतो धीरज



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** चुआड़ विद्रोह के महानायक शहीद रघुनाथ महतो की 247वीं शहादत दिवस पर सिल्ली के लोटा शहीद स्थल में शनिवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शहीद रघुनाथ महतो स्मारक समिति की ओर से आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में भारी मात्रा में ग्रामीण इकट्ठे हुए।इस दौरान भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद थे। जिला अध्यक्ष ने चुआड़ विद्रोह के महानायक रघुनाथ महतो के संघर्ष कि वीर गाथा पर चर्चा की। मानभूम से धालभूम व जंगल महल में जोरदार संघर्ष का नेतृत्व करते हुए उन्होंने कहा कि अपना गांव अपना राज दूर भगाओ विदेशी राज के नारों के साथ 1769 में  प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक क्रांतिवीर रघुनाथ महतो ने भूमि कर लगान की बेतहाशा वृद्धि एवं अंग्रेजी हुकूमत की इस काले कानून के खिलाफ चुआड़ विद्रोह का शंखनाद कर लड़ते हुए अपने प्राणों कीआहुति दी। परंतु इतिहास के पन्नों पर इस शौर्य गाथा को उचित और पर्याप्त स्थान नहीं मिला है। विनय महतो धीरज ने अंत में कहा कि लोटा में रघुनाथ महतो एवं अन्य क्रांतिवीरों का लहू टपका है। हमें मिलकर उनके विचारों को जन जन तक पहुंचाना होगा तभी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आने वाले समय में शहादत स्थल को विकसित करने की आवश्यकता है। मौके पर मंडल अध्यक्ष अम्बुज रजक, साधुचरण महतो, श्याम सुंदर महतो, महावीर महतो,पवन महतो, सुभाष महतो, हरेकृष्ण महतो, धनंजय महतो, परमानंद महतो, श्रवण घटवार समेत समिति के सदस्य और ग्रामीण मौजूद रहे।

# पूर्व वीसी प्रो. डॉ. सुरेश प्रसाद सिंह का निधन, शिक्षा जगत में शोक

### जियोलॉजी के प्रख्यात विद्वान और प्रेरणास्त्रोत शिक्षक थे



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजुकेशन, कांके में  शनिवार को रांची विश्वविद्यालय के भूगर्भशास्त्र विभाग के महान प्राध्यापक प्रो. डॉ. सुरेश प्रसाद सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। प्रख्यात जियोलॉजिस्ट प्रो. सिंह का निधन शनिवार सुबह 5:25 बजे हृदयगति रुकने से हो गया। वे 82 वर्ष के थे। 21 अगस्त 1943 को जन्मे प्रो. सिंह मूलतः बिहार के गोपालगंज जिले के मीरगंज थाना अंतर्गत जिगना गांव निवासी थे। वे न केवल भूगर्भ विज्ञान के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध नाम थे, बल्कि हिंदी, अंग्रेजी और भोजपुरी भाषाओं में भी उनकी गहरी पकड़ थी। उन्होंने विश्व के 42 से अधिक देशों में व्याख्यान दिए और झारखंड की चट्टानों पर उनका शोध कार्य राष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सराहा गया। उनके निधन पर कैंब्रिज ट्रस्ट की चेयरपर्सन जानकी देवी ने शिक्षा के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति बताया। वे कैंब्रिज ट्रस्ट से भी जुड़े रहे थे। कैंब्रिज ट्रस्ट के प्रेस सचिव धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा कि सोमवार को सीजीआई के संस्थानों में शोक सभा आयोजित की जाएगी। कैंब्रिज ग्रुप की विकास गाथा में स्व. सुरेश प्रसाद सिंह की भूमिका अहम है। वीर कुंवर सिंह विचार मंच के लल्लन सिंह,वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व विसी डॉ गुरुचरण सिंह सहित शिक्षा जगत के अन्य लोगों ने भी शोक प्रकट किया है।

### हिन्दूगढ़ी चौक में हुआ अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

# महाबली के भक्तों ने किया आकर्षक खेलों का प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** खलारी के केडी महावीर मंडल द्वारा हिन्दूगढ़ी चौक में शनिवार रात अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। खलारी में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का यह 36वीं वर्षगांठ था। आयोजन को लेकर हिन्दूगढ़ी चौक तथा पूरे केडी रोड को रामनामी झंडों व भगवा झंडियों से पाट दिया गया है। वहीं आकर्षक विद्युत सज्जा व ध्वनि विस्तारकों से बज रहे भगवान श्री राम व बजरंगबली के गीतों से माहौल भक्तिमय हो गया था। महावीर मंडल के सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत बैच लगाकर व तलवार भेंट कर किया। प्रतियोगिता आरंभ होने से पहले अतिथियों ने हिन्दूगढ़ी चौक में विधिवत पूजन किया व नारियल फोड़ा। मुख्य अतिथि अंचल अधिकारी प्रणव अम्बष्ट, पुलिस उप अधीक्षक खलारी रामनारायण चौधरी, खलारी थाना प्रभारी पुनि जयदीप टोप्पो ने आयोजन समिति के पदाधिकारियों के साथ तलवार भांज कर अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में खलारी सहित आस-पास के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से आए विभिन्न रामनवमी अखाड़ों की टीमों ने भाग लिया। संचालन दीपक प्रसाद ने किया। संचालन के दौरान बजरंगबली का जयकारा रामभक्तों में जोश भर रहा था। इस अवसर पर अतिथि जिला परिषद सदस्य सदस्य सरस्वती देवी, कमेटी के अध्यक्ष रंजनसिंह बिट्टू, सचिव धीरज बहादुर मार्शल, संरक्षक अरविन्द सिंह, मिथिलेश सिंह, राजनसिंह राजा, धीरेन्द्र प्रसाद, सत्येन्द्र सिंह, राजेशसिंह मिंटू, दिनेश पांडेय, रतन मिश्रा, कृष्णा ठाकुर, कमलेश वर्मा, अजय सिंह (बब्लू), प्रिंस सिंह, संगठन सचिव विक्की सिंह, अशोक कुमार, मोनू सिंह, विजय महतो (बबलू), मनीष राम के अलावा विकास सिंह, रोहन लाल, मुकेश भुइयां, विजय तूरी, सुशांत सिंह, दीपक सिंह (दीपू), नवीन दुबे, रोहित सिंह, राहुल पासवान सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### तासापार्टी का रामनामी धुन खिलाड़ियों में भरता रहा जोश

प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने डण्डा, भाला, फरसा, कराटे, तलवारबाजी का एकल व सामूहिक वर्ग के खेल में एक से बढ़कर एक प्रदर्शन प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के दौरान बाहर से आने वाली कई टीमों ने रामायण के विभिन्न प्रसंगों को लघु नाटिका व झांकी के माध्यम से जीवंत प्रस्तुति दिया। अखाड़ा टीम के साथ आए तासा पार्टी द्वारा बजाया गया रामनामी धुन खिलाड़ियों में जोश भर रहा था वहीं समा बांधे हुए था। कार्यक्रम के अंत में विजयी प्रतिभागी टीमों को तलवार, भाला आदि शस्त्र देकर पुरस्कृत किया गया। आयोजन समिति द्वारा सभी अखाड़ों से आने वाली टीमों के लिए रात्रि भोजन का प्रबंध किया था।

### डकरा से आकर शामिल हुई राम-सीता की आकर्षक झांकी

डकरा महावीर मंडल की झांकी केडी हिन्दूगढ़ी चौक पहुंची। झांकी में भगवान श्रीराम, सीता माता, लक्ष्मण व महाबली हनुमान का रूप लिए कलाकर मनभावन लग रहे थे। साथ में वानर सेना का रूप लिए बच्चे उछल कूद मचाते दिखे। वहीं महाबली के भक्त हाथों में डंडा, तलवार लिए झूमते चल रहे थे।

### श्री श्याम मंदिर में भंडारा का आयोजन

# श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर बाबा का लिया आशीर्वाद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 150 वा श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया मंत्री श्याम सुंदर शर्मा उपमंत्री अनिल नारनौली सुनिता देवी अडुकिया ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी के स्वर में स्वर मिलाकर भक्ति भावना से ओत प्रोत होकर ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। खाटूनरेश बजरंगबली शिव परिवार लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी गरुड़ जी गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया । आड्डुकिया परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे का समय होते-होते श्री श्याम मंदिर परिसर भक्तों से भर गया एवं हरमू रोड में भक्तजनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। खाटूनरेश की जय जयकारों से पूरा हरमू रोड गूंज रहा था। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच अध्यक्ष सुरेश सरावगी के मार्गदर्शन में श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। श्री श्याम मंदिर में निर्मित प्रसाद में आज के भंडारे में वेजिटेबल पुलाव मिक्स सब्जी पकौड़ी  केसरिया जलेबी एवं टॉफी के प्रसाद वितरण किया गया। लगभग 2600 से ज्यादा भक्तजनों ने प्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम भंडारे का प्रसाद अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में शुद्धता के साथ निर्मित किया गया था । श्री श्याम भंडारे  में अध्यक्ष सुरेश सरावगी  महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया मंत्री श्याम सुंदर शर्मा रतन शर्मा अनुज मोदी आशीष डालमिया कमलेश सावा राहुल मारू  वेद भूषण जैन पप्पू राहुल अग्रवाल सहित 50 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया ।

रामनवमी महानुष्ठान

रामनवमी के शुभ अवसर पर

### रामनवमी पर श्रद्धालुओं के  लिए निःशुल्क बस सेवा उपलब्ध

# सरकारी बस स्टैंड व राजेन्द्र चौक से विभिन्न दस रुटों पर होगा बसों का  परिचालन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** रामनवमी पर्व 2025 के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए जुलूस समापन के पश्चात वापसी हेतु निःशुल्क बस सेवा उपलब्ध होगी। जिला प्रशासन द्वारा जुलूस समापन के पश्चात श्रद्धालुओं की वापसी हेतु निवारणपुर के आसपास सुरक्षित स्थल से विभिन्न मार्गों पर बस सेवा उपलब्ध कराने का अनुरोध पर नगर निगम द्वारा यह व्यवस्था की गई है।

रविवार को अपराह्न 4:00 बजे शोभायात्रा में शामिल होकर लौट रहे श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क विभिन्न 10 रुट के लिए नगर बस का परिचालन किया जाएगा। यह परिचालन सरकारी बस स्टैंड और राजेंद्र चौक से होगा।

निम्न मार्ग के लिए होगा बसों का परिचालन

1. बड़गाईं, बरियातू रोड होते हुए (सरकारी बस स्टैण्ड से)
2. बूटी मोड़, कोकर चौक होते हुए (सरकारी बस स्टैण्ड से)
3. बोडेया चौक, टैगोर हिल होते हुए (सरकारी बस स्टैण्ड से)
4. चांदनी चौक, कांके रोड होते हुए (सरकारी बस स्टैण्ड से)
5. पंडरा, रातू रोड होते हुए (सरकारी बस स्टैण्ड से)
6. कटहल मोड, रातू रोड-इटकी रोड होते हुए (राजेन्द्र चौक से)
7. पुनदाग, अरगोड़ा चौक होते हुए (राजेन्द्र चौक से)
8. तुपुदाना बिरसा चौक होते हुए (राजेन्द्र चौक से)
9. लोवाडीह, नामकुम-कांटाटोली होते हुए (राजेन्द्र चौक से)
10. रामपुर बाजार, सदाबहार चौक होते हुए (राजेन्द्र चौक से)

इसके अतिरिक्त सरकारी बस स्टैंड में पांच नगर बस उपलब्ध रहेंगे, जिन्हें आकस्मिक आवश्यकता की स्थिति में परिवहन कार्य हेतु उपयोग किया जायेगा।

### ऐतिहासिक महादानी मैदान में विशाल मेला का भी होगा आयोजन

# बेड़ो प्रखंड में आज निकलेगी रामनवमी की भव्य शोभायात्रा

**चप्पे-चप्पे पर पुलिस के बल एवं पदाधिकारी सहित दंडाधिकारी रहेंगे तैनात। सीसीटीवी कैमरे एवं ड्रोन से रखी जाएगी नजर**



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ा** बेड़ो और लापुंग प्रखंड में रामनवमी पर रविवार को कई अलग-अलग जगहों पर रामनवमी की विशाल और भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। बेड़ो का शोभायात्रा सबसे विशाल एवं भव्य होगा। गाजा बाजा एवं ढोल नगाड़ो.के साथ हजारों महावीरी पताकाओं एवं अलग-अलग झांकियों तथा विभिन्न अखाडो.के द्वारा अलग अलग दिशाओं से रामनवमी की विशाल शोभायात्रा बेड़ो पहुंचेगी। अलग-अलग गांवों से हजारों पताकाओं के साथ निकलने वाली शोभायात्रा का एवं अखाडो.का बेड़ो बस्ती के अखाड़ों के द्वारा भव्य एवं पारंपरिक तरीके से स्वागत किया जाएगा। जहां झंडा मिलन होगा। बेड़ो बस्ती के लाइसेंस धारी पूर्ववती दिवंगत परवल सिंह एवं विश्वेश्वर गोप के वंशजों तथा वर्तमान के लाइसेंस धारी विश्वनाथ गोप सहित बेड़ो बस्ती के अखाड़ा धारियों के द्वारा झंडा मिलन तथा स्वागत समारोह की व्यापक तैयारियां की गई है। ऊंचे ऊंचे महावीर पताकाओं को लेकर फादिलमर्चा, पुरियो, सेमरा, केशा, नारी, बोड़ेया, इटकी थाना क्षेत्र के गढ़गांव, चचगुरा, भंडरा सहित बेड़ो के जरिया टेंगरिया, कटरमाली, मासु, मुडामु, शाहेदा, हरिहरपुर जामटोली, हुटार, हरहंजी, जमनी, पंडरा, जहानाबाज, बोदा, बारीडीह, इटाचिल्दरी, करांजी, खत्री खटंगा, मुरतो महुगांव, इडरी, मकुंदा, टेरो, पाकलमेडी.सहित कई अन्य गांवों की अखाड़ा दोपहर 2 से 3 बजे के बीच जब बेड़ो पहुंचेगी तब बेड़ो संपूर्ण रूप से राममय हो जाएगा। सभी अखाड़ा धारी बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान पहुंचेंगे। विशाल शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र होगा।

### रामनवमी उल्लास के साथ सौहादपूर्ण वातावरण में मनाएं : टोनी जैन

# रामनवमी हमारा त्यौहार है हमें पहरे की आवश्यकता नहीं : रघुवर दास



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** श्री श्री चैत्र रामनवमी स्वागत समिति के अध्यक्ष श्री टोनी जैन के विशेष आमंत्रण पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास का हजारीबाग में भव्य आगमन हुआ। सिमरा रेस्ट हाउस के पास समिति के सदस्यों ने उनका जोरदार स्वागत किया। रघुवर दास ने राम उत्सव शोभायात्रा में पैदल चलकर हजारों राम भक्तों का उत्साह और विश्वास दोगुना कर दिया। झंडा चौक पर समिति द्वारा पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान उनके साथ बरही विधायक मनोज यादव, बरकट्ठा विधायक अमित यादव, हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। स्वागत समिति के मंच पर रघुवर दास को पारंपरिक पगड़ी, तलवार और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मंच पर सभी अतिथियों का भी इसी गरिमा के साथ स्वागत किया गया। समिति अध्यक्ष टोनी जैन ने कहा कि रामनवमी के इस शुभ अवसर पर रघुवर दास का हजारीबाग आगमन हम सभी राम भक्तों के लिए सौभाग्य की बात है। यह महापर्व पूरे उत्साह और सौहार्द के साथ मनाया जाएगा। अपने उद्बोधन में रघुवर दास ने कहा, रामनवमी हमारा त्योहार है, हमें किसी पहरे की जरूरत नहीं, हम अपनी रक्षा स्वयं कर सकते हैं। समाज को शांति और उल्लास के साथ पर्व मनाना चाहिए। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि जो ताकतें समाज में उत्तेजना फैला रही हैं, उन पर सख्ती से कार्रवाई की जाए। इस आयोजन को सफल बनाने में समिति के प्रमुख सदस्यों सुनील साहू, आशीष सोनी, मनमीत अकेला, विशाल वाल्मीकि, अमित पांडे, सोनू गुप्ता, शेखर गुप्ता, मनोज सिंह, टुन्न गोप समेत हजारों राम भक्तों की उपस्थिति ने इस शोभायात्रा को ऐतिहासिक बना दिया।

## श्री कृष्ण विद्या मंदिर के नए प्राचार्य ने पदभार संभाला

**रामगढ़।** एम कृष्णा चन्द्रा ने शुक्रवार को श्री कृष्ण विद्या मंदिर के प्राचार्य के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता), सचिव विमल किशोर जाजू, कोषाध्यक्ष रमेश अग्रवाल तथा प्रशासक एसपी सिन्हा ने संयुक्त रूप से पुष्पगुच्छ देकर नव नियुक्त प्राचार्य का स्वागत करते हुए उन्हें कार्यभार सौपा। विद्यालय के नए प्राचार्य एम कृष्णा चन्द्रा मूलतः आंध्र प्रदेश के निवासी हैं। पूर्व में यह ट्रिनिटी इंटरनेशनल स्कूल पिण्डवाड़ा, राजस्थान एवं आर्मी गुडविल पब्लिक स्कूल, राजौरी में प्राचार्य के रूप में कार्य कर चुके हैं। नये प्राचार्य का अनुभव शिक्षा के क्षेत्र में लगभग 20 वर्षों का है। पीजीटी फिजिक्स के रूप में इन्होंने आर्मी पब्लिक स्कूल एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल में लगभग 12 वर्षों तक कार्य करने का अनुभव प्राप्त किया है। विद्यालय के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने नए प्राचार्य को नये पदभार ग्रहण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाए रखने का आग्रह किया। नये प्राचार्य के साथ-साथ कुल सात विभिन्न विषयों के योग्य एवं अनुभवी शिक्षक - शिक्षिकाओं ने भी योगदान दिया। नए प्राचार्य ने सभी शिक्षक एवं गैरशिक्षण कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्हें अनुशासित हो कर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव समर्पित रहने का संदेश दिया। ज्ञात रहे कि विद्यालय का नवीन सत्र 2025 - 26 आज से प्रारंभ हो चुका है। विभिन्न कक्षाओं में नामांकन जारी है।

## न्यूज बॉक्स

### रणधीर वर्मा चैंपियन ट्रॉपी की विजेता टीम वापस लौटी

**रामगढ़।** झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से धनबाद में आयोजित रणधीर वर्मा (प्लेट ग्रुप)अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट 2024-25 सत्र का चैंपियन रामगढ़ क्रिकेट टीम बनी। विजेता टीम के सदस्य शुक्रवार को वापस लौटे। इस दौरान रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से सुभाष चौक में जोरदार स्वागत समारोह हुआ। इस बीच बैंड बाजा, आतिशबाजी के साथ खिलाड़ियों को फूल माला पहनाकर लाद दिया गया। मौके पर रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक कुमार जैन, कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र साहू, उपाध्यक्ष गिरधारी गोप, मानद सचिव अरुण कुमार राय, कोषाध्यक्ष सूरज प्रसाद, संयुक्त सचिव रोहित कुमार, बिरेंदर प्रसाद पासवान, सहसचिव उपेंद्र प्रसाद सिंह, सदस्य एवं कोच सुभाजीत दत्ता, सदस्य एवं कोच महेंद्र प्रसाद राणा, सदस्य सन्नी सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष मो.जावेद खान, पवन कुमार साहू आदि मौजूद थे। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों में आदित्य रजक, अविनाश कुमार, प्रिंस शिवम गोप, रामगढ़ जिला के चैंपियन टीम के सदस्य मैनेजर रवि मुंडा, कप्तान प्रभात कुमार महतो, उप कप्तान अभिषेक कुमार, हर्ष राणा, दिव्यांशु राज, दिव्यम राज, रौशन कुमार, आदर्श गिरि, शुभम यादव, अरुणिसी राज, मोहम्मद सोहेल, पीयूष यादव, मनीष कुमार, सौरभ सिंह, वामिक राजा, विकास कुमार तमारकर, अन्नत कुमार तिर्की, कुमार कुशाग्रह, सामंत कुमार आदि शामिल हैं। सचिव अरुण कुमार राय ने कहा विपरीत परिस्थितियों में हमारे खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं।

### सरहुल पर्व व प्रकृति पूजा शोभायात्रा में आदिवासियों ने दिया एकता का परिचय



**रामगढ़।** आदिवासी छात्र संघ की ओर से जिला स्तरीय सरहुल पर्व एवं प्रक्रति पूजा शोभायात्रा का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में पारंपारिक आदिवासी वेशभूसा में ढोल नगाड़ा बजाते हुए शामिल हुए। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष सुनील मुंडा ने किया। जबकि, संचालन प्रकाश करमाली, जगनारायण बेदिया एव सुमंत महली ने संयुक्त रूप से किया। शहर के कुंवर टोला परसोतिया, मुंडा टोली सौदागर मुहल्ला, कैथा, कोठार, बाजार टांड, छतर मांडू, कुरूम के सभी आदिवासी माता बहन, सिद्धू कान्हू मैदान से थाना चौक होते हुए सुबह चौक पहुंचे। जबकि, पतरातू बस्ती, मुंडा टोली, छोटकी मुर्राम, मुंडा टोला चेटर, बनखेता, दोहाकातु, दुलमी से लोग रामगढ़ ब्लॉक से होते हुए नृत्य मंडलियों के साथ सुभाष चौक पहुंचे। सभी आदिवासी लोग अपने पारंपरिक संस्कृतिक वेशभूसा में नाचते गाते शोभायात्रा में शामिल हुए। सुभाष चौक पहुंचकर समारोह का समापन किया गया। सुभाष चौक पर सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मंत्री चमरा लिंडा, बतौर विशिष्ठ अतिथि विधायक ममता देवी, शिवराम कच्छप आप्त सचिव कल्याण मंत्री, बसंत मुंडा, दीपक उरांव, पवन मुंडा उपस्थित थे।

### सार्वजनिक देवी मंडप में दुगोला आयोजित, विधायक ने किया उद्घाटन



**बरही।** चैत्र नवरात्रि महासप्तमी के अवसर पर देवी मंडप लखना में उदय हलचल पलामू और लोरिक यादव डाढवा के रोचक दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर किया. जिनका आयोजन समिति ने गर्मजोशी से स्वागत किया. दुगोला जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए उन्होंने आयोजकों का सराहना किया. उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से हीं हमारी लोक संस्कृति और परंपरा जीवित हैं. जो सामाजिक समरसता बढ़ाने में सहायक है. भविष्य में भी ऐसे आयोजन की अपेक्षा करते हुए युवाओं को ऐसे कार्यक्रम की ओर अग्रसर रहने की सलाह दिया. कार्यक्रम काफी रोचक और आनंदमय रहा जो रात भर श्रोताओं को झूमने के लिए मजबूर करते रहा. कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया नारायण यादव, पूजा समिति अध्यक्ष सुधीर यादव, सचिव टेकलाल साव, कोषाध्यक्ष पप्पू यादव, मिथिलेश यादव, सागर चंद्रवंशी, मंजू देवी, गीता देवी, रूपा देवी, रिंकी देवी, कृष्णा यादव आदि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व समाजसेवी मौजूद थे. जिसे सफल बनाने में पूजा समिति के अधिकारियों व सदस्यों की महत्ती भूमिका रही.

### प्राचीन दुर्गा मंदिर कुरूम में भक्तिभाव से हुई महाअष्टमी पूजा

## माता महागौरी की पूजा अर्चना से शांति समृद्धि और ज्ञान की प्राप्ति होती है: मिथलेश तिवारी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** चैती दुर्गा पूजा को लेकर जिला वासियो में उत्साह का माहौल है। शनिवार की देररात जिला के विभिन्न दुर्गा मंदिरों में महाअष्टमी पर माता के 8वे स्वरूप महागौरी की भक्तिभाव से पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। इस मौके पर प्राचीन दुर्गा मंदिर कुरूम में यजमान सीताराम सिंह के हाथों पूजा अर्चना संपन्न करवाते हुए पुजारी मिथलेश तिवारी ने कहा कि आज के दिन माता के 8वें स्वरूप महागौरी की पूजा की जाती है। कहा कि माता महागौरी की पूजा अर्चना से शांति, समृद्धि और ज्ञान की प्राप्ति होती है। श्री तिवारी ने कहा कि प्रचलित पौराणिक कथाओं के अनुसार मां पार्वती भगवान शंकर को पति के रूप में पाना चाहती थीं। इसको लेकर उन्होंने कठोर तपस्या की। इस क्रम में उन्होंने जल और अन्न त्याग दिया। जिस कारण माता का शरीर काला पड़ गया। उनकी तपस्या से भगवान शंकर खुश हुए और उन्हें पत्नी के रूप में स्वीकार करने के लिए तैयार हो गए। कहा जाता है कि भगवान शिव ने मां पार्वती को गंगाजल से स्नान करने को कहा।

### वक्फ संशोधन बिल का विधायक ने किया स्वागत, कहा

# यह बिल शोषित व गरीब मुसलमानों के हक में है



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** स्थानीय विधायक सह झाविस लोक लेखा पाल समिति के सभापति मनोज कुमार यादव ने लोक और राज्य सभा में वक्फ संशोधन बिल पारित होने का स्वागत किया है. उन्होंने बिल की तारीफ करते हुए पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार का ऐतिहासिक फैसला बताया है. विधायक श्री यादव ने कहा कि यह बिल शोषित व गरीब मुसलमानों के हक में है. इससे सिर्फ भू माफिया परेशान हैं, जिन्होंने वक्फ की संपति को अपने निजी लाभ के लिए रखा था. वैसे लोग ही इस बिल का विरोध कर रहे हैं. विपक्ष अपनी राजनीति कर अल्पसंख्यकों को गुमराह कर रही है. इस बिल से अल्पसंख्यक सुरक्षित और लाभांवित होंगे. यह बिल वक्फ की संपत्तियों के अवैध दुरुपयोग से रोकेगा. इस बिल से सार्वजनिक अस्पताल, विद्यालय आदि जैसे जनहित के कार्य को बढ़ावा मिलेगा. जिसका हर एक समुदाय को लाभ मिलेगा. उन्होंने कहा कि यह एक साहसिक फैसला है, जिसका देशवासियों ने स्वागत किया है.

### उपायुक्त ने सामुदायिक केन्द्रों में उपलब्ध कराई लेटेस्ट एक्सरे मशीन

हजारीबाग। उपायुक्त नेन्सी सहाय ने शनिवार को डीएमएफटी मद से हजारीबाग जिला अंतर्गत कुल 07 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सीय जांच हेतु एक्सरे मशीन उपलब्ध करवाई है। बिष्णुगढ़, कटकमसांडी, ईचाक, बड़कागांव, चौपारण, बरकट्ठा एवं चरही के सामुदायिक केन्द्रों में एक्सरे मशीन उपलब्ध कराई गई। मौके पर उपायुक्त ने कहा की यह एक पोर्टेबल एक्सरे मशीन है जिसमें लेटेस्ट स्पेसिफिकेशन है। अब प्रखंड स्तर पर ही लोग एक्सरे करवा सकते हैं। यह एक बहुत ही नॉर्मल डिवाइस है जो दो सेकेंड में ही डिजिटल पिक्चर क्रिएट करता है। इस एक्सरे मशीन से हमारे डॉक्टर, एक्सरे टेक्निशियंस को काम करने में बहुत आसानी होगी। टीबी के मरीजों का भी एक्सरे करने में आसानी होगी। एक्सरे की कमी की वजह से पहले प्रखंड स्तर पर गांव के मरीजों का एक्सरे करवाने में काफी परेशानी होती थी लेकिन अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एक्सरे मशीन उपलब्ध होने से टीबी व अन्य मरीजों का एक्सरे करने में काफी आसानी होगी। मौके पर उपायुक्त नेन्सी सहाय के अलावे, उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, डीपीओ पंकज तिवारी, सीएस सरयू प्रसाद, डीपीआरओ रोहित कुमार सहित कई चिकित्सक एवं मेडिकल स्टाफ व अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### बरही में निकला दुगार्वाहिनी की भव्य शोभा यात्रा

## नारियों का सम्मान ही सनातन की पहचान है : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** या देवी सर्व भूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः की सार्थकता को सिद्ध करने का प्रयास करते हुए विहिप की दुगार्वाहिनी की ओर से भव्य शोभा का आयोजन किया गया. शोभा यात्रा बरही के चारो मार्गो का भ्रमण कर मातृ शक्ति से लोगों को एहसास कराया. बुलेट पर सवार और हाथों में कटार लिए दुगार्वाहिनी की सेना यह संदेश दे रही थी कि नारियां सिर्फ ममता बिखेरने वाली देवी ही नही अपितु दुष्टों के संहार करने के लिए रणचंडिका भी बन सकती है. शोभा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, नवयुवतियां और बच्चियां काली दुर्गा और चंडी के स्वरूप धारण किए चल रही थी. जिसमे शामिल भगवान श्रीराम, माता सीता और भ्राता लक्ष्मण के साथ वीर हनुमान के जीवन्त झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रहा. विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता ने बताया कि झांकी में विशेष रूप से झारखंड दुगार्वाहिनी की प्रदेश संयोजिका कृति गौरव शामिल होकर मातृशक्ति का मनोबल बढ़ाया. कार्यक्रम में बरही, रसोईया धमना, करियातपुर आदि सहित आस पास की सैकड़ो मातृशक्ति भगवा धारण कर शामिल हुई थी.

## गोला में महावीरी झंडे से पटा बाजार, युवकों ने चलाया सफाई अभियान

**गोला।** गोला प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है। 6 अप्रैल रविवार को रामनवमी मनाई जाएगी। इसकी तैयारी पूरे जोर शोर से चल रही है। गोला के बाजार में भगवा ध्वज की मांग बढ़ गई है। अधिकतर दुकानों में भगवा ध्वज की बिक्री बढ़ गई है। बाजार में रंग बिरंगे महाविरी झंडे बिक रहे हैं। पूरे शहर सहित ग्रमीण क्षेत्रों में महाविरी झंडा से सज गया है। जबकि बजरंगबलि मंदिरों की रंगाई पुताई व साफ सफाई कर सजाने संवारने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। शोभा यात्रा व रामनवमी अखाड़ा को भव्य रूप देने में समिति के लोग जुटे हुए हैं। शुक्रवार को सोसोकलां के दर्जनों युवकों ने उपमुखिया लईक आलम के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया। विशेष कर जिस रास्ते से शोभा यात्रा गुजरेगी, उस रास्ते की साफ सफाई की गई।

### रामनवमी जुलूस को लेकर उत्साह चरम पर, प्रशासन अलर्ट

# भगवा झंडे से पटा बाजार, नगाड़े की आवाज से गूंज रहा शहर

## निर्देशानुसार ही जुलूस निकालने की अपील : एसडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** श्री चैत्र महारामनवमी के जुलूस को लेकर तैयारियां और उत्साह चरम पर है. पूरा शहर भगवा झंडो से पट गया है. नगाड़े की गूंज से पूरा शहर गूंज उठा है. लोगो को रामनवमी जुलूस का बेसब्री से इंतजार है. जुलूस को लेकर प्रशासन और महासमिति के बीच सकारात्मक समन्वय दिख रहें हैं. दोनों ओर से शांति और सौहार्द के साथ रामनवमी जुलूस निकालने की अपील की जा रही है. एसडीओ जोहन टुडू व एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने क्षेत्र में दंडाधिकारी के साथ केंद्रीय, जिला व स्थानीय बल तैनात किए जाने का पूर्व में ही घोषणा कर चुके हैं. इसके साथ ही ड्रोन से जुलूस पर निगरानी रखी जाने के बात कही गई है. इसके साथ ही प्रशासन लगातार बैठकें कर लोगो से शांति और सद्भाव के साथ त्योहार मनाने की अपील कर रही है. प्रशासन ने डीजे पर पूर्णतया पाबंदी और पूर्व निर्धारित मार्ग से ही जुलूस निकालने का निर्देश दे रखा है. महासमिति के अध्यक्ष भगवान केसरी, संरक्षक रमेश ठाकुर, सुरेंद्र रजक आदि पदाधिकारी भी अखाड़े वाले के साथ बैठक कर आवश्यक सलाह, सुझाव और दिशा निदेर्शों का आदान प्रदान कर लोगो से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील कर रहे हैं. महासमिति के अध्यक्ष भगवान केसरी ने बताया कि नवमी की संध्या 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक झंडा जुलूस निकलेगा. जो बरही चौक होते हुए हजारीबाग रोड स्थित महावीर मंदिर पहुंचेगा और झंडा मिलान करते हुए वापस यथास्थान चले जायेंगे. रात्रि 10 बजे से दशमी के सुबह तक झांकी और पुनः दशमी की संध्या 4 बजे से रात्रि ग्यारह बजे तक झांकी निकाला जाएगा. महासमिति सभी श्रद्धालुओं के लिए बरही चौक पर छाछ, चना और शीतल पेयजल उपलब्ध करवाएगा. इसके साथ ही महासमिति के अधिकारी और कार्यकर्ता जुलूस को शांति और सद्भाव के साथ आगे ले जाने के लिए तत्पर रहेंगे.

#### जुलूस में दिखेगा ऐतिहासिक और धार्मिक झलक

महारामवमी के अवसर पर बरही के विभिन्न अखाड़ों के द्वारा विविध ऐतिहासिक व धार्मिक स्वरूपों पर आधारित जुलूस व झांकियां निकाली जायेगी. जानकारी के अनुसार श्री राम अखाड़ा अंबेदकरनगर रामायण की कड़ी प्रस्तुत करेगा. जिसके तहत लोगों को सीता हरण और राम रावण युद्ध के जीवंत झांकी देखने को मिलेंगे. हनुमान सेना हजारीबाग रोड की ओर से क्षत्रपति शिवाजी व वीर सांभा जी महाराज पर आधारित जुलूस निकाले जाएंगे. भगवती मंदिर अखाड़ा की ओर से समुद्र मंथन का दृश्य प्रस्तुत किया जायेगा. धनबाद रोड महावीर मंदिर की ओर से छावा फिल्म पर आधारित सामाजिक परिदृश्य प्रस्तुत किए जायेंगे. गया रोड और पटना रोड की ओर से भी रोचक जुलूस प्रस्तुत किए जायेंगे.

## तीन लाख कोयला मजदूरों के लिए ड्रेस कोड लागू मिलेगा पैसा : सीटू



**हजारीबाग।** कोल इंडिया प्रबंधन और यूनियन के बीच दिल्ली में संपन्न बैठक में लिया गया फैसला की कोयला उद्योग एवं उसके सहायक कंपनियों में कार्यरत मजदूर जल्द ही नेवी ब्लू पैंट और स्काई ब्लू शर्ट में काम करते दिखेंगे. महिला कर्मी मैरून कलर की साड़ी या कुर्ता और काले रंग का पजामा और दुपट्टा पहनेंगे. सी आई टी यू के जिला उपाध्यक्ष गणेश कुमार सीटू ने बताया कि कोयला उद्योग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड तय करने के लिए बनी कमेटी की पहली बैठक दिल्ली में सम्पन्न हुई जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए. इसमें एक समान ड्रेस के लिए अग्रिम राशि, कपड़े की गुणवत्ता, ब्रांडेड कंपनियों का ही कपड़ा लेना होगा. बैठक के निर्णय के अनुसार अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक समान ड्रेस कोड लागू किया जाएगा. जिसमें पुरुषों के लिए नेवी ब्लू पैंट और स्काई ब्लू शर्ट जबकि महिलाओं के लिए मैरून कलर का साड़ी या कुर्ता और काले रंग का सलवार और दुपट्टा शामिल है. ठेका श्रमिकों के लिए भी ड्रेस कोड अलग से लागू किया जाएगा.

### रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न

# कराने के लिए उपायुक्त ने प्रखंडवार वरीय दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** उपायुक्त शे नैंसी सहाय के निर्देश पर रामनवमी 2025 के अवसर पर आदेश जारी कर बताया गया कि जिले के विभिन्न प्रखंडों में दिनांक 6. 4. 2025 को रामनवमी जुलूस निकाला जाएगा। रामनवमी के अवसर पर पूर्व में घटित घटना के मद्देनजर रामनवमी 2025 के अवसर पर संपूर्ण जिले में विशेष सतर्कता एवं निगरानी बरतने की आवश्यकता प्रतीत होती है। जिसके आलोक में विभिन्न प्रखंडों में विधि व्यवस्था संधारित करने एवं शांतिपूर्ण माहौल में रामनवमी पर्व संपन्न कराने के लिए प्रखंडवार कई वरीय दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्री बैजनाथ कामती को सदर, अपर समाहर्ता श्री संतोष सिंह को बड़कागांव, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी मुलिन मरांडी को केरेडारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुधीर कुमार को विष्णुगढ़, कार्यपालक दंडाधिकारी सुनीता कुमारी को दारू, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिंह को टाटीझरिया, भूमि सुधार उपसमाहर्ता राजकिशोर प्रसाद को डाडी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी रजत अनूप कुमार कच्छप को चुरचू प्रखंड में प्रतिनियुक्ति की गई है। कार्यपालक दंडाधिकारी, सदर प्रेम कुमार को ईचाक, जिला पशुपालन पदाधिकारी न्यूटन तिर्की को कटकमदाग, डीआरडीए निदेशक मां देव प्रिया को कटकमसांडी, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक निवेदिता राय को पदमा, बरही अनुमंडल पदाधिकारी टुडू को बरही, जिला योजना पदाधिकारी श्री पंकज तिवारी को बरकट्ठा, भूमि सुधार उपसमाहर्ता बरही श्री अजय भगत को चौपारण एवं कार्यपालक दंडाधिकारी बरही सुश्री दीपा खलखो को चलकुशा प्रखंड में प्रतिनियुक्ति की गईं है। प्रतिनियुक्त वरीय दंडाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि रामनवमी त्योहार के अवसर पर विधि व्यवस्था की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी संवेदनशील स्थानों की समीक्षा कर अपने-अपने आवंटित प्रखंड में सभी जुलुस को शांतिपूर्ण एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना सुनिश्चित करेंगे।

## सांसद ने एनटीपीसी के विस्थापितों के हक में रखी मांग : धनंजय कुमार पुटूस

❑ सांसद ने पक्के मकान के लिए 2000 रुपया प्रति स्क्वायर फीट और कच्चे महान के लिए 1500 रुपया प्रति स्क्वायर फीट मुआवजा देने की मांग की है



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल के सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस ने 5 अप्रैल को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सांसद मनीष जायसवाल द्वारा विस्थापितों के हित में सदन में मांग रखने पर उनका आभार व्यक्त किया है। सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि सांसद सांसद मनीष जायसवाल लगातार हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ जिला व हजारीबाग जिला के नागरिकों के उत्थान के लिए लगातार विस्थापन, रोजगार, प्रदूषण जैसे जरूरी विषयों पर सड़क से लेकर सदन तक कार्य कर रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने बजट सत्र में एनटीपीसी के विस्थापितों के हित में बजबूती के साथ उनका अधिकार दिलाने की मांग की है। सांसद ने विस्थापितों को 40 लाख रुपया प्रति एकड़ मुआवजा व एसेट कंपनसेशन के तहत पक्के मकान के लिए 2000 रुपया प्रति स्क्वायर फीट और कच्चे महान के लिए 1500 रुपया प्रति स्क्वायर फीट मुआवजा देने की मांग की है। जो कि वास्तव में विस्थापितों के हित में है। आज तक विस्थापितों को केवल ठगा गया है , लेकिन सांसद मनीष जायसवाल ने विस्थापितों के दर्द को समझा हैं और विस्थापितों के हक और अधिकार के लिए सदन में मांग किए हैं।

# जोश, बलिदान और स्वाभिमान के प्रतीक हैं शहीद रघुनाथ महतो : सुधीर मंगलेश

**रघुनाथ महतो का जीवन शोषण, अत्याचार और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष की मिसाल है। उन्होंने बाल्यकाल से ही अन्याय के विरुद्ध आवाज उठायी**



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** दुलमी प्रखंड के बुध बाजार सिरू में भारत के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद रघुनाथ महतो के शहादत दिवस पर 5 अप्रैल को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीस सूत्री कार्यक्रम के प्रखंड अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने रघुनाथ महतो के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें शत शत नमन अर्पित किया। श्री मंगलेश ने कहा कि रघुनाथ महतो का जीवन शोषण, अत्याचार और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष की मिसाल है। उन्होंने बाल्यकाल से ही अन्याय के विरुद्ध आवाज उठायी। एक अवसर पर जब एक अंग्रेज तहसीलदार ने उनके पिता काशीनाथ महतो का अपमान किया, तब रघुनाथ महतो ने साहस दिखाते हुए उसे गांव से खदेड़ दिया। उनके साहस और संघर्ष से अंग्रेज बौखला उठे और उन्हें पकड़ने के लिए कई प्रयास किए, परंतु रघुनाथ महतो अंग्रेजी दमनकारी नीति के विरुद्ध डटे रहे। उन्होंने अंग्रेजी सत्ता को चुनौती देते हुए जनजागरण और प्रतिकार की नीति अपनाई। 1769 में अपने जन्मदिवस पर नीमडीह में विशाल जनसभा का आयोजन कर उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह का बिगुल फूंका। 05 अप्रैल 1778 को सिल्ली प्रखंड क्षेत्र में अपने साथियों के साथ रणनीति बनाते समय अंग्रेजों ने उन पर गोलीबारी कर दी जिससे उनकी शहादत हुई। सुधीर मंगलेश ने कहा कि रघुनाथ महतो न केवल झारखंड बल्कि सम्पूर्ण भारत के स्वतंत्रता संग्राम के पथप्रदर्शक रहे हैं। उनका बलिदान और विचार आज भी हमें प्रेरणा देता है कि अन्याय के खिलाफ संघर्ष ही सच्ची श्रद्धांजलि है। मौके पर उतम कुमार, लिलेशवर महतो, करमू कुमार, देवेंद्र महतो, शिशु कुमार, ताहिर अंसारी, रोहित कुमार आदि उपस्थित थे ।

# उपायुक्त ने बांसजोर प्रखंड कार्यालय का किया निरीक्षण, जाना हाल-चाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु ने शनिवार को बांसजोर प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तरगा पंचायत के सिहरजोर में आम बागवानी योजना का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने बागवानी के साथ-साथ इंटरक्रॉपिंग कर खेती करने के लिए प्रेरित किया। तथा समय-समय पर पौधा का सिंचाई भी करते रहने का निर्देश दिया। इसके पश्चात् उन्होंने अबुआ आवास योजना का निरीक्षण किया, उन्होंने लाभुक से मुलाकात कर आवास निर्माण को पूरा करने की बात कहीं। उपायुक्त ने मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिहारजोर का भी निरीक्षण किया। सिहारजोर, मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का जीर्णोद्धार 15 वें वित्त की राशि से की गई है। जिसका निर्माण कार्य की समीक्षा किया। मौके पर उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों ने आंगनबाड़ी केंद्र की छोटे-छोटे बच्चों के साथ जमीन में बैठकर आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों से बात की, और बच्चों प्रति दिन आंगनबाड़ी केंद्र आने की बात कहीं। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र द्वारा बच्चों को दी जाती शिक्षा, भोजन और विकास के स्तर की जानकारी ली। तथा उन्होंने मॉडल आंगनबाड़ी को देख उपायुक्त ने जिले में और भी जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र को सिहारजोर मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में विकसित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही उपायुक्त ने क्लासरूम में बच्चों से मुलाकात की। बच्चों से कहा कि सरकारी विद्यालय में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जो है प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण है, योजना का उद्देश्य है कि बच्चा विद्यालय आए तो उसे स्वस्थ भोजन मिले। स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन रहेगा तभी तो पढ़ने में मन लगेगा। और पढ़ाई में बेहतर शिक्षा लेंगे। उन्होंने जो बच्चे विद्यालय नहीं आते हैं उन सभी बच्चों को विद्यालय आने के लिए प्रेरित करने की बात कहीं। उन्होंने एफएनएलएम के विभिन्न किट माध्यम से खेलते- खेलते पढ़ने एवं सीखने की बात कहीं। साथ ही बच्चों को रुचि लेकर पढ़ने और जीवन में अच्छा करने को कहा। उपायुक्त ने शिक्षकों से नई शिक्षा नीति के तहत बुनियादी शिक्षा के तहत बेहतर शिक्षा बच्चों को देने का निर्देश दिया। उपायुक्त द्वारा बांसजोर प्रखंड कार्यालय में सभी मनरेगा कर्मियों के साथ योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई। इस दौरान उपायुक्त ने मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन, प्रतिदिन ई-मास्टर रोल निर्गत, एससी/एसटी महिलाओं को मनरेगा में रोजगार, प्रधानमंत्री आवास योजना, पुराने योजनाओं को पूर्ण करने, मनरेगा के तहत गाय शेड का निर्माण आदि की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।




### आंगनबाड़ी सेविका और राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय का निरीक्षण

आंगनबाड़ी सेविका से बच्चों को दी जाने वाली पोषण आहार की भी जानकारी। सेविका ने बताया कि सुबह में बच्चों को सूजी हलवा का नाश्ता दिया गया, वहीं 11: 30 से 12:00 के बीच बच्चों को भोजन दी जाती है। उपायुक्त ने आंगनबाड़ी सेविका को बच्चों को और बेहतर तरीके से शिक्षित करने और उनके पोषण का भरपूर ध्यान रखने का निर्देश दिया।इसके बाद उन्होंने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय का भी निरीक्षण किया। उपायुक्त महोदय ने सबसे पहले किचन -सह- स्टोर रूम का जायजा लिया। बच्चों को मिलने वाली भोजन की गुणवत्ता का भी जांच किया। विद्यालय में आज 8 क्लास के बच्चों का विदाई समारोह मनाया जा रहा था। इस उपलक्ष में आज विद्यालय में विशेष पकवान बनाया गया था। इसके पश्चात उपायुक्त महोदय ने शिक्षकों से एफएनएलएम के माध्यम से बच्चों को बुनियादी शिक्षा दी जाती है जिसकी जानकारी ली। तथा निर्देश दिया कि क्लास 1 से 3 तक के बच्चों को बुनियादी शिक्षा प्रदान करने हेतु एफएनएलएम के माध्यम से बच्चों को सीखने की बात कही।




# रामनवमी को लेकर महावीर झंडा से पटा पूरा सिमडेगा शहर, भक्तिमय माहौल बन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** रामनवमी को लेकर सिमडेगा शहर में भक्तिमय माहौल बन गया है। पूरा शहर महावीर झंडों से सराबोर हो गया है। मुख्य चौक-चौराहों से लेकर गली-मोहल्लों तक हर जगह भगवा ध्वज लहरा रहे हैं। जगह-जगह पर रामनवमी से जुड़ी दुकानें सज गई हैं, जहां पूजा सामग्री, झंडे, बैंड-बाजे और श्रृंगार की वस्तुएं बिक रही हैं। व्यापारियों को इस मौके पर अच्छी बिक्री की उम्मीद है।रामनवमी जुलूस को लेकर कई पूजा समितियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जगह-जगह भव्य तोरणद्वार बनाए जा रहे हैं, वहीं राम भक्तों के स्वागत के लिए पेयजल, शरबत और प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की जा रही है। युवाओं में उत्साह देखते ही बन रहा है। बाइक जुलूस, ढोल-नगाड़े और जय श्रीराम के नारों से माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया है।प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की जा रही है। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। थाना प्रभारी एवं प्रशासनिक अधिकारी लगातार गश्त कर रहे हैं ताकि त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न हो।रामनवमी को लेकर सिमडेगा पूरी तरह धार्मिक रंग में रंग चुका है।

# रामनवमी पर्व में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** कुरडेग पुलिस ने रामनवमी पर्व को लेकर शनिवार की संध्या में फ्लैग मार्च किया । फ्लैग मार्च का नेतृत्व कुरडेग अंचल पुलिस निरिक्षक श्री दिनेश प्रजापति कर रहे थे । फ्लैग मार्च थाना परिषर से निकलकर घाधमुण्डा , कुरडेग बस स्टैण्ड , झिरकामुण्डा , कदमटोली , प्रकाला आदि गाँवो का भ्रमण किया । पुलिस अंचल निरिक्षक व थाना प्रभारी ने फ्लैग मार्च के दौरान दुकानदारों , जन प्रतिनिधि व स्थानिय लोगों से मुलाकात की इस दौरान उन्होने कहा कि किसी भी अफवाह या विवाद की स्थिति में तत्काल प्रशासन को सूचना दें । थाना प्रभारी श्री नवीन कुमार ने कहा कि अफवाह फैलाने वालों पर विधि सम्मत कड़ी कार्रवाई की जाएगी उन्होंने आपसी भाइचारे के बीच रामनवमी महोत्सव को मनाने की अपील की । पुलिस अंचल निरिक्षक दिनेश प्रजापति ने बताया कि रामनवमी पूजा को लेकर फ्लैग मार्च किया गया है साथ ही कहा कि आम लोग भयमुक्त होकर रहें पुलिस उनकी सुरक्षा में हमेशा मुस्तैद है असमाजिक तत्वों पर पुलिस कड़ी नजर रखे हुए है किसी भी कीमत पर कानून तोड़ने और समाज में विद्वेष फैलाने वालों को वख्शा नही जाएगा । फ्लैग मार्च में अंचल पुलिस निरिक्षक दिनेश प्रजापति थाना प्रभारी नवीन कुमार ए एस आई के अलावे भारे भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे ।



### रामनवमी त्यौहार को लेकर प्रखंड प्रशासन ने लाइसेंसधारियों के साथ की विशेष बैठक

**बोलबा।** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बोलबा थाना परिसर में शनिवार को एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में थाना क्षेत्र के सभी जुलूस निकासी समितियों के लाइसेंसधारी प्रतिनिधियों के साथ पुलिस एवं प्रखंड प्रशासन ने आवश्यक दिशा-निर्देश साझा किए।बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी सुधांशु पाठक ने की। उन्होंने कहा कि रामनवमी पूजा पूरी श्रद्धा, भाव-भक्ति और अनुशासन के साथ संपन्न होनी चाहिए। हाईकोर्ट के निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाना अनिवार्य है। जुलूस के दौरान किसी भी व्यक्ति का नशे की हालत में रहना प्रतिबंधित रहेगा। झंडा का बांस अधिक ऊँचा नहीं हो और बिजली के तारों से संपर्क में न आए, इसका विशेष ध्यान रखना होगा।डीजे पर चयनित और मर्यादित गीत ही बजें, भड़काऊ गीत व नारों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया माध्यमों पर अफवाह या भ्रामक सूचना फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।थाना प्रभारी संतोष कुमार राय ने भी लोगों से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें। बैठक में एएसआई अजेन्द्र कुमार सिंह, मुखिया बिनोद बड़ाइक, सूरजन बड़ाइक, केशरी सिंह, नित्यानंद सिंह, माधव सेनापति, नंद किशोर सिंह, आनंद सिंह, विश्वा सिंह, संजय मंडल, पूरन प्रधान समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सिविल सर्जन से मिले ब्लड डोनर ग्रुप के अध्यक्ष

# सदर अस्पताल की व्यवस्था सुधारने पर दिया जोर




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** अल-फलाह सोसायटी ब्लड डोनर ग्रुप के अध्यक्ष खुबैब शाहिद ने शनिवार सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान सदर अस्पताल व ब्लड बैंक की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। खुबैब शाहिद ने कहा कि सदर अस्पताल जिले का एकमात्र बड़ा अस्पताल है, जहां लाचार, बीमार व गरीब मरीजों की उम्मीद टिकी रहती है। ऐसे में छोटी-छोटी समस्याओं पर मरीजों को रिम्स रेफर करना उचित नहीं है। उन्होंने मेडिकल स्टोर में दवाइयों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की और इलाज की व्यवस्था को बेहतर बनाने पर बल दिया।ब्लड बैंक को लेकर उन्होंने कहा कि हर रक्त समूह का स्टॉक हमेशा बना रहना चाहिए, इसके लिए समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएं। उन्होंने रक्तदान को लेकर जागरूकता अभियान चलाने और नियमित रक्तदाताओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन करने की बात कही।सिविल सर्जन ने सभी सुझावों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया और जनसेवा के इस कार्य में हरसंभव सहयोग देने की बात कही।

# ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्र का विधायक ने किया निरीक्षण जाना हाल-चाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**ठेठईटांगर।** प्रखंड के विभिन्न ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का शनिवार को क्षेत्र के विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से हुई तबाही के बारे में ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के क्रम में विधायक विक्सल कोनगाड़ी के साथ कांग्रेस के अन्य स्थानीय नेता भी मौजूद थे। उन्होंने जोराम पंचायत के रायबहार, मसनियां, नदी टोली, अंबापानी आदि गांवों का भ्रमण कर बर्फबारी से टूटे एस्बेस्टस व खपरैल मकानों और खेती में हुए नुकसान को करीब से देखा। ग्रामीणों ने बताया कि इस प्राकृतिक आपदा से उनके घरों के अलावा महुआ, आम, चिरौंजी जैसी महत्वपूर्ण वन उपज को भी भारी नुकसान पहुँचा है। साथ ही खेतों में लगे टमाटर, बैगन, भिंडी, खीरा आदि मौसमी सब्जियाँ पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। समस्याओं से अवगत होने के उपरांत विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वे नुकसान के मुआवजे हेतु अंचल कार्यालय में आवेदन जमा करें, जिसके पश्चात महागठबंधन सरकार द्वारा शीघ्र ही क्षतिपूर्ति की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नुकसान की जानकारी राज्य सरकार तक पहुंचाई जाएगी ताकि राहत स्वरूप मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का जल्द से जल्द आंकलन कर पीड़ितों को राहत पहुंचाने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। इस दौरान विधायक ठेठईटांगर अंचल कार्यालय भी पहुंचे और सीओ कमलेश उरांव से मुलाकात कर राहत कार्यों में त्वरित गति लाने की बात कही। उनके साथ जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, संसद प्रतिनिधि फ्रांसिस बिलुंग, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मो. कारू, जॉनसन डांग, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मो. वाहिद, सुकवन जोजो, सिप्रियन कंडुलना, पावल बागे, हरदुगन केरकेट्टा, वाल्टर लुगुन, मुकुट केरकेट्टा, पुतुल हरि समेत कई स्थानीय कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे।

# रामनवमी पर्व को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सिमडेगा जिले में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। संभावित भीड़-भाड़ और जुलूस के मद्देनजर जिले भर में पुलिस की सतर्कता बढ़ा दी गई है। शनिवार को एसडीपीओ बैजू उरांव और सदर थाना प्रभारी विनोद पासवान के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा सिमडेगा शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया।फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में विश्वास कायम करना और असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देना था कि किसी भी तरह की अशांति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस बल ने शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्रों और संवेदनशील इलाकों में मार्च कर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।एसडीपीओ बैजू उरांव ने कहा कि रामनवमी के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है। उन्होंने अफवाहों पर ध्यान न देने और प्रशासन को सहयोग देने की अपील की। थाना प्रभारी विनोद पासवान ने कहा कि जुलूस की निगरानी सीसीटीवी कैमरों और गश्ती दलों के माध्यम से की जाएगी।



### झामुमो जिला समिति सिमडेगा की आवश्यक बैठक सम्पन्न

# रांची महाधिवेशन को लेकर बनी रणनीति

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** झामुमो जिला समिति सिमडेगा द्वारा एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना ने की। इस बैठक में जिला के सभी प्रखंडों के पदाधिकारी, नगर समिति के पदाधिकारी, केंद्रीय समिति के सदस्यगण, जिला समिति के पदाधिकारीगण सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं आंदोलनकारी साथी उपस्थित रहे।बैठक की शुरुआत नवनिर्वाचित जिला एवं प्रखंड पदाधिकारियों के सम्मान समारोह से हुई, जहां उन्हें फूल-माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक का मुख्य एजेंडा 14-15 अप्रैल को रांची में आयोजित होने वाले झामुमो महाधिवेशन की तैयारी रही। सिमडेगा जिला से 100 डेलीगेट्स महाधिवेशन में भाग लेंगे, जिन्हें दिशा-निर्देश जिला समिति की ओर से दिए गए।इस अवसर पर जिला सचिव सफीक खान, जिला उपाध्यक्ष रितेश बड़ाइक, मो. सरफराज अहमद, कोषाध्यक्ष राजेश टोप्पो, केन्द्रीय समिति सदस्य मो. शाहिद, नारायण मांझी, फिरोज अली, बिरजो कुंडलना, पूर्व कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा, जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेंग, पूर्व अध्यक्ष किशोर डांग, फुलकुवारी समद, नुसरत खातून, नगर समिति अध्यक्ष मो. अनस सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।धन्यवाद ज्ञापन व सभा समापन की घोषणा केन्द्रीय समिति सदस्य मो. शाहिद ने की।

# चैती दुर्गा पूजा समिति में बच्चों के बीच भक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** शहर के देवी गुड़ी मंदिर सलडेगा में चैती दुर्गा पूजा समिति के द्वारा महासप्तमी की संध्या में बच्चों के बीच भक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में इंडियन ओवरसीज बैंक के शाखा प्रबंधक सुमित सौराज,विशिष्ट अतिथि के रूप में समिति के सरंक्षक बद्रीनाथ वर्मा, रमेश महतो ,लहरू सिंह,अध्यक्ष अभय विश्वकर्मा,मुख्य सलाहकार अरुण सिंह, सचिव आनंद जायसवाल,कोषाध्यक्ष अशोक महतो उपस्थित थे.अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर कार्यक्रम उद्घाटन किया गया। इसके बाद विभिन्न ग्रुपो द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम में कुल 21 ग्रुपों ने भाग लिया. प्रतियोगिता में सान्वी एंड ग्रुप को प्रथम,सविता एंड ग्रुप को द्वितीय एवं अदिति एंड ग्रुप को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ. इन्हें समिति द्वारा शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. साथ ही प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को उपहार देकर पुरस्कृत किया गया. निर्णायक की भूमिका सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के शिक्षक वीरेंद्र मिश्रा, सोनिया देवी,चंपा मांझी ने निभाई. कार्यक्रम का संचालन विक्रम महतो द्वारा किया गया।

### रामनवमी को लेकर महावीर झंडों से पटा पूरा कोलेबिरा

**कोलेबिरा।** रामनवमी पूजा को लेकर प्रखंड के दुकान महावीर झंडों से पट गई है। वही कोलेबिरा रंग बहादुर सिंह चौक परिसर स्थित बजरंगबली मंदिर एवं धोबी मोहल्ला स्थित बजरंगबली मंदिर को बजरंगबली के भक्तों के द्वारा आकर्षक ढंग से सजाई गई है. इसके अलावा कोलेबिरा के सभी प्रमुख मार्गो के दोनों ओर महावीर झंडा लगाई गई है। वहीं दुकानदारों ने बतलाया कि अन्य वर्षो की अपेक्षा इस वर्ष लोगों के द्वारा भारी मात्रा में महावीर झंडा खरीदा जा रहा है तरह-तरह के महावीर झंडा उन लोगों के दुकान में सजे हुए हैं 50 से लेकर 1000 तक की महावीर झंडा बाजार में मिल रहे हैं।

# रामनवमी त्योहार को देखते हुए बानो में निकाली गई फ्लैग

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** बानो थाना की पुलिस के द्वारा रामनवमी पर्व को लेकर प्रखण्ड मुख्यालय में फ़्लैग मार्च निकाली गई।फ्लैग मार्च बानो थाना परिसर से निकलकर बिरसा मुंडा चौक,डाकबंगला,बाजार टांड़,बड़ाईक बस्ती,रेलवे स्टेशन रोड होते हुए वापस थाना परिसर पहुँची।बानो थाना प्रभारी विकास कुमार ने रामनवमी पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की लोगों से अपील की उन्होंने कहा की रामनवमी का पर्व भगवान प्रभु श्री राम और हनुमान जी की आराधना का पर्व है।सभी कोई आपसी प्रेम और भाईचारा के साथ पर्व मनाएं।हंसी-खुशी शांतिपूर्ण वातावरण में पर्व मनाएं। किसी भी प्रकार की कहीं भी कोई भी घटना हो तो तुरंत प्रशासन को सूचना दें करें।रामनवमी पर्व के दौरान अफवाहों पर ध्यान न दें।सोशल मीडिया में कोई भी आपत्तिजनक फोटो वीडियो भूल कर भी शेयर ना करें।मौके पर थाना प्रभारी विकास कुमार,एस आई अजीत कुमार,ए एस आई ललन कुमार,एएसआई संजय कीड़ो व पुलिस के जवान मौजूद थे।

### रामनवमी पर्व की तैयारी हुई पूरी आज निकल जाएगी शोभायात्रा

**कोलेबिरा।** लचरागढ़ में रामनवमी पर्व की तैयारी पूरी कर ली गई है।बानो लचरागढ़ में स्थित हनुमान मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। वहीं सड़क के किनारे दोनों और महावीरी पताका लगाया जा रहा है।बानो में रामनवमी पर्व को लेकर विशेष तैयारी किया जा रहा है। विभिन्न अखाड़े के लोग 3:00 बजे बानो शिव मंदिर में जमा होंगे उसके बाद रामनवमी जुलूस निकाला जाएगा।जुलूस शिव मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर स्टेशन रोड होते हुए हनुमान पहाड़ी मंदिर पहुंचेगी।वहीं जरिकेल हनुमान मंदिर में सुबह 5:00 बजे झंडा पूजा किया जाएगा दोपहर में जुलूस निकाला जाएगा इधर लचरागढ़ हनुमान मंदिर में रामनवमी को लेकर विशेष तैयारी किया जा रहा है।सुबह 7:00 बजे पूजा अर्चना किया जाएगा दोपहर 3:00 बजे रामनवमी जुलूस निकाली जाएगी।जुलूस मेन रोड होते हुए देवी गुड़ी पहुंचेगी जहां विभिन्न अखाड़े के लोग जमा होंगे।जुलूस हनुमान मंदिर परिसर पहुंचेगी जहां अस्त्र शस्त्र चरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।वहीं रामनवमी पर्व को लेकर बरसलोया,हुरदा सहित प्रखंड क्षेत्र के सभी गांवों में तैयारी की जा रही है।

# ऑल इंडिया महिला हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हॉकी सिमडेगा की टीम बिलासपुर रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** हॉकी सिमडेगा की 20 सदस्यीय महिला हॉकी टीम शनिवार को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में आयोजित नवभारत ऑल इंडिया महिला हॉकी प्रतियोगिता 2025 में भाग लेने के लिए रवाना हुई। यह प्रतियोगिता 5 अप्रैल से 12 अप्रैल तक हॉकी इंडिया के बैनर तले आयोजित हो रही है।हॉकी सिमडेगा द्वारा जिले की महिला खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अवसर देने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। हॉकी सिमडेगा लगातार प्रयास कर रही है कि जिले के ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय अनुभव मिल सके। इससे पूर्व सिमडेगा की दो पुरुष टीमों को भी बिहार के दानापुर में आयोजित ऑल इंडिया हॉकी प्रतियोगिता में खेलने का अवसर मिला था, जहां टीम विजेता भी बनी थी।टीम को रवाना करते समय हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोणबेगी, पंखरासियूस टोप्पो और कोच तारिणी कुमारी ने खिलाड़ियों को जीत की शुभकामनाएं दीं और उन्हें पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरने का संदेश दिया। खिलाड़ियों में सुरेखा कुमारी, बबीता टोप्पो, सुनीता कुमारी, सुमन कुमारी, रोजी तिग्गा, एलिजा बारला, प्रियंका टोप्पो, अनामिका लकड़ा, गीता कुजूर, जूलिया बेक, किरन बाखला, अंजू एक्का, पूनम तिग्गा, निर्मला लकड़ा, संध्या कांडुलना, अनिता सोरेन, खुशबू केरकेट्टा, नेहा मिंज, प्रभा तिर्की एवं मालती बाखला।



# ट्रेन से फेंकी गई तोरपा कॉलेज की छात्रा को भाजपा नेता ने अस्पताल पहुंचकर जाना हाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** तोरपा कॉलेज की 17 वर्षीय छात्रा अंजू जोजो, जो कि जलडेगा प्रखंड अंतर्गत कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता निरल जोजो की भतीजी है, इन दिनों विशेज पटेल हॉस्पिटल, राउरकेला में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है। घटना 29 मार्च 2025 की है, जब कॉलेज में सरहुल और ईद की छुट्टी के बाद वह हटिया-झारसुगुड़ा पैसेंजर ट्रेन से अपने घर लौट रही थी।परिजनों के अनुसार, पोकला रेलवे स्टेशन पर कुछ अज्ञात लोगों ने अंजू पर हमला कर उसे ट्रेन से नीचे प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर फेंक दिया। घटना रहस्यमयी है और गंभीर जांच का विषय बनी हुई है। बच्ची के सिर में गहरी चोट, बाजू में घाव और पैर में दांत के काटे हुए निशान मिले हैं। एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद अंजू को होश नहीं आया है और उसकी हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है।शनिवार को भाजपा नेता सुजान मुंडा अस्पताल पहुंचे और पीड़िता के परिजनों से मिलकर हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने प्रशासन से त्वरित जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की और कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए वे हर स्तर पर साथ खड़े रहेंगे।परिजनों ने भी प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है और दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।



# भंवर पहाड़गढ़ स्थित जगन्नाथ मंदिर में 11 अप्रैल से होगी कार्यक्रम

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के भंवरपहाड़ गढ़ स्थित भगवान जगन्नाथ स्वामी मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी देश राज्य एवं गांव के सुख शांति एवं समृद्धि के लिए दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजित की गई है। धार्मिक अनुष्ठान के पहले दिन 11 अप्रैल दिन शुक्रवार को सुबह 7:00 बजे मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली जाएगी तत्पश्चात अपराह्न 1:30 बजे से हरि कीर्तन प्रारंभ होगा वही 12 अप्रैल दिन शनिवार को पूर्ण होती एवं भंडारे का आयोजन किया गया है. जानकारी देते हुए पूजा समिति के मुखिया अमरनाथ सिंह ने बतलाया कि इस दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में सिमडेगा एवं गुमला जिले के विभिन्न जगहों की कीर्तन मंडली भाग लेगी. उन्होंने सनातन धर्म लंबियों को इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

# कल्याण निकेतन ने तीन आंगनबाड़ी केदो में बच्चों के बीच किया गया यूनिफॉर्म वितरण

**सिमडेगा।** छोटानागपुर कल्याण निकेतन, सिमडेगा द्वारा इंडियन रूरल अपलिफ्मेंट इनिशिएटिव के अंतर्गत ठेठईटांगर प्रखंड के तीन आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति को प्रोत्साहित करने हेतु एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।इस पहल के तहत आंगनबाड़ी में आने वाले बच्चों के बीच यूनिफॉर्म और शिक्षा से संबंधित किट का वितरण किया गया, ताकि बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि और उत्साह बढ़े। यूनिफॉर्म पहनकर बच्चे न केवल आत्मविश्वास से भरपूर महसूस कर रहे हैं, बल्कि अब वे नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों का रुख भी कर रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को पौष्टिक आहार के साथ-साथ प्राथमिक शिक्षा की ओर प्रेरित करना है, जिससे उनका स्वास्थ्य और मानसिक विकास सुनिश्चित किया जा सके। यूनिफॉर्म और शैक्षणिक सामग्री मिलने से बच्चों और उनके अभिभावकों के बीच भी शिक्षा के प्रति सकारात्मक सोच देखी जा रही है।यह प्रयास न सिर्फ बच्चों के समग्र विकास की दिशा में एक सार्थक कदम है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की पहुंच को मजबूत करने की दिशा में भी एक प्रेरणादायक उदाहरण बन रहा है।

### जिला प्रशासन ने की रामनवमी पर्व आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ मनाने की अपील

# जुलुस के साथ जेनेरेटर की रहेगी व्यवस्था, ड्रोन से होगी निगरानी



- जुलूस के दौरान बिजली और पानी की व्यवस्था रहेगी जुलूस की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी की जायेगी
- जुलूस के रूट में नहीं होगा बदलाव, सभी जुलूस अपने निर्धारित समय पर निकलेंगे तथा अश्लील गाने और डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा
- किसी भी तरह का उपद्रव व अफवाह फैलाने वाले असमाजिक व अराजक तत्वों के विरूद्ध सख्त-से-सख्त कार्रवाई की जाएगी
- माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** रामनवमी पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को नगर भवन सभागार गिरिडीह में जिला स्तरीय पदाधिकारी/पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। सौहार्दपूर्ण माहौल में रामनवमी का पर्व संपन्न कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारियों से थाना व अंचल स्तर पर आयोजित शांति समिति की बैठक की जानकारी ली गयी। बीडीओ, सीओ व थाना प्रभारियों को अलर्ट मोड़ में रहने को कहा गया। किसी भी तरह की आपत्तिजनक, अश्लील गाने को बजाया नहीं जाएगा। डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। बैठक में मुख्य रूप से नगर एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग तथा पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार के मंत्री, विधायक जमुआ, विधायक बगोदर, विधायक डुमरी, उपायुक्त महोदय, पुलिस अधीक्षक, सांसद प्रतिनिधि, कोडरमा लोकसभा, सांसद प्रतिनिधि, गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र, सांसद प्रतिनिधि राज्यसभा, विधायक प्रतिनिधि गांडेय विधानसभा, विधायक प्रतिनिधि धनवार विधानसभा, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी, गिरिडीह जिला, शांति समिति के सदस्य समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि रामनवमी पर्व के अवसर पर उत्कृष्ट विधि-व्यवस्था संधारण, सुचारू यातायात प्रबंधन तथा सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक भागीदारी और समन्वय से त्योहार में शांति व्यवस्था कायम रहेगी। विधि व्यवस्था संधारण में प्रशासन को मदद मिलेगी। साथ ही सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारा बनाये रखने में शांति समिति, प्रबुद्धजन, समाजसेवी एवं गणमान्य व्यक्तियों की अहम भूमिका है। इसके अलावा उन्होंने सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों को उनके दायित्वों के निर्वहन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही कहा कि सभी अलर्ट रहकर अपने दायित्वों का निर्वाहन करेंगे। सभी अनुमंडल क्षेत्रों में कंट्रोल रूम कार्यरत रहेगा। जुलुस के साथ जेनेरेटर एवं लाइट की व्यवस्था रहेगी तथा ड्रोन से पूरे जुलूस की निगरानी होगी।

उन्होंने कहा कि जुलूस के रूट में बदलाव नहीं होगा। नियमसंगत

### कोडरमा में फोरलेन हाईवे पर आए दिन हो रहें हादसे

# लापरवाही से लोग गंवा रहे जान



**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा** जिले में बरही से लेकर जेजे कॉलेज तक 27.5 किलोमीटर फोरलेन का निर्माण पूरा कर लिया गया है. लेकिन निर्माण में कई जगहों पर खामियों की वजह से पूरा फोरलेन एक्सीडेंटल जोन बनता जा रहा है. कोडरमा से गुजरने वाली एनएच 31 को एनएच 20 में तब्दील करते हुए रफ्तार भरी सड़क का निर्माण तो पूरा कर लिया गया है. लेकिन आए दिन इस सड़क पर हादसे हो रहे हैं, जिसमें लोग अपनी जान गवां रहे हैं. सड़क पर 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली फोरलेन में सर्विस लेन भी बनाया गया है, लेकिन कई जगहों पर यातायात नियमों की अनदेखी कर कट दिया गया है. इसके साथ ही शहर से गुजरते वक्त भी एनएच निर्माण में कई खामियां हैं. इन खामियों के साथ सड़क किनारे संचालित होने वाले गैरेज भी सर्विस लेन पर चल रहे हैं. कई बार इन गैरेज संचालकों को हटने की प्रशासन ने हिदायत भी दी. नहीं मानने पर फाइन भी लगाया, बावजूद सर्विस लेन के बीच में गाड़ियों की रिपेयरिंग होती देखी जा रही है. सर्विस लेन में गाड़ियों की रिपेयरिंग होने की वजह से दुपहिया और छोटे वाहन भी फॉरलेन से ही गुजरते हैं और हादसे को आमंत्रण देते हैं. कोडरमा में तेज रफ्तार से चलने वाली सड़क भी बन गई है और रफ्तार के साथ कोडरमा से गुजरने वाली फोरलेन पर गाड़ियां भी दौड़ रही हैं.

# शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं त्योहार : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** महारामनवमी शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न करवाने के लिए डीसी नैंसी सहाय ने बरही अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों के लिए दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किया है. इस बाबत डीसी ने आदेश जारी करते हुए पत्र जारी किया है. जारी निर्देश के अनुसार सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक निवेदिता राय को पदमा, बरही अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू को बरही, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी को बरकट्ठा, भूमि सुधार उपसमाहर्ता बरही अजय भगत को चौपारण एवं कार्यपालक दंडाधिकारी बरही दीपा खलखो को चलकुशा प्रखंड में बतौर दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं. सभी प्रतिनियुक्त वरीय दंडाधिकारियों को रामनवमी त्योहार के अवसर पर विधि व्यवस्था की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी संवेदनशील स्थानों की समीक्षा कर अपने आवंटित प्रखंड में सभी जुलूस को शांतिपूर्ण एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं. सभी प्रतिनियुक्ति के वरीय प्रभार में उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद रहेंगे. इसके साथ ही डीसी ने आम लोगों से शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील किया है.

### टोकीसूद ब्लॉक 2 कोल परियोजना चालू करने को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

# अधिकारियों ने कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गई



### परियोजना चालू करने को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर परिचर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड में टोकीसूद ब्लॉक 2 कोल परियोजना चालू करने को लेकर के संबंधित क्षेत्र के निवासियों की उपस्थिति में शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा पतरातू प्रखंड अंतर्गत टोकीसूद ब्लॉक 2 कोल परियोजना चालू करने को लेकर आ रही समस्याओं से सभी को अवगत कराया गया। इस दौरान भूअर्जन, नौकरी सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, टोकीसूद ब्लॉक 2 कोल परियोजना के पदाधिकारियों व ग्राम के निवासियों के साथ चर्चा की गई। मौके पर ग्रामीणों द्वारा अपने पक्ष को सभी के समक्ष रखा गया। जिस पर उपायुक्त एवं परियोजना के अधिकारियों द्वारा कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गयी। साथ ही परियोजना चालू करने को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर परिचर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

### अंग्रेजी विभाग की संगोष्ठी का आयोजन

**डुमरी।** पीएन कॉलेज में शनिवार को प्राचार्य डॉ मनोज कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में अंग्रेजी विभाग के द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय 'कॉनफीडेंस बिल्डिंग इन इंग्लिश लैंग्वेज यूएसई।टिप्स एंड टेक्नीक' थक। मुख्य अतिथि डॉक्टर रंजन कुमार प्राचार्य बाघमारा कॉलेज एवं विशिष्ट अतिथि डॉ रविंद्र कुमार मिश्रा व्याख्याता सरिया कॉलेज उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत प्रो योगेश प्रसाद ने अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया।प्राचार्य डॉ मिश्रा ने अपने संबोधन में अंग्रेजी भाषा के महत्व के बारे में बताया वहीं उप प्राचार्य प्रो जसवंत कुमार सिन्हा ने कहा कि इस आधुनिक युग में अंग्रेजी का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है जिसके बिना एक अच्छे भविष्य की कल्पना नहीं की जा सकती।कार्यक्रम में टीआर डा शशिभूषण,प्रो प्रियंका कुमारी,प्रो राजकुमार मेहता ,प्रो संगीता कुमारी इकोनॉमिक्स, प्रो. मधु जायसवाल, प्रो कुबेर अग्रवाल, प्रो रजनी कुमारी, सपना सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# विधायक ने 25 अखाड़ा धारियों को सौंपा पारंपरिक हथियार



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र के 25 अखाड़ा धारियों के बीच विधायक अमित कुमार यादव ने रामनवमी को एतिहासिक बनाने हेतु अस्त्र-शस्त्र का वितरण किया । शनिवार को भाजपा सह आवासीय कार्यालय में क्षेत्र के 25 अखाड़ा धारियों को पारंपरिक हथियार के रूप में लाठी-तलवार भेंट किया। विधायक ने प्रत्येक अखाड़ा धारियों को तलवार और लाठियां देकर उन्हें विलुप्त होती पारंपरिक दंड और तलवार कला प्रदर्शन को जीवंत करने एवं भावी पीढ़ी को अस्त्र-शस्त्र परिचालन अभ्यास कराने के साथ आगामी रामनवमी जुलूस में पुरानी परंपरा को जीवंत करने की अपील की। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के लोगों से रामनवमी त्योहार को हर्षोल्लास और शांति सौहार्द के साथ मनाने की अपील की मौके पर विधायक प्रतिनिधि त्रिवेणी यादव, रीतलाल प्रसाद, उमेश यादव,मधुलाल यादव, राजेन्द्र यादव, शिवशंकर यादव, जीवन यादव, चंदन ठाकुर समेत आदि लोग उपस्थित थे।

# महाअष्टमी पर काली मंडा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। गावां गिरिडीह** गावां बाजार के प्रसिद्ध काली मंडा में वासंतिक नवरात्र की महासप्तमी को शुक्रवार की देर रात मां दुर्गा का पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंडितों ने मां का पट खोला और भक्तों ने देवी दुर्गा के अलौकिक रूप के दर्शन किए। महासप्तमी को माता के कालरात्रि रूप की आराधना की गई। महाअष्टमी पर शनिवार की सुबह माता के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। देवी के महागौरी रूप की पूजा की गई। शाम को निशा पूजा व श्रृंगार पूजा का आयोजन किया गया। महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान मेले में युवा समेत बच्चों में उल्लास का माहौल बना रहा। अष्टमी को लेकर दिनभर मंदिरों में पूजा का दौरा जारी रहा और जय माता दी के जयकारों से मंदिर गूंजता रहा। वहीं इसको लेकर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद नजर आई। महाअष्टमी और रामनवमी को लेकर बाजारों में खरीदारों की भी भारी भीड़ देखी गई। फल से लेकर झंडा के दुकानों में खरीदारों की भीड़ लगी रही। बता दें कि गावां में 18वीं सदी के पूर्वाध से चैती दुर्गा पूजा का आयोजन हो रहा है। पूजा के दौरान तीन से चार दिनों का भव्य मेला भी लगता है। इस विशेष मौके पर काली मंडा परिसर में मेला भी लगा है।

# सीमेंट लदे ट्रक ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, मौत



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** कुजू ओपी क्षेत्र के लकड़ीगेट फोरलेन सड़क पर शनिवार की अहले सुबह सीमेंट लदा 14 चक्का ट्रक की चपेट के आकर एक 72 वर्षीय बुजुर्ग की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। जबकि ट्रक असंतुलित होकर सड़क के किनारे पलट गया। इधर घटना के बाद आस-पास के ग्रामीण सीमेंट को लूटने में जुट गए। बताया जाता है कि फोरलेन सड़क के किनारे सुबह में लकड़ी गेट 6 नंबर निवासी सेवानिवृत सीसीएल कर्मी खीरू रविदास( 72 वर्ष) पिता स्व बुटन रविदास टहल रहे थे। इसी बीच टाटा से सीमेंट लेकर हजारीबाग जा रही ट्रक संख्या जेएच 10 सीए 0342 ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बुजुर्ग पास के गड्ढे में जा गिरा और उसकी मौत हो गई। इधर, सूचना बाद पहुंची कुजू पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। जबकि चालक और उपचालक फरार हो गये ।

# माता वैष्णों देवी मंदिर में सजाई गई माता की चौकी, भक्ति गीतों से झूमे श्रद्धालु



- गायक विक्की कुमार ने मेरे सिर पर रख दे मैया अपने दोनों हाथ, नंगे नंगे पांव चे उपर गया तेरा पुजारी, मां तेरी तुलना किससे करूंगा, तुझ ना और कोई आदि भजन प्रस्तुत की लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में बासंती नवरात्र के अवसर पर पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में शुक्रवार को मंदिर परिसर में माता की चौकी सजाई गई। जिसमें नव दुर्गा जागरण मंडली रामगढ़ के भजन गायक राजू कैंथ, विक्की कुमार ने संयुक्त रूप से गणेश वंदना से माता की चौकी का शुभारंभ किया। इसके बाद मंडली के गायक विक्की कुमार ने मेरे सिर पर रख दे मैया अपने दोनों हाथ, नंगे नंगे पांव चे उपर गया तेरा पुजारी, मां तेरी तुलना किससे करूंगा, तुझ ना और कोई आदि भजन प्रस्तुत किया। इसके अलावे रामगढ़ के प्रसिद्ध भजन गायक कमल बगड़िया व ध्रुव सिंह ने भी एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किया। इस दौरान सभी श्रद्धालु भक्त झूमने पर मजबूर हो गए और माता रानी के जयकारे लगाकर ओतप्रोत होते नजर आए। इससे पूर्व सजाई गई माता की चौकी में माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव और सचिव महेश मारवाह की मौजूदगी में पंडित किशोर शर्मा द्वारा सभी धार्मिक अनुष्ठानों के मुख्य यजमान सुमित मारवाह व उनकी पत्नी जया मारवाह को विधिवत पूजन कराया गया। इसके बाद माता रानी का जयकारा लगाते हुए मुख्य यजमान द्वारा ज्योत प्रज्वलित किया गया।

## रामनवमी त्योहार को लेकर ताराटांड़ पुलिस का फ्लैग मार्च

**गांडेय ,गिरिडीह।** रामनवमी त्योहार को लेकर ताराटांड़ पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए रविवार को फ्लैग मार्च किया। थाना प्रभारी सुशांत कुमार चिरंजीवी के नेतृत्व में पुलिस बल ने भंडारीडीह, मोहलीडीह सहित विभिन्न क्षेत्रों में पैदल मार्च किया। इस दौरान पुलिस ने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। थाना प्रभारी ने कहा कि पर्व के दौरान कानून व्यवस्था भंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।क्षेत्र में डॉन कैमरा से भी निगरानी रखी जा रही है।

### 30 घंटे बाद बोकारो स्टील प्लांट का खुला गेट, देर रात हुई हिंसक झड़प में कई घायल

**बोकारो।** जिले में विस्थापित युवक की मौत के बाद हंगामा और बोकारो बंद को देखते हुए डीसी के द्वारा बुलाई गई वार्ता विफल रही. जिसके बाद शुक्रवार देर रात को डीसी विजय यादव के नेतृत्व में बीएसएल गेट के सामने धरना दे रही बोकारो विधायक श्वेता सिंह को हिरासत में ले लिया गया और बोकारो स्टील प्लांट का गेट खोल दिया गया. 30 घंटे से प्लांट में फंसे कर्मियों को भी बाहर निकाल दिया गया. इसके साथ ही अब प्लांट में कर्मचारियों का आवागमन शुरू हो गया है. बोकारो डीसी विजया जाधव और एसपी मनोज स्वर्गियारी ने जिले वासियों से और आमजन से अपील की है कि शहर और आसपास के क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखें.

**चास अनुमंडल में धारा 163 लागू** : चास एसडीओ प्रांजल ढांडा ने अनुमंडल क्षेत्र में बीएनएसएस की धारा 163 के तहत आदेश जारी किया है. यह आदेश प्रदर्शन के 24 घंटे बाद जारी किया गया है. आदेश जारी होने के बाद पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर रोक रहेगी.

# गिरिडीह के बारूद घर के पास पहाड़ी में लगी आग, दमकल की मदद से पाया काबू

### पहाड़ी इलाके में आग लगने से जवानों को बुझाने में थोड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** गर्मी आरंभ हो चुका है. महुआ का सीजन भी चल रहा है. इस बीच कई जगहों पर आग लगने की घटना भी सामने आ रही है. इस बार आग गिरिडीह के सीसीएल बनियाडीह क्षेत्र के भदुआ पहाड़ी के झाड़ियों में लगी थी. जिस स्थान पर आग लगी है, उसके पास सीसीएल का मैगजीन हाउस (बारूद घर) मौजूद है. जबकि दूसरी तरफ एसएसबी जवानों का कैंप है. कैंप में मौजूद जवानों की नजर अचानक पहाड़ी से उठ रहे धुएं पर पड़ी. जिसके बाद एसएसबी के अधिकारी और जवान मौके और पहुंचे और आग को बुझाने का काम शुरू किया. पहाड़ी इलाके में आग लगने से जवानों को बुझाने में थोड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ा. पहाड़ के निचले भाग में लगी आग पर जवानों ने काबू पा लिया, लेकिन ऊपरी हिस्से की आग पर काबू पाने के लिए दमकल का सहारा लेना पड़ा. मौके पर जवानों ने दमकल की टीम को सूचना दी. जिसके बाद दमकल टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया गया. पहाड़ी इलाका होने से आग को बुझाने में दमकल टीम को भी थोड़ा मुश्किलों का सामना करना पड़ा. उधर आग लगने की सूचना जवानों द्वारा सीसीएल को दे दी गई है. दमकल और एसएसबी जवानों की मदद से आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है. जिले के भदुआ पहाड़ी इलाके में हर वर्ष आग लगती है. हाल ही में एक महीना पूर्व में भी इसी पहाड़ी में आग लगी की घटना सामने आई थी. जबकि पिछले साल भी इस पहाड़ी इलाके में आग लगी थी. जानकारों का कहना है कि इस पहाड़ी में महुआ चुनने के लिए या फिर किसी नशेड़ियों के द्वारा इस तरह की घटना को अंजाम दिया जाता है.

### रामनवमी को लेकर बिरनी में पुलिस प्रशासन अलर्ट, निकाला फ्लैग मार्च

**बिरनी।** रामनवमी पर्व को लेकर बिरनी प्रखंड में पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार फ्लैग मार्च किया जा रहा है। वहीं, संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है और जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। लेवरा, दंलगी, गुड़ीटांड, बंगराकला, तेतरिया, सलेडीह और डबरी सहित कई क्षेत्रों में प्रखंड विकास पदाधिकारी फणीश्वर रजवार, अंचल अधिकारी संदीप कुमार मद्धेशिया, बिरनी थाना प्रभारी आकाश भारद्वाज तथा भरकट्टा ओपी प्रभारी अमन कुमार ने स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर शांति और सौहार्द्रपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे पुलिस के सहयोगी बनें और किसी भी प्रकार की अफवाह या उपद्रव की स्थिति में तुरंत सूचना दें। कई स्थानों पर पुलिस द्वारा पुलिस मित्र योजना के तहत लोगों को जोड़कर समुदायिक सहयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# सन्नू की आस्था: लोहे की कील का बिस्तर और कांटियों का झूले पर कर रहीं आराधना

### घर के अंदर ही कलश स्थापित किया गया. फिर लोहे की कील (कंटियों) का बेड बनाया और सीने पर कलश को रखकर माता की भक्ति में जुट गई



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** आस्था में इतनी शक्ति है कि लोग कष्ट को भूल जाते हैं. कुछ ऐसी ही आस्था जिले के भंडारो में देखने को मिल रही है. यहां 14 साल की किशोरी सन्नू कुमारी मां दुर्गे की भक्ति में पूरी तरह लीन हो चुकी है. माता का आशीर्वाद पाने के लिए वह लोहे की कील (कांटी) बिछे बिस्तर पर लेटकर, सीने पर कलश लेकर दिन रात आराधना कर रही हैं. जमुआ प्रखंड के हीरोडीह थाना क्षेत्र के भंडारो की इस किशोरी की भक्ति को देखने और मन्नत मांगने के लिए लोग दूर-दूर से लोग पहुंच रहे हैं. सब कोई आश्चर्यचकित है कि आखिर एक लड़की ऐसी कठिन तपस्या कैसे कर सकती है. भंडारो निवासी राजेंद्र विश्वकर्मा और गीता देवी की पुत्री सन्नू कुमारी पढ़ने में तेज है. मैट्रिक में फर्स्ट डिवीजन ला चुकी सन्नू इंटर में अपना नामांकन करवा चुकी है. दूसरी तरफ वह पूजा-पाठ में भी जुटी रहती है. इस बार सन्नू ने चैत्र नवरात्र का व्रत शुरू किया. घर के अंदर ही कलश स्थापित किया गया. फिर लोहे की कील (कंटियों) का बेड बनाया और सीने पर कलश को रखकर माता की भक्ति में जुट गई. नवरात्र आरम्भ होने के बाद से सन्नू ने अन्न-जल तक ग्रहण नहीं किया है. सन्नू की मां बताती हैं कि सरस्वती पूजा के समय से ही वो कुछ अधिक धार्मिक हो गई. इस बार जब चैत्र नवरात्र आया तो उसने कलश स्थापित किया. पिता ने बताया कि उसने कांटी लगा हुआ चौकी और झूला मंगाया. इसके बाद सन्नू ने आराधना शुरू की. इस कठिन आराधना करने से सन्नू को मना किया गया लेकिन वह तैयार नहीं हुई. सन्नू पूरे नवरात्र इसी चौकी पर सोयेगी फिर नवरात्र खत्म होने पर कांटी के झूले में झूलकर व्रत तोड़ेगी.



## खुशियों की बरसात

नियति को भी न जाने क्या सूझा था! रजनी को शादी की सौगात बरसात की रात में मिली। रह-रहकर कौंधती दामिनियों पर बादलों की गड़गड़ाहट। तिसपर, घर के बड़े-बुजुर्गों की तमाम नसीहतों ने उसे आशंकित और भयभीत कर दिया था। वह जानती थी कि आर्थिक बदहाली में ही उसके माँ-पिता ने इतना शीघ्र उसकी शादी का निर्णय लिया था और वह खुद भी 'ना' नहीं कर सकी थी। किंतु, विवाह निश्चित होते वक्त कन्या-निरीक्षण की रस्म-अदायगी में लड़के और उसके घरवालों के सम्मुख जाने से पूर्व रजनी ने अपनी माँ को धीमे स्वर में कहा था, "माँ! मैं आगे भी पढ़कर अपना कैरियर बनाना चाहती हूँ"।



मनोज कुमार झा 'मनु'

"अभी चुप कर, बेटा! कोई सुन लेगा तो कहीं बनी-बनाई बात न बिगड़ जाय। वैसे भी आजकल बिना दहेज के शादी कहाँ होती! धन्य भाग हमारे कि लड़के का बाप भला मानुष है। उन्होंने खुद ही कहा था कि आपकी सुंदर और सुलक्षणा लड़की तो लाखों में ढूँढ़े-से भी नहीं मिलती। भला मैं दहेज लेने का दुस्साहस कैसे कर सकता हूँ", माँ ने फुसफुसाते हुए समझाया था।

किंतु, रजनी के चेहरे को पता नहीं उसके होनेवाले ससुर जी ने कैसे पढ़ लिया था! उन्होंने जानबूझकर उसे छेड़ते हुए कहा, "अमर अच्छी नौकरी में है। तुझे रानी बनाकर रखेगा, देख लेना"। सुनते ही रजनी का दिल बैठ गया क्योंकि वह मात्र रानी बनकर रहना तो चाहती ही नहीं थी। वह तो पंछी की तरह अपनी पसंद के आसमान में उन्मुक्त उड़ान भरना चाहती थी। क्या उसके सपनों का राजकुमार उसके सपनों को समझ सकेगा?

भोर की सुनहली किरणों ने धरा का आलिंगन किया था कि उसके ससुर जी का स्वर गूँजा- "बहू! तू किसी भी तरह की चिंता मत करना। वैवाहिक रस्म में दुल्हन ही दहेज होती है! और, सुन! मेरे बेटे से आगे बढ़ना है तुझे। तुझमें प्रतिभा है, तू ऐसा कर सकती है। इस वैवाहिक बंधन में बँधकर भी तू अपनी पढ़ाई और कैरियर के लिए आज़ाद है। जा, अपने सपनों को पंख दे। क्या अमर बेटा, मैं सही कह रहा हूँ न!"

रजनी हर्षातिरेक से भाव-विह्वल हो उठी। उसकी तमाम आशंकाएँ निर्मूल साबित हुईं। उसने कृतज्ञतापूर्वक अपने सास-ससुर के चरण-स्पर्श किए। उसकी आँखों से बरसाती नदी उफनकर बहने लगी थी गोया कि गत रात की बरसात का सारा पानी वहीं समाहित हो गया हो। बहती अश्रुधार के बीच कनखियों से रजनी ने अपने पति अमर की ओर निहारा जो तनिक दूर खड़ा मुस्करा रहा था।

# रजरप्पा : सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ



अनिता रश्मि



बेहद खूबसूरत झारखंड के चप्पे-चप्पे में इतिहास भी छिपे हैं, पौराणिक आस्था के प्रमाण भी। प्राकृतिक खूबसूरती का तो जवाब ही नहीं। जलप्रपात, पर्वत, घाटियाँ, झरने सब हर क्षेत्र में अपनी मोहकता से पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। रांची से लगभग 80 किलोमीटर की दूरी पर रामगढ़ जिले के चितरपुर में रजरप्पा के भेड़ा नदी (भैरवी नदी) और दामोदर नद के संगम पर स्थित माँ छिन्नमस्तिका मंदिर कामाख्या मंदिर के बाद सबसे बड़े शक्तिपीठ के रूप में सुविख्यात है।

पुराणों में भी इस शक्तिपीठ का उल्लेख मिलता है। प्राचीनकाल के रज नामक राजा और रानी रूपमा के नाम से इस स्थान का नाम रजरूपमा पड़ा। वही कालांतर में अपभ्रंश रजरप्पा हो गया। प्रचंडचंडिके नाम से भी विख्यात देवी ने योगनियों की भूख मिटाने के लिए अपना सर स्वयं काट लिया था। तभी से उन्हें माता छिन्नमस्तका कहा जाने लगा। मंदिर के अंदर शिलाखंड में देवी छिन्नमस्तिके का गला सर्पमाल तथा मुंडमाल से सुशोभित है। खुले-बिखरे केश, जिह्वा बाहर, आभूषणों से सुसज्जित देवी का दिव्य रूप अंकित है। दाएँ हाथ में तलवार, बाएँ में अपना ही कटा मस्तक थामे अगल-बगल खड़ीं डाकिनी और शाकिनी को वे रक्तपान करा रही हैं। स्वयं भी रक्तपान कर रही हैं। इनके गले से रक्त की 3 धाराएँ बह रही हैं। बायाँ पाँव आगे बढ़ाए हुए कमल पुष्प पर विराजमान छिन्नमस्तिके के पाँवों के नीचे कामदेव और रति शयनावस्था में हैं।

कहते हैं, किसी राजा को देवी ने दर्शन देकर बताया था कि प्राचीनकाल से ही वे वहाँ गुप्त रूप से निवास कर रही हैं। कुछेक के अनुसार किसी चरवाहे को दर्शन दिया था, बताया था। जनश्रुति है, स्वयं विश्वकर्मा ने अंदर से चट्टान काटकर मंदिर का निर्माण किया है।

पार्श्व में कल-कल करती भैरवी नदी और दामोदर का संगम स्थल अत्यंत दिलकश है। भैरवी नदी स्त्री नदी है जबकि दामोदर पुरुष। संगम स्थल पर भैरवी नदी ऊपर से नीचे की ओर दामोदर नदी पर गिरती है। मुख्य छिन्नमस्तिके मंदिर के अलावा महाकाली मंदिर, दस महाविद्या मंदिर, शंकर मंदिर, बाबाधाम मंदिर, सूर्य मंदिर, बजरंग बली मंदिर विराट रूप मंदिर नामों से कुल 7 नए मंदिर बनाए गए हैं।

मुंडन कुंड, वायु कोण कुंड, ईशान कोण का यज्ञ कुंड, अग्निकोण कुंड, पापनाशिनी कुंड हैं। 1972 में निर्मित एक सीढ़ी दामोदर से मिलती है। इसे तांत्रिक घाट कहा जाता है, यहाँ से भक्त दामोदर में स्नान कर सीधे मंदिर में जाते हैं।

बली अब मुख्य मंदिर से दूर अलग परिसर में होता है। बली का प्रसाद व भोजनादि पास की दुकानों में ऑर्डर पर बनते हैं। विश्राम की उत्तम व्यवस्था।

थोड़ी दूर वन विभाग का काफी पुराने गेस्ट हाउस में दुबारा जाना सुखदायी लगा। पिछली बरसात में कच्ची घाट पर खड़ी नाव से भेड़ा नदी को पार किया था। भेड़ा नदी पर गाँव को जोड़ने में सक्षम पुल बन गया है। मंदिर के पास नवनिर्मित व्यू प्वाइंट से देखने पर दोनों सरिताएँ मिलकर गले के नेकलेश की मानिंद नजर आ रही थीं। झारखंड के नद (एकमात्र नद) दामोदर, स्वर्ण देनेवाली स्वर्णरेखा, काँची, शंख, कोयल आदि का जल अन्य जगह मटमैला या काला हो चुका है। लेकिन यहाँ उसका नीलाभ, हरा रंग मनमोहक।

बचपन से जाती रही हूँ। संगम स्थल को हर कोण से देखा है। हहराती सरिता की चट्टानों पर पाँव धर उसे पार किया था, अलग आन्नद की अनुभूति... दूसरी राह से सीधे मंदिर के निकट पहुँचा जा सकता है। विवाह, मुंडन, पूजन, सुकुनदायी यायावरी संग मनता मानने और उतारने लोग जाते ही रहते हैं।

छात्र जीवन में घनेरे जंगल में पिकनिक मनाया था। अब कट चुके हैं अनगिनत वृक्ष। फिर भी अप्रतिम खूबसूरती मन मोह लेती है। वर्षा ऋतु में बाढ़ की विभीषिका झेल चुके देवी स्थान और सारे प्रतिष्ठान बरजते रहे हैं, बरसात के कुछ दिनों बाद आएँ। तब नदियों की बेलौस खूबसूरती देखी जा सकती है। पास ही चुटूपालू घाटी, ओरमांझी आदि भी घूम सकते हैं।

### कैसे जाएँ, कहाँ रुकें

रांची, हजारीबाग निकट है। निकटतम हवाई अड्डा व रेल पथ राँची में। निकटतम बस स्टैंड रामगढ़। वैसे हर इलाके से सड़क मार्ग के लिए छोटे-बड़े वाहन उपलब्ध। दुपहिया वाहन से भी जा सकते हैं। पास के रामगढ़ में हर रेंज में रहने की उत्तम व्यवस्था।

## संस्मरण - ईदी

"माँ माँ तुम्हें पता है कल से ही गोपाल मैदान में स्वदेशी मेला लगा है ".बेटी ने आकर खुश होकर बताया। बहुत दिनों बाद शहर में स्वदेशी मेला लगा था कोविड की वजह पिछले दो तीन सालों से भीड़ भाड़ वाली ये सारी जगहें बिल्कुल ही बंद थी। ग्रामीण परिवेश और अपनी संस्कृति से जुड़े ये स्वदेशी मेले मुझे बड़े अच्छे लगते हैंखूब चहलपहल और रौनक के साथ साथ इनमें एक तरह से पूरे देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति और कला की छोटी मोटी झलक सी मिल जाती है। इन मेलों में हाथ से बनी चीजों से सजी रंग बिरंगी छोटी-छोटी दुकानें बरबस ही अपनी ओर खींच लेती हैं। कहीं जयपुर की बाँधनी और चूड़ियों की दुकान है तो कहीं पंजाब की फुलकारी दुपट्टों और जुत्तियों की। कहीं असम के बाँस की बनी सजावटी चीज़ें हैं तो किसी दुकान में बिहार की मधुबनी कलाकृतियों से सजी सामानें मिल रही थीं और सबसे ज़्यादा भीड़ लगी थी गुजराती झुमकों और हार की दुकानों में हँसती खिलखिलाती मॉल मोलाई करती लड़कियों की टोली टस से मस होने का नाम ही नहीं ले रही थी। इसके अलावा ग्रामोद्योग के बने अचार , बड़ी, पापड आदि की दुकानों से उठती सुगंध से खींचे आए लोगों की जमघट सी लगी थी कोई अचार का स्वाद चख रहा है तो कोई बड़ी पापड़ के पैकेट ख़रीद रहा है। पर इस बार मेले में अन्य वर्षों की अपेक्षा काफ़ी कम दुकानें लगी थीं और भीड़ भी कम थी मैं और मेरी बेटी नें भी मेले की दुकानों में घूमघाम कर कई छोटी छोटी चीजें ले ली थीं और हम मेले का एक चक्कर लगा कर निकलने ही वाले थे कि मेरी नज़र उस छोटे से दुकान पर जा पड़ी। भागलपुरी हथकरघा उद्योग की थी वो दुकान जो बिल्कुल खाली पड़ी थी। हाथ की बुनी कुछ रंग बिरंगी साड़ियों को दुकान से सामने फैलाकर एक बूढ़ा दुकान वाला अकेला ही बैठा था। सर पर क्रोशिये से बुनी टोपी लगाए पसीने और गर्मी से तरबतर चेहरा लिए ग्राहक के इन्तज़ार में अपनी सड़ियों को यूँ ही उलटता पलटता कभी मेरी ओर देखता कभी अपनी साड़ियों कोमुझे अपनी दुकान की ओर देखता पाकर मुझे बुलाने लगा। उसके बुलाने पर मैं पास जाकर बस यूँ ही उसके दुकान के सामने टँगी उन साड़ियों को देखने लगी तो वो बूढ़ा दुकानदार मुझसे बातें करने लगा उसने मुझे बताया की वो भागलपुर के पास के एक छोटे से गाँव का बुनकर है और अलग-अलग मेलों में जाकर अपनी हाथ की बुनी साड़ियाँ बेचा करता है। पर इस बार मेला बस दो तीन दिन के लिए ही लगा था इसलिए उसकी साड़ियाँ एकदम कम बिकीं। उसने बताया कि किस तरह वो बुनकर लोग अपना सामान लेकर एक शहर से दूसरे शहर घूमते हैं और अगर माल नहीं बिका तो घाटे में रहते हैं। वो बातें करता जा रहा था ...शाम हो चली थी और मुझे घर जाने की जल्दी थी .जब मैं बिना कुछ लिए दुकान से निकलने लगी तो वो बूढ़ा साड़ीवाला मुझसे साड़ी लेने की जिद करने लगाकहने लगा "रोज़ा चल रहा है बेटी सुबह से गरमी और धूप में भूखा बैठा हूँ और अभी तक एक भी साड़ी नही बिकी। इफ़्तारी का वक़्त हो चला है , तुम एक साड़ी ले लो बेटी तो जाकर रोज़ा तोड़ूँ।" मुझे साड़ी नहीं लेनी थी और मेरे बटुए में उतने पैसे भी नहीं थे उस समय , मुझे असमंजस में पड़ा देख एक सुंदर सी साड़ी निकाल मुझे पकड़ाते हुए बोला " इस साड़ी को ले लो बेटीतुम पर बड़ी अच्छी लगेगी मैं बिल्कुल कम दाम लगा दूँगातुम्हारे दिए पैसों से मेरे घर भी ईद मन पाएगी।" मैंने उस साड़ी वाले की ओर देखा ..भूख और थकान से क्लांत चेहरे पर जड़ी उन बूढी आँखों में उम्मीद की चमक थीन जाने क्यूँ मुझे लगा मुझे वो साड़ी ले लेनी चाहिए , मैंने उसे कुछ पैसे दिए और वो साड़ी उसके पास रखवा दी और कहा- " अभी इतने ही रुपए हैं मेरे पास , कल पूरे पैसे देकर साड़ी ले जाऊँगी।"मेरी बेटी मुझे आश्चर्य से देख रही थी और वो बूढ़ा मुझे ढेरों दुआयें दे रहा था रात होने वाली थी मैं जल्दी-जल्दी घर की ओर चल दी पीछे मुड़ के देखा तो वो साड़ी वाला दस्तख़ान बिछाकर खुशी-खुशी रोज़ा तोड़ने की तैयारी कर रहा था.दूसरे दिन पूरे पैसे देकर मैं वो साड़ी ले आयी वो उस मेले का अंतिम दिन था साड़ी वाले को पैसे दिए तो ढेरों दुआओं के साथ वो एक बार फिर बोल पड़ा - " ये पैसे लेकर ईद में घर जाऊँगा बेटी "वो खुश था की उसकी ईद अच्छे से मन पाएगी .खुश मैं भी बहुत थी , मुझे ईद के पहले ही उसकी दुआओं की ईदी जो मिल गई थी.



रीना सिन्हा सलोनी

## नवगीत

सिंक रही हैं भावनाएं रोटियों सी,
गोल घिरते जिन्दगी के व्यूह इतने,
हर मोड़ पर ज्यों घूमती है गोल रोटी
फिर भी कोई आस मन की अनबुझी सी,
सिंक रही हैं भावनाएं रोटियों सी,
मै घुमाती हूँ समस्याओं के पट पर,
उलझनें आटे सी गीली,
भूख सी फैली हुई है आंच मन की,
सिंक रही हैं भावनाएं रोटियों सी,
कल फिर खिलेगा क्षुधा का विकराल सूरज,
फिर सजेगा घर का कोई एक कोना,
थालियों में सज उठेंगी कामनाएं,
फिर कोई सपना दिखाती प्यास होगी,
सब्जियों सी काटती हूँ,दर्द की हर रात बीती,
सिंक रही हैं भावनाएं रोटियों सी.



पद्मा मिश्रा

दाल पकती ज्यों कोई भूली कहानी,
हास हल्दी का.., नमक सी पीर जग की,
प्रार्थनाएं छौंक सी बेवक्त उठतीं,
घुट रही साँसों में जीवन की उदासी.
सिंक रही हैं भावनाएं रोटियों सी.
यह रसोईं है मेरे सपनो की दुनिया,
-मधुरता कविता में निशि दिन घोलती हूँ,
चाकुओं को धार देती ,सोचती हूँ,
कर रही हूँ धार पैनी अक्षरों की
और गढ़ रही हूँ गीत कोई स्वप्न दर्शी,
सिंक रही हैं भावनाएं रोटियों सी.

### काव्य कोना

## ज़िन्दगी में है शर्त कहाँ?

सौदे में शर्त है
क्रय-विक्रय में शर्त है
मुक्त छंद है ज़िन्दगी
ज़िन्दगी में है शर्त कहाँ?
कुंठा पनपेगी
राग-द्वेष संग आयेगा
प्रतिस्पर्धा के समावेश में
सर्वशक्तिमान होने के भ्रम में
अहम् की बढ़ोतरी
शर्त से शर्त लगेगी
ज़िन्दगी में शर्त अपना रंग दिखायेगी।
मौत भी अनोखी है
शर्त संग आयेगी
वह भी अजीब है
अनायास, दबे पांव आने का
मौत की अपनी शर्त है
ज़िन्दगी में है शर्त कहाँ?
ज़िन्दगी में है शर्त कहाँ?

नाग मणि

## रक्तवस्त्र

योनियों में अंतर रहेगा कब तक
श्रेष्ठ पुरुषत्व के हाथ में रक्त
काम की अग्नि नहीं बुझ रही
रक्तवस्त्र के चिथड़े कब तक!
अख़बारों के शीर्षक में रक्त
समाज की दरिंदी आँखों में रक्त
वह तीन साल की हो या तीस की
अधर पर रक्त चिबुक पर रक्त!
कभी मोमबत्ती की लौ सी बहती
कभी नाली के पानी सी सड़ती
लाश बनी टुकड़ों में कटी
कभी स्पर्श में ही गंध सिक्त!
हवस का संदेश हवस ही खाली
कब तक तुम रहोगी ऐसे मूक
मूरत हो पर रक्तवस्त्र तुम्हारे भी हैं
मां कामाख्या हमें बनाओ काली!!



डॉ आकांक्षा चौधरी

## त्यागपत्र

गाँव के वृद्ध पंडित जी ने जीवनभर ईमानदारी से बच्चों को पढ़ाया, संस्कार दिए और भजन-कीर्तन में लीन रहे। लोग उनका आदर करते थे, परंतु उनकी झोपड़ी में अक्सर अनाज की कमी रहती थी। वृद्धावस्था में भी वे फटी धोती पहने मंदिर की सीढ़ियों पर बैठते थे। एक दिन गाँव में एक प्रसिद्ध डकैत आया, जो वर्षों से हत्या और लूटपाट कर करोड़पति बन चुका था। उसने गाँव के मंदिर के लिए एक स्वर्ण कलश दान किया। अगले ही दिन गाँव में उसका भव्य स्वागत हुआ—मालाएँ, ढोल-नगाड़े, आरती और जयकारे से! पंडित जी को यह देखकर आश्चर्य हुआ। वे सोचने लगे—"जो धन परिश्रम से कमाए बिना भय और रक्त से अर्जित किया गया, वह समाज में पूजनीय हो सकता है, लेकिन ज्ञान और ईमानदारी से जीने वाला व्यक्ति केवल दयनीय कहलाता है?" शाम को जब सभा में डकैत को 'धर्म के पुजारी' की उपाधि दी गई, तब पंडित जी धीरे से उठे और अपनी झोपड़ी की ओर चल दिए। रास्ते में एक बालक ने पूछा—"पंडित जी, आप कहां जा रहे हैं?" पंडित जी हल्की मुस्कान के साथ बोले—"पुजारी की पदवी से त्यागपत्र देने।



चारुमित्रा

## सबला नारी

माथे पर ज़िम्मेदारी की गगरी, निभाती कुशलता से है नारी।
दस हाथों से निपटा काज भारी, अबला नहीं सबला है नारी।
बेतरा से बाँधे पीठ पर लाल,
हाथ से चलाती है कुदाल।
चूल्हा चौका का नहीं मलाल, क्षुदा मिटाकर करती निहाल।
घर की दुख दर्द निवारणी , वनिता तू है सुघड़ गृहिणी। द्वय कुलों की शोभा जननी , सात जन्मों की तू है संगिनी । हर दर्द को सिलबट्टे पर पीसकर, बलाओं को आँचल में खोसकर। संस्कारों से आँगन को सींच कर, नव सृजन,मन्नत का सूत बाँधकर। माँ, बहन ,बहू ,बेटी कहलाती वंश का बेल नारी ही बढ़ाती नभ से फ़लक तक है दमकती, नारी धरा की करिश्मा कहलाती।
तू नायाब कृति शक्ति रूपा। अन्नपूर्णा तू जीव कुंभ रूपा।
खोल दो क़ानून की पट्टी को, निज हक छिन नारी तू अनुपा।



सविता गुप्ता

## झंकार फागुन की (दोहे)

पायल की झंकार है, मुझको तुमसे प्यार।
फागुन आया साथ में, खेलो होली यार ।।
साजन भींगा दिल कहे,
पिचकारी भर रंग।
जागा नव झंकार हिय,
पुलकित कर दो अंग ।।
नीला-पीला रँग पिया, खेलूँगी
तुझ संग।
उर वीणा झंकार से,
भीगा मेरा अंग।।
प्यारा प्रियतम संग में, करता हिय झंकार।
सुंदर जीवन से सदा, सुरभित उर संसार ।।
संचित शुचितम स्नेह से, मन जागे झंकार।
छोटी खुशियाँ हीं बने, जीवन का आधार ।।
सरगम जैसी भावना, दीया-बाती संग।
साजन-सजनी जब मिलें, सच्चा जीवन ढंग ।।



खुशबू बरनवाल 'सीपी'

## दिल के करीब दार्जिलिंग



कंचन सिंह



करोना के समय घर में बंधक बनकर कैदियों की जिंदगी जीने के बाद जब हालात थोड़ी सामान्य हुई तो हम खुली हवा में सांस लेना चाहते थे। गर्मियों की छुट्टियां हो चुकी थी और हमने काफी रिसर्च के बाद यह तय किया कि हम इस बार दार्जिलिंग घूमने जाएंगे। सारी बुकिंग कंफर्म करने के बाद हमने पैकिंग शुरू की।

दार्जिलिंग के लिए पैकिंग बहुत स्पेशल थी क्योंकि जून में वहां कभी भी बारिश हो सकती है, तो आपको छतरी रखनी होगी, वहाँ का मौसम ठंडा है तो आपको गर्म कपड़े रखने होंगे। मैं अपने पति और बेटे के साथ ट्रेन से दार्जिलिंग के लिए निकल पड़ी। मुझे ट्रेन से सफर करना बहुत पसंद है। हम समय पर सिल्लीगुड़ी स्टेशन पहुँच गए। हमारा ड्राइवर कैब के साथ इंतजार कर रहा था। हमलोग फ्रेश होकर निकल पड़े मिरीक की तरफ जो कि हमारा पहला डेस्टिनेशन था। छोटा-सा प्यारा सा गांव है, जहां पर संतरे की खेती होती है और वह अपने अलौकिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। हालांकि बहुत ज्यादा लोग उसके बारे में नहीं जानते। रास्ते में कभी ऐसा लग रहा था। हम लोग दो घंटे में मिरीक पहुंचे।जहाँ एक बहुत ही खूबसूरत और शीतल झील थी और उसके चारों तरफ अप्रतिन प्राकृतिक सौंदर्य। सुखद अनुभव रहा। उसके बाद हम रात को दार्जिलिंग पहुंचे। वहाँ हमलोगों ने काफी सोच समझकर चौरस्ता के पास होटल बुक किया था। जब हम वहाँ पहुंचे तो हमें अपना निर्णय सही लगा।

चौरस्ता की खूबसूरती और जिंदादिली व्याख्या नहीं कर सकती। रंग-बिरंगी दुनिया,चारों तरफ आलीशान दूकान के साथ खूबसूरत स्ट्रीट मार्केट और विभिन्न प्रकार के स्ट्रीट फूड स्टाल। दूसरे दिन सुबह हम लोग महाकाल मंदिर के दर्शन को गए । महाकाल मंदिर की शांति और पवित्रता हृदयास्पर्शी थी।महाकाल मंदिर के दर्शन के बाद हम दार्जिलिंग में टॉय-ट्रेन राइड के लिए निकले,क्योंकि दार्जिलिंग की चायपत्तियाँ और टॉय-ट्रेन दोनों बहुत प्रसिद्ध है। छोटी-सी ट्रेन और वह भी शहर के बीच चलती हुई।यह अनुभव मेरे बेटे के लिए रोमांचित करने वाला था। हालांकि मुझे शहर की गंदगी थोड़ी चुभ रही थी।

टॉय ट्रेन के बाद हम पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क गए। यह जूलॉजिकल पार्क भारत में सबसे ज्यादा ऊंचाई पर स्थित पार्क है और यह हिमालयन तेंदुए, रेड पांडा,हिलाया भालू के लिए मशहूर है। रेड पांडा यहां का मुख्य आकर्षण है, जिसे देखने के बाद वहां से हटने का मन ही नहीं हो रहा था। पार्क को बहुत खूबसूरती से बनाया गया है। अंदर माउंटेन ट्रैकिंग इंस्टिट्यूट भी है। अब शाम हो चुकी थी और हम आराम करने होटल पहुँचे।।

अगले दिन हम जापानी सांची स्तूप देखने जलपहाड़ की ढलान गए यह दार्जिलिंग के सबसे खूबसूरत और लोकप्रिय जगहों में से एक है। यहाँ साल के पेड़ो के बिच प्रकृति छटा देखते ही बनती थी। यह विश्व के 70 सांची स्तूपों में से एक है । हम वहां काफी समय व्यतीत करना चाहते थे लेकिन मौसम में हमारा साथ नहीं दिया और बारिश शुरू हो गई।

हालांकि थोड़ी देर में बारिश रुक गई और हम होटल वापस आ गए।

शाम में हम लोग अपनी फेवरिट जगह की तरफ निकले। दार्जिलिंग की चायपत्तियाँ तो विश्व प्रसिद्ध है और मैं चाय की शौकीन भी हूँ। मेरे दोस्तों और रिश्तेदारों ने भी चाय की डिमांड की थी।हम हम लेबनान कार्ट रोड स्थित दार्जिलिंग टी गार्डनपहुंचे।

चाय की सीढ़ीनुमा खेत की खूबसूरती का वर्णन करना मुश्किल था।वहां चाय की इतनी विविधता थी जो मैंने ना कभी देखा और ना कभी सुना और लोग अपनी बजट के अकॉर्डिंग चाय की ले सकते थे। सबसे खास बात कि वहां चाय पहले टेस्ट कराते हैं फिर बेचते हैं। हम लोगों मसाला चाय, केसर चाय और विभिन्न प्रकार की चायपत्तियां पैक करवा ली । फिर हम लौट आए होटल मे।

अगले दिन सुबह हम लमाहट्टा पार्क के लिए निकले जो कि अपनी शांति और स्वच्छता के लिए प्रसिद्ध है। यह पार्क 5700 फीट की ऊंचाई पर स्थित है ऑर्किड, मैगनोलिया के फूलों से सजा यह पार्क के मनमोहक दृश्य देखकर मन नहीं भरता। यह पार्क चारों तरफ से साल ,बंच के पेड़ों से घिरी है लगता है कि हम किसी फिल्म की शूटिंग लोकेशन पर आ गए हैं। लम्माहटा पार्क में हमने कई घंटे बिताए। क्योंकि यह पार्क जितना मनमोहक है उतना ही बडा भी। इस पार्क में काफी ऊंचाई पर एक झील भी है, जिसकी मान्यता बहुत पुरानी है। लमाहट्टा चाय के छोटे-बड़े बगान के लिए भी मशहूर है। और इस तरह हमारा यह दिन भी समाप्त हो गया और यह हमारा दार्जिलिंग में आखिरी दिन था।

संयोजक : नरेश अग्रवाल

## कर्तव्य बोध

बेड न. 10 पे पड़ा आसाहय वृद्ध रात से चिल्ला रहा था। अपने कैबिन से उठकर राधिका बेड न. 10 पर लगी तख्ती को चेक करते हुए पूछा, "क्या बात है बाबा? क्यों चिल्ला रहें हो! बीमार हो आराम करों!! परिवार वाले कहाँ है तुम्हारे!? नज़र मिलते ही वह चौंक पडी ,अनायास ही मुख से निकला , "आप "! उधर वृद्ध की आँखों से बहता पानी ,लाचार अवस्था और अपनो के साथ का अभाव सच्चाई बयाँ कर रहें थे ! वह बिना कुछ कहें वार्ड से बाहर आ जाती है, ख्यालों में आठ साल पहले का दृश्य जिवांत हो चला --"कितना लांक्षण सहना पड़ा , वह दिन याद आ गया जब ससुराल में जलील किया गया था। दोष बस इतना की इकलौते बेटे की विधवा होना! कानून ने भी कोई सहारा न दिया!! आँखों की कोर से सूखा आँसु तरल होकर बहने लगा,याद आ गया बेटियों के बहकावें में ससुर ने घर से निकाल था। बहकावा या बहू के प्रति सम्मान के अभाव ने एक पिता को राक्षस बना दिया ! वेदना की टीस ले, मन में हौंसला समेट उसने एनसीसी के दौरान की गयी नर्सिंग की पढ़ाई के बल पर अस्पताल में लोगों की सेवा में लग अपनी टीस को मरहम बनाया। तभी सिस्टर ने उसे झिंझोड़ा -- "मैडम ! दस न.मरीज आपको खोज रहा है?" "हाँ ! आती हूँ !!" वह सोंचती है बेटियों ने छोड़ दिया! बेटा दुनिया में नही!! बहू को आपने अपना माना ही नही! पर अब नर्स के वचनबद्धता से बँधी मैं अपना कर्तव्य जरूर पूरा करूँगी!"



मनीषा सहाय सुमन

### आज का दोहा

पाप मनुज के झेलती , रही धरा चुपचाप।
पाप मुक्ति के हेतु अब, धूनी तपती आप।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासारइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# अयोध्या में रामनवमी में, चप्पे-चप्पे में सुरक्षा व्यवस्था मुस्तैद

**एजेंसी। अयोध्या**

**● रामनवमी के दिन सुबह 6 बजे श्रीरामलला का पवित्र जल, पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा**

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में रामनवमी की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। श्रीराम जन्मोत्सव पर देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सीसीटीवी और ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जा रही है।

पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) प्रवीण कुमार ने बताया कि अयोध्या में रामनवमी को लेकर सुरक्षा की सारी तैयारियां जोरों पर हैं। हर महत्वपूर्ण जगह सीसीटीवी लगाए गए हैं। सुरक्षा के लिए कई जगह कैमरे लगाए गए हैं। ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी की जा रही है। अयोध्यावासी भी हमारी सुरक्षा का हिस्सा हैं। मल्लाह और वेंडर सभी की सुरक्षा के पहलुओं को देख रहे हैं और कार्रवाई कर रहे हैं।

बड़ी संख्या में लोग अयोध्या आते हैं। उनके प्रबंधन का इंतजाम किया जा रहा है। गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन के साथ तालमेल करके सारे इंतजाम किए जा रहे हैं। सभी लोग मिलकर टीम भावना के साथ काम कर रहे हैं। भीड़ प्रबंधन का बेहतर इंतजाम किया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। राम मंदिर, कनक भवन, हनुमानगढ़ी, रामपथ तक जोन में बंटे हुए हैं। आवश्यकता पड़ने पर इंटरनल डायवर्जन भी किए जाएंगे।अयोध्या में जिला प्रशासन ने रामनवमी पर्व को लेकर बेहद खास तैयारियां की हैं। रामकथा पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। विभिन्न विभागों की ओर से प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। रामनवमी के दिन मंदिर में होने वाले 'सूर्य तिलक' अनुष्ठान की विशेष महिमा होगी, जिसे विश्व भर के श्रद्धालु लाइव देख सकेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि रामनवमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और वैज्ञानिक परंपराओं का अद्वितीय उदाहरण है। रामनवमी के दिन सुबह 6 बजे श्रीरामलला का पवित्र जल, पंचामृत और औषधियों से अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद, 9:30 से 10:30 बजे तक विशेष श्रृंगार और भोग अर्पण होगा। दोपहर 12 बजे, जब श्रीराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा, विशेष आरती और छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे।

## युवाओं ने ठान लिया, हरियाणा को नशा मुक्त प्रदेश बनाना है: नायब सैनी

**एजेंसी। हिसार**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शनिवार को नशा मुक्ति अभियान के तहत साइक्लोथॉन 2.0 को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि हरियाणा के युवाओं ने ठान लिया है कि प्रदेश को नशा मुक्त बनाना है। सीएम सैनी ने कहा, "पीएम मोदी ने नशे के खिलाफ कहा है कि नशा परिवार और समाज के लिए खतरा बनकर सामने आता है, इसलिए इस खतरे को हमेशा के लिए खत्म करने के लिए जरूरी है कि हम सभी एकजुट होकर इस दिशा में आगे बढ़ें।"उन्होंने आगे कहा कि आज नशा एक फैशन बन गया है। हमारे युवा अपने दोस्तों के बहकावे में नशा करने लगते हैं। नशीली पदार्थ का सेवन सिर्फ स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि समाज के लिए भी घातक साबित होता है। हमारी कई पीढ़ियां नशे के कारण बर्बाद हो रही हैं। नशे के कारण अपराध करने से भी लोग गुरेज नहीं करते हैं, इसलिए नशे के खिलाफ हम सभी को एकजुट होना होगा। सीएम सैनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, "नशे का नाश करने के उद्देश्य से आज दुर्गाष्टमी के पावन अवसर पर माता रानी का आशीर्वाद लेकर हिसार से 'साइक्लोथॉन 2.0' शुरू की है। सभी प्रदेश के परिवारजनों को बधाई

# समुद्री इकोसिस्टम की सुरक्षा में जुटी है सरकार : पीएम मोदी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

1. पिछले 10 वर्षों में 'न्यू इंडिया' ने समुद्री क्षेत्र में कई नई उपलब्धियां हासिल की हैं।
2. पीएम मोदी ने भारत के समुद्री क्षेत्र के पुनर्निर्माण और विकास के लिए किए गए प्रयासों पर जोर दिया
3. प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के समुद्री इतिहास और राष्ट्र निर्माण में इस क्षेत्र द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को याद किया।
4. पीएम मोदी ने कहा कि भारत पहले एक मान्यता प्राप्त समुद्री शक्ति था, लेकिन स्वतंत्रता के बाद इसके महत्व को नजरअंदाज किया गया।
5. पिछले 10 वर्षों में 'न्यू इंडिया' ने समुद्री क्षेत्र में कई नई उपलब्धियां हासिल की हैं।



### भारत के समुद्री क्षेत्र को मजबूत करने के लिए सरकार योजनाबद्ध तरीके से कर रही है काम

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि भारत के समुद्री क्षेत्र को मजबूत करने की रणनीति के तहत देश के अंतरदेशीय जलमार्गों को भी विकसित किया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि इतिहास ने दिखाया है कि जब भी भारत का समुद्री क्षेत्र मजबूत हुआ है, देश और दुनिया दोनों को इसका लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण तथ्य को ध्यान में रखते हुए सरकार देश के समुद्री क्षेत्र को मजबूत करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से लगातार काम कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि सरकार देश के समुद्री क्षेत्र और बंदरगाहों को मजबूत करना जारी रखेगी, जो भारत की प्रगति और समृद्धि को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। 'राष्ट्रीय समुद्री दिवस' के अवसर पर अपने संदेश में पीएम मोदी ने कहा, "हम भारत के समृद्ध समुद्री इतिहास और राष्ट्र निर्माण में इस क्षेत्र द्वारा निभाई गई भूमिका को याद करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत पहले के समय में एक मान्यता प्राप्त समुद्री शक्ति था, लेकिन स्वतंत्रता के बाद के दौर में समुद्री क्षेत्र की अनदेखी की गई। हालांकि, पिछले 10 वर्षों के दौरान न्यू इंडिया ने समुद्री क्षेत्र में कई नई उपलब्धियां हासिल की हैं और सरकार देश के समुद्री इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है।

पीएम मोदी ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में देश के प्रमुख बंदरगाहों की कार्गो हैंडलिंग क्षमता दोगुनी हो गई है और बंदरगाहों तक कनेक्टिविटी में सुधार के लिए हजारों किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण किया गया है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि सरकार के "समृद्धि के लिए बंदरगाह और प्रगति के लिए बंदरगाह" के मंत्र के साथ समुद्री क्षेत्र में बड़े बदलाव लाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा "उत्पादकता के लिए बंदरगाह" के नए मंत्र को समुद्री इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए भी आगे बढ़ाया गया है। पीएम मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार 'कोस्टल शिपिंग' को विकसित करने के लिए कई नए कदम उठा रही है। यह बयान गुरुवार को लोकसभा द्वारा अनुमोदित 'कोस्टल शिपिंग बिल' की पृष्ठभूमि में दिया गया।

इस विधेयक का उद्देश्य भारतीय तटीय जल (कोस्टल वॉटर) के भीतर व्यापार में लगे जहाजों को रेगुलेट करना है।

इस विधेयक का उद्देश्य कोस्टल शिपिंग के रेगुलेशन से संबंधित कानून को कंसोलिडेट और संशोधित करना, तटीय व्यापार (कोस्टल ट्रेड) को बढ़ावा देना और घरेलू भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। विधेयक यह सुनिश्चित करेगा कि भारत अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा और वाणिज्यिक जरूरतों के लिए देश के नागरिकों के स्वामित्व और संचालन वाले तटीय बेड़े (कोस्टल फ्लीट) से लैस हो।

## दलित किसानों ने सपा नेता पर लगाया जमीन कब्जाने का आरोप

### अखिलेश यादव से लगाई मदद की गुहार

**लखनऊ (आईएएनएस)**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित सपा (समाजवादी पार्टी ) कार्यालय के बाहर शनिवार को दलित किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सपा नेता वाहिद कुरैशी पर जबरन उनकी जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया। दलित किसानों ने अखिलेश यादव से सपा नेता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

दलित किसानों का आरोप है कि समाजवादी पार्टी के नेता वाहिद कुरैशी ने जबरन उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया है। किसानों की मानें तो सपा नेता वाहिद कुरैशी के तार आतंकियों से जुड़े हुए हैं और अपनी दहशत फैला कर गांव के कई लोगों की जमीन पर जबरन कब्जा कर रखा है। सपा कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे किसान राकेश कुमार ने आईएएनएस से बातचीत में बताया, "मैं सलेमपुर का निवासी हूं। अमेठी से सपा नेता किसानों की जमीन को हड़पना चाहते हैं, इसलिए वह हमें जेल भेजना चाहते हैं, ताकि हमारी जमीनों पर कब्जा कर सकें।

## बिहार में नीतीश कुमार के रहते मुसलमान सुरक्षित हैं : नीरज कुमार

### अखिलेश यादव से लगाई मदद की गुहार

**पटना (आईएएनएस)**



लोकसभा और राज्यसभा में वक्फ संशोधन बिल के समर्थन को लेकर विपक्षी दल लगातार जेडीयू को निशाने पर ले रहे हैं। इस बीच, जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने पार्टी के फैसले का बचाव किया। उन्होंने कहा कि बिहार के मुसलमान जानते हैं कि जब तक नीतीश कुमार हैं, वे सुरक्षित हैं। जेडीयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने वक्फ संशोधन विधेयक के मुद्दे पर आईएएनएस से बात करते हुए कहा, "एक राजनीतिक साजिश के तहत जेडीयू नेताओं की छवि खराब करने का प्रयास हो रहा है। सच को जानना चाहिए, क्योंकि ऐसे नेताओं के बारे में नेशनल मीडिया तक में अफवाह फैलाई जा रही है, जो नेता पहले ही कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। उनको भी जेडीयू का बताया जा रहा है। मीडिया में पार्टी नेताओं को लेकर जो भी खबरें चलाई जा रही हैं, वे सब फर्जी हैं।

## कुशीनगर में पहचान छिपाकर महिला का शोषण, एक गिरफ्तार

**कुशीनगर (आईएएनएस)**



उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में शनिवार को एक युवक द्वारा पहचान छिपाकर एक महिला का धर्म परिवर्तन कराने, गोमांस खिलाने और शोषण करने का मामला सामने आया है। इस मामले में युवक की गिरफ्तारी भी हुई है। तमकुहीराज के क्षेत्राधिकारी अमित सक्सेना ने बताया कि पीड़िता पूनम देवी बिहार के जमुई की रहने वाली हैं। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान एक प्रार्थना पत्र दिया। पीड़िता ने विशुनपुरा थाना क्षेत्र के शमशेर अंसारी उर्फ टाइगर पर पहचान छिपाकर जबरन गोमांस खिलाने, धर्म परिवर्तन कराने और शोषण के आरोप लगाए थे। उक्त अभियुक्त पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई थीं। उसकी गिरफ्तारी की जा चुकी है। विधिक कार्यवाही जारी है। बताया जाता है कि पहचान छिपाकर महिला के शोषण का मामला सामने आया था। जहां युवक ने अपना नाम बदलकर एक हिंदू युवती को प्रेम जाल में फंसाया और फिर धोखे से शादी कर उसका शोषण किया। कुछ दिनों बाद युवती को जब युवक की सच्चाई पता लगी तो युवक ने युवती पर धर्म परिवर्तन करने के लिए भी दबाव बनाया।

### वक्फ संशोधन बिल मुस्लिमों के हित में

## विपक्ष ने गुमराह करने की कोशिश की जा रही : शाहनवाज हुसैन

**समस्तीपुर (आईएएनएस)**



लोकसभा और राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक के पास हो जाने के बाद भी इसे लेकर बयानबाजियों का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने समस्तीपुर में कहा कि लोकसभा और राज्यसभा में पेश हुआ वक्फ संशोधन विधेयक मुसलमानों के हित में है। इस बिल से गरीब मुसलमानों को लाभ मिलेगा और वे नए सिरे से अपना विकास कर सकेंगे। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि इस बिल के दोनों सदनों में पास होने के बाद उन्हें सोशल मीडिया पर लगातार धमकियां दी जा रही हैं, गालियां दी जा रही हैं, लेकिन ऐसी धमकियों से वे डरने वाले नहीं हैं। ऐसे लोगों की वह पहचान करा रहे हैं।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इस बिल से एनडीए के वोट में बढ़ोतरी होगी। जदयू से मुसलमानों के पार्टी छोड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि कोई ऐसा बड़ा चेहरा पार्टी छोड़कर नहीं जा रहा है, इससे कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है, यह बिल मुसलमानों के हित का है। उन्होंने कहा, "मुस्लिम भाइयों को इसमें घबराने की जरूरत नहीं है। इस कमेटी को भी मुस्लिम ही हेड करेंगे।

## फीस वृद्धि विवाद : प्राइवेट स्कूलों की फीस वृद्धि पर मनीष सिसोदिया ने सीबीआई जांच की मांग की

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



**● शिक्षा मंत्री ने बताया कि प्राइवेट स्कूलों की फीस वृद्धि में पारदर्शिता की कमी है**

दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों द्वारा की जा रही फीस वृद्धि को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। आप के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को प्रेसवार्ता कर भाजपा सरकार और प्राइवेट स्कूलों के बीच सांठगांठ का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग की। मनीष सिसोदिया ने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही दिल्ली में भ्रष्टाचार को खुली छूट मिल गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की मिलीभगत के बिना कोई भी प्राइवेट स्कूल अपनी फीस नहीं बढ़ा सकता। उन्होंने सवाल उठाया कि फीस वृद्धि का कितना हिस्सा मंत्रियों तक पहुंच रहा है, इसका पर्दाफाश जरूरी है। सिसोदिया ने कहा कि आप सरकार के कार्यकाल के दौरान फीस वृद्धि पर सख्त नियंत्रण था। 2015 के बाद प्राइवेट स्कूलों का ऑडिट कराया गया, और सिर्फ उन्हीं स्कूलों को फीस बढ़ाने की अनुमति दी गई, जो आर्थिक रूप से मजबूर थे। उन्होंने बताया कि कई स्कूलों के पास करोड़ों रुपए की जमा राशि थी, फिर भी वे फीस बढ़ाने की कोशिश कर रहे थे, जिसे रोका गया। कई स्कूलों ने सरकार के खिलाफ कोर्ट में मुकदमे भी किए, लेकिन केजरीवाल सरकार ने उन्हें कोर्ट में मात दी।

पूर्व शिक्षा मंत्री ने कहा कि आज प्राइवेट स्कूल बिना किसी सरकारी अनुमति के मनमाने तरीके से फीस बढ़ा रहे हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि दिल्ली के प्रमुख स्कूलों ने 10 से 30 फीसदी तक फीस में बढ़ोतरी कर दी है। अहलकॉन पब्लिक स्कूल, सलवान पब्लिक स्कूल, एंजेल पब्लिक स्कूल, रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल और लैंसर पब्लिक स्कूल जैसे नामचीन संस्थानों ने हजारों रुपए तक मासिक फीस बढ़ा दी है, जबकि न तो शिक्षकों की सैलरी बढ़ी है और न ही सुविधाएं। सिसोदिया ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि आज दिल्ली में महिलाएं बसों में मुफ्त यात्रा से वंचित हैं, मोहल्ला क्लीनिक बंद हो चुके हैं, अस्पतालों में दवाएं नहीं मिल रहीं और बिजली कटौती आम हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार लोगों के हितों के खिलाफ फैसले ले रही है और प्राइवेट स्कूलों की लूट को बढ़ावा दे रही है। आप नेता ने चेतावनी दी कि अगर दिल्ली सरकार की ओर से यह लूट नहीं रोकी गई, तो आम आदमी पार्टी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## 6 वर्ष की उम्र में फूड एलर्जी वाले शिशुओं में अस्थमा विकसित होने की संभावना 4 गुना ज्यादा

**आरपी सिंह**



**नई दिल्ली।** बचपन में हुई फूड एलर्जी से अस्थमा व फेफड़ों की कार्यक्षमता कम हो जाती है। मर्डोक चिल्ड्रेन्स रिसर्च इंस्टीट्यूट के नेतृत्व में किए गए शोध में पाया गया कि प्रारंभिक जीवन में फूड एलर्जी अस्थमा के बढ़ते जोखिम व छह साल की उम्र में फेफड़ों के विकास में कमी से जुड़ी थी। अध्ययन में 5,276 शिशुओं को शामिल किया गया, जिनका खाद्य एलर्जी के परीक्षण के लिए मूंगफली , अंडे और मौखिक भोजन की चुनौतियों सहित आम फूड एलर्जी के लिए परीक्षण किया। छह साल की उम्र में बच्चों का खाद्य एलर्जी और फेफड़ों के कार्य परीक्षण किया गया। लांसेट चाइल्ड एंड एडोलसेंट हेल्थ में प्रकाशित नतीजों से पता चला कि छह साल की उम्र तक, 13.7 प्रतिशत ने अस्थमा के डायग्नोसिस की सूचना दी। बिना फूड एलर्जी वाले बच्चों की तुलना में, छह साल की उम्र में फूड एलर्जी वाले शिशुओं में अस्थमा विकसित होने की संभावना लगभग चार गुना अधिक थी। इसका असर उन बच्चों पर सबसे ज़्यादा पड़ा जिनकी फूड एलर्जी छह साल की उम्र तक बनी रही, उन लोगों की तुलना में जिनकी एलर्जी की उम्र बढ़ चुकी थी। फूड एलर्जी से पीड़ित बच्चों में फेफड़ों की कार्यक्षमता कम होने की संभावना भी अधिक थी। मर्डोक चिल्ड्रन में एसोसिएट प्रोफेसर राचेल पीटर्स ने कहा, "बचपन में हुई फूड एलर्जी, चाहे इसका समाधान हो या नहीं, बच्चों में खराब श्वसन परिणामों से जुड़ी हुई थी। यह संबंध बचपन में फेफड़ों के विकास में कमी को देखते हुए वयस्कता में श्वसन और हृदय की स्थिति सहित स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ा है। फेफड़ों का विकास बच्चे की ऊंचाई और वजन से संबंधित होता है और फूड एलर्जी वाले बच्चे बिना एलर्जी वाले अपने साथियों की तुलना में छोटे और हल्के हो सकते हैं। यह फूड एलर्जी और फेफड़ों की कार्यप्रणाली के बीच संबंध को समझा सकता है। फूड एलर्जी और अस्थमा दोनों के विकास में समान प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाएं शामिल होती हैं। पीटर्स ने कहा, "फूड एलर्जी वाले शिशुओं के विकास की निगरानी की जानी चाहिए।हम उन बच्चों को आहार विशेषज्ञ की देखरेख में रहने के लिए प्रोत्साहित करते हैं जो अपनी एलर्जी के कारण भोजन से परहेज कर रहे हैं ताकि स्वस्थ विकास सुनिश्चित करने के लिए पोषण प्रदान किया जा सके।

मर्डोक चिल्ड्रन एंड यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न की प्रोफेसर श्यामली धर्मगे के अनुसार निष्कर्षों से चिकित्सकों को रोगी की देखभाल में मदद मिलेगी और श्वसन स्वास्थ्य की निगरानी पर अधिक सतर्कता को बढ़ावा मिलेगा। फूड एलर्जी वाले बच्चों को निरंतर प्रबंधन और शिक्षा के लिए क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी या एलर्जी विशेषज्ञ द्वारा प्रबंधित किया जाना चाहिए। प्रोफेसर धर्मेज ने कहा कि चिकित्सकों और माता-पिता को फूड एलर्जी वाले बच्चों में अस्थमा के लक्षणों के प्रति भी सतर्क रहना चाहिए क्योंकि खराब नियंत्रित अस्थमा गंभीर भोजन-प्रेरित एलर्जी प्रतिक्रियाओं और एनाफिलेक्सिस के लिए एक जोखिम कारक था।

## शिव नगरी काशी का 'राम रमापति बैंक', जहां जमा है अरबों का धन



**वाराणसी (आईएएनएस)**

शिव नगरी काशी का राम रमापति बैंक बताता है कि राम नाम से बड़ा धन कुछ नहीं है, तभी तो यहां पर लोन लेने के लिए अनगिनत लोग आते हैं और कहते हैं 'पायो जी मैंने राम रतन धन पायो...' 6 अप्रैल को रामनवमी है। इस अवसर पर आइए जानते हैं विश्वनाथ मंदिर के ठीक पीछे स्थित रामलला के राम बैंक से श्रद्धालु कैसे लोन लेते हैं, इसके क्या-क्या नियम हैं? मोक्षनगरी स्थित राम बैंक में लाल रंग की पोटलियों में राम नाम भर-भरकर रखा है, जिसका पैसों से कोई लेना-देना नहीं है, यहां चलता है तो बस राम का नाम। जमा होता है पुण्य और लोन के रूप में मिलता है राम का नाम। हालांकि, लोन लेने और उसे चुकाने के भी सख्त नियम हैं। इनकी संख्या अरबों से ऊपर हो गई है। इस बैंक में बाकायदा कर्मचारी भी नियुक्त हैं, जो प्रक्रियाओं को पूरा करते हैं। लोन लेने के लिए फॉर्म भरा जाता है, जिसमें पूरे नियम लिखे गए हैं।

## पत्नी का हत्यारा गिरफ्तार, चाकू और हथौड़ा भी बरामद

**नोएडा (आईएएनएस)।** नोएडा की थाना फेज-1 पुलिस ने पत्नी की निर्मम हत्या करने वाले आरोपी नूरउल्ला हैदर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में इस्तेमाल किए गए चाकू और हथौड़ा भी बरामद किया है। यह सनसनीखेज वारदात 4 अप्रैल को सामने आई थी, जब महिला की हत्या की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस के अनुसार, आरोपी नूरउल्ला हैदर, निवासी सी-154, सेक्टर-15, थाना फेज-1, नोएडा, को शनिवार को पूछताछ के लिए थाने लाया गया। प्रारंभिक पूछताछ व साक्ष्य संकलन के बाद उसे पुलिस हिरासत में ले लिया गया।



## आज का मैच

सनराइजर्स हैदराबाद
Vs
गुजरात टाइटन्स
दिनांक 06 अप्रैल रविवार
स्थान कोलकाता
7:30 बजे से

## IPL 2025-अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|
| एसआरएच | 04 | 01 | 03 | 02 |
| आरसीबी | 03 | 02 | 01 | 04 |
| पीके | 02 | 02 | 00 | 04 |
| सीएसके | 03 | 01 | 02 | 02 |
| डीडी | 02 | 02 | 00 | 04 |
| एलएसजी | 04 | 02 | 02 | 04 |
| एमआइ | 04 | 01 | 03 | 02 |
| जीटी | 03 | 02 | 01 | 04 |
| केकेआर | 04 | 02 | 02 | 04 |
| आरआर | 03 | 01 | 02 | 02 |

# अर्जेंटीना में 50 मीटर राइफल 3पी में सनसनीखेज सिफ्ट ने जीता स्वर्ण



एजेंसी

**ब्यूनस आयर्स।** भारत की युवा निशानेबाज सिफ्ट कौर समरा ने आईएसएसएफ शूटिंग वर्ल्ड कप 2025 में देश को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। 23 वर्षीय सिफ्ट ने शुक्रवार को महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3-पोजीशन स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 458.6 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। इस मुकाबले में जर्मनी की अनीता मैनगोल्ड ने 455.3 अंकों के साथ रजत पदक, जबकि कजाखस्तान की अरीना अल्टुखोवा ने 445.9 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। सिफ्ट ने क्वालिफिकेशन राउंड में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 590 अंक के साथ टॉप स्थान हासिल किया था। फाइनल मुकाबले में सिफ्ट की शुरूआत थोड़ी धीमी रही और वे घुटना टेकनेऔर प्रोन पोजीशन के बाद आठवें स्थान पर थीं लेकिन स्टैंडिंग पोजीशन में उन्होंने जबरदस्त वापसी करते हुए लगातार सटीक निशाने लगाए और अंत में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा में भारत की अन्य दो निशानेबाजों आशी चौकसे और श्रियांका सादांगी को फाइनल में जगह नहीं मिल सकी। आशी चौकसे ने 579 अंकों के साथ 17वां स्थान हासिल किया, जबकि श्रियांका ने 572 अंक हासिल कर 22वें स्थान पर रहीं। यह भारत के लिए दिन का दूसरा पदक रहा।

# गुजरात के खिलाफ हैदराबाद को करनी होगी वापसी

एजेंसी

**हैदराबाद।** आईपीएल 2025 में रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और गुजरात टाइटंस (जीटी) की टीमें आमने-सामने होंगी। जीटी इस समय जीत की पटरी पर है जबकि एसआरएच लगातार तीन मैच हारकर आ रही है। हम कुछ उन आंकड़ों का रुख करते हैं जो दोनों टीमों के बीच होने वाली इस भिड़ंत में अपनी छाप छोड़ सकते हैं। मोहम्मद शमी ने केकेआर के खिलाफ पिछले मैच में शुरूआती झटका देकर एसआरएच को अच्छी शुरूआत दिलाई थी और शमी से इस बार भी उनकी टीम को उम्मीद होगी। जीटी के कप्तान शुभमन गिल और जॉस बटलर के खिलाफ टी20 में शमी के प्रभावी आंकड़े हैं। शमी गिल को पांच पारियों में दो बार आउट कर चुके हैं जबकि इस दौरान गिल उनके खिलाफ 114 के स्ट्राइक रेट से 41 रन ही बना पाए हैं।



### पावरप्ले में खराब प्रदर्शन एसआरएच की समस्या

एसआरएच का शीर्ष क्रम पहले मैच के बाद कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाया है। इस सीजन अब तक एसआरएच पावरप्ले में सर्वाधिक 10 विकेट गंवाने वाली टीम है। ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी की औसत में पिछले सीजन की तुलना में गिरावट देखने को मिली है। हेड और अभिषेक की जोड़ी ने 49.9 की औसत से रन बनाए थे जबकि इस सीजन इस जोड़ी ने साथ में 18.8 की औसत से ही रन बनाए हैं। ऐसे में हेड और अभिषेक की जोड़ी को जल्द ही लय प्राप्त करनी होगी।

## एक नजर

### टीम मालिकों और खिलाड़ियों के बीच सम्मान की रेखा होनी चाहिए : पूर्व विश्व कप विजेता

**चेन्नई।** शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच लखनऊ में आईपीएल 2025 के मैच में तिलक वर्मा के रिटायर्ड आउट होने से इस बात पर बहस शुरू हो गई कि टीम को यह कदम उठाना चाहिए था या नहीं। बीआरएसएबीवी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में संघर्ष कर रहे वर्मा, जिन्होंने 23 गेंदों में 25 रन बनाए थे, आईपीएल गेम में रिटायर्ड आउट होने वाले चौथे बल्लेबाज बन गए। हालांकि उनकी जगह मिशेल सेंटनर आए, लेकिन इससे एमआई को कोई मदद नहीं मिली और वे अंततः 12 रन से हार गए, क्योंकि एलएसजी के तेज गेंदबाज आवेश खान ने अंतिम ओवर में 22 रन बचाए। भारतीय क्रिकेट बिरादरी के सभी लोग वर्मा जैसे कैप्ड भारतीय बल्लेबाज को रिटायर्ड आउट करने के जयवर्धने के तर्क से सहमत नहीं हैं। ह्यफ्रेंचाइजी आधारित क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए आर्थिक रूप से फायदेमंद हो सकता है, लेकिन अक्सर उनके आत्मसम्मान की कीमत पर।

### जूनियर ग्रैंड स्लैम खेलना है इस साल का लक्ष्य: माया राजेश्वरन

**पुणे।** मुंबई ओपन में अपने शानदार प्रदर्शन से सबका ध्यान खींचने वाली 15 वर्षीय टेनिस स्टार माया राजेश्वरन अब बिली जीन किंग कप 2025 में भारतीय टीम का हिस्सा बनी हैं। एशिया-ओसेनिया ग्रुप-1 के इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयोजन महाराष्ट्र स्टेट लॉन टेनिस एसोसिएशन द्वारा ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन (एआईटीए) और पुणे मेट्रोपॉलिटन डिस्ट्रिक्ट टेनिस एसोसिएशन के सहयोग से किया जा रहा है। मुकाबले 8 से 12 अप्रैल के बीच पुणे के म्हालुंगे बालेवाड़ी टेनिस कॉम्प्लेक्स में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट से पहले माया ने अपने भविष्य को लेकर एक आधिकारिक बयान में कहा, ॹमेरा इस साल का मुख्य लक्ष्य जूनियर ग्रैंड स्लैम्स में खेलना है। मैं सीनियर महिला वर्ग में भी खेल रही हूं और आने वाले सालों में एक जूनियर ग्रैंड स्लैम जीतना मेरा मिड-टर्म गोल है।

# दिल्ली ने भी भेदा चेन्नई का किला, लगाई जीत की हैट्रिक

एजेंसी

**चेन्नई।** दिल्ली कैपिटल्स ने चेन्नई सुपरकिंग्स का किला भेद दिया है। दिल्ली ने केएल राहुल की 77 रन की बेहतरीन पारी से चेन्नई को उसके ही मैदान में शनिवार को 25 रन से हराकर आईपीएल 2025 में जीत की हैट्रिक पूरी की। पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी मध्य ओवरों में मैदान पर उतरे लेकिन उन्होंने वो जरूरी तेजी नहीं दिखाई जिसकी चेन्नई को जरूरत थी। धोनी के माता-पिता सहित पूरा परिवार स्टेडियम में मौजूद था लेकिन धोनी टीम को जीत की मंजिल तक नहीं पहुंचा सके। इस सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने चेपॉक में 17 साल का सूखा खत्म करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स को हराया था और अब दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने भी चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ चेपॉक में कुछ वैसा ही कारनामा कर दिखाया। लय में नजर आ रही दिल्ली कैपिटल्स ने 2010 के बाद से चेपॉक में पहली जीत का स्वाद चखा है। राहुल की 77 रनों की बेहतरीन अर्धशतकीय पारी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवर में छह विकेट पर 183 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया और चेन्नई को पांच विकेट पर 158 रन पर रोक दिया। चेन्नई के बल्लेबाजों का खराब प्रदर्शन जारी रहा और चार मैचों में उन्हें लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा। खराब शुरूआत के बाद चेन्नई के लिए विजय शंकर ने 54 गेंदों पर 69 रन में पांच चौके और एक छक्का लगाया। धोनी ने 26 गेंदों पर 30 रन में एक चौका और एक छक्का लगाया लेकिन टीम को उनसे जिस गति की जरूरत थी, वह उसे नहीं दिखा पाए। रचिन रवींद्र तीन, डेवोन कॉन्वे 13, कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ पांच, रवींद्र जडेजा दो रन बनाकर आउट हुए।दिल्ली की तरफ से विप्रज निगम ने 27 रन पर दो विकेट लिए जबकि मिचेल स्टार्क, मुकेश कुमार और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिला।



केएल राहुल को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला

# द्रविड़ सर का हमारे साथ होना सौभाग्य की बात है : जायसवाल

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि राहुल द्रविड़ का टीम के मुख्य कोच के रूप में होना सौभाग्य की बात है, क्योंकि उन्हें उनसे मैदान के अंदर और बाहर के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानने का मौका मिलता है। द्रविड़ ने 2024 पुरुष टी20 विश्व कप जीतकर भारतीय टीम के साथ अपना कार्यकाल पूरा करने के तुरंत बाद आरआर के मुख्य कोच के रूप में कार्यभार संभाला। अब तक, 2008 के आईपीएल चैंपियन ने मौजूदा सत्र में तीन मैचों में से केवल एक में जीत हासिल की है। जायसवाल ने जियो हॉटस्टार से कहा, मुझे लगता है कि वह एक अद्भुत मार्गदर्शक हैं - सहायक, देखभाल करने वाले और हमेशा सभी का ख्याल रखने वाले। वह खिलाड़ियों में आत्मविश्वास भरते हैं, उन्हें आश्वस्त करते हैं कि वे सही जगह पर हैं और सही मार्गदर्शन प्रदान करते हैं, जो व्यक्तिगत करियर और पूरी टीम दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। वह एक अविश्वसनीय इंसान भी हैं। उन्होंने कहा, इस युग में राहुल द्रविड़ सर जैसा कोई होना सौभाग्य की बात है और उन्हें करीब से देखना सीखने का मौका है - न केवल क्रिकेट के बारे में, बल्कि मैदान के बाहर उनके व्यवहार के बारे में भी। उन्होंने इतने सालों में इतनी शालीनता और संयम बनाए रखा है, और उनसे सीखने के लिए बहुत कुछ है। मैं उनके साथ यहां आकर वाकई उत्साहित हूं और उनके साथ इस आईपीएल सीजन का लुत्फ उठाने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने कप्तान संजू सैमसन के साथ अपनी दोस्ती के बारे में भी बात की, जो शनिवार को न्यू चंडीगढ़ में पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच में कप्तानी की कमान संभालेंगे।



### क्लीनिकल अभिनाश जामवाल 65 किग्रा के फाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली।** अभिनाश जामवाल ने इटली के जियानलुइगी मलंगा के खिलाफ लगभग परफेक्ट प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को फोज डू इगुआकु में विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील 2025 के 65 किग्रा के फाइनल में प्रवेश किया। 22 वर्षीय भारतीय ने मलंगा की पहुंच से दूर रहने के लिए अपने लंबे कद और एथलेटिसिज्म का इस्तेमाल किया, लेकिन जब उनके प्रतिद्वंद्वी का गार्ड नीचे था, तो उन्होंने तेजी से हमला किया और 5:0 के सर्वसम्मत फैसले को हासिल किया। पांच में से चार जजों ने जामवाल को परफेक्ट 30 दिया, जिसमें सभी पांच जजों ने पहले और तीसरे राउंड को भारतीय के नाम सर्वसम्मति से दिया। मलंगा को पहले राउंड में ही उल्टी गिनती का सामना करना पड़ा, जिससे उन्हें बाकी मुकाबले में बैकफुट पर रहना पड़ा।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### भारत वैश्विक पूंजी के लिए आकर्षक गंतव्य बना हुआ है : विशेषज्ञ

**नई दिल्ली।** विशेषज्ञों ने शनिवार को कहा कि मजबूत आर्थिक दृष्टिकोण, नीतिगत सुधारों और लचीले बाजार के साथ भारत वैश्विक पूंजी के लिए आकर्षक गंतव्य बना हुआ है। अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारतीय वस्तुओं पर हाल ही में लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ दूसरे एशियाई देशों की तुलना में अपेक्षाकृत मामूली बने हुए हैं, जिसके परिणामस्वरूप भारत को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलती रहेगी। बीडीओ इंडिया के एफएस टैक्स, टैक्स और विनियामक सेवाओं के पार्टनर और लीडर मनोज पुरोहित ने कहा, ॹइससे देश के लिए निर्यात अवसरों की पेशकश करने का मजबूत प्रस्ताव रास्ता खुलता है। भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है, जिसमें एक विशाल उपभोक्ता बाजार, कुशल कार्यबल और व्यापार के अनुकूल सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत सरकार है। व्यापार करने में आसानी पर निरंतर बना हुआ है, जो निवेशकों के विश्वास को बढ़ाने में अहम बना हुआ है।

### सभी के लिए पेंशन राष्ट्रीय प्राथमिकता बननी चाहिए: पंकज चौधरी

**नई दिल्ली।** पहला अंतरराष्ट्रीय पेंशन अनुसंधान सम्मेलन (आईआरसीपी) 2025 विश्व बैंक और विशेषज्ञों सहित वैश्विक प्रमुखों की भागीदारी के साथ शुक्रवार को नई दिल्ली में संपन्न हो गया। इस अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि सभी के लिए पेंशन एक राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए। चौधरी ने कहा कि आने वाले दशकों में भारत की जनसांख्यिकी बहुत तेजी से बदल रही है। वर्ष 2050 तक पांच में से एक भारतीय 60 वर्ष से अधिक आयु का होगा, जबकि 2047 तक बुजुर्गों की संख्या बच्चों की संख?या से ज?यादा हो जाएगी। अनुमान है कि सदी के मध्य तक 19 फीसदी आबादी बुजुर्ग होगी, जिनमें मुख्य रूप से महिलाएं होंगी।

# 'भारत' इनोवेशन और टेक्नोलॉजी आधारित विकास में ग्लोबल लीडर बनने के लिए तैयार : पीयूष गोयल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत इनोवेशन और टेक्नोलॉजी आधारित विकास में ग्लोबल लीडर के रूप में उभरेगा।

उन्होंने 'स्टार्टअप महाकुंभ' कार्यक्रम में वॉक-थ्रू के दौरान स्टार्टअप्स के काम की सराहना की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोई भी व्यक्ति वर्ल्ड क्लास क्वालिटी काम को देख सकता है, एनर्जी एफिशिएंसी पर बनी टेक्नोलॉजी का अनुभव ले सकता है, नए स्टार्टअप द्वारा बनाए जा रहे रक्षा उपकरणों को देख और महसूस कर सकता है कि 'फिनटेक' कैसे आम नागरिक के लिए सशक्तीकरण का स्रोत बन रहा है।



केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''यह वह नींव है, जिस पर कदम रखकर भारत इनोवेशन की दुनिया में प्रवेश करेगा। हम वैश्विक मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। मैं यंग स्टार्टअप्स के कामों से बेहद संतुष्ट होकर वापस जा रहा हूं। 'युवा भारत' आगे बढ़ने के लिए बेताब और दुनिया में अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार है।'''स्टार्टअप महाकुंभ' के दूसरे एडिशन में 10 थीमेटिक पवेलियन्स का आयोजन किया गया, जिसमें एआई, डीपटेक और साइबर सिक्योरिटी, हेल्थटेक और बायोटेक, एग्रीटेक, क्लाइमेट टेक, इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर, डी2सी, फिनटेक, गेमिंग और स्पोर्ट्स, बी2बी और प्रिसिजन मैन्युफैक्चरिंग, डिफेंस और स्पेस टेक के साथ ही मोबिलिटी जैसे प्रमुख उद्योगों को शामिल किया गया।

केंद्रीय मंत्री ने क्लाइमेट टेक, बायोटेक, एआई और डीपटेक और कई दूसरे क्षेत्रों में ग्राउंड ब्रेकिंग इनोवेशन को प्रदर्शित करने वाले कई प्रदर्शनियों का दौरा किया, जिसमें इंटेलिजेंट एयर प्यूरीफायर और ईवी ट्रैक्टर से लेकर फंक्शनल ब्रेन मैपिंग के लिए एआई-ड्रिवन प्लेटफॉर्म और डिफेंस एप्लीकेशन के लिए कटिंग-एज मैन्युफैक्चरिंग ड्रोन शामिल थे। 'स्टार्टअप महाकुंभ' में 3,000 से अधिक स्टार्टअप, 1,000 से अधिक निवेशक और इनक्यूबेटर के साथ ही 50 से अधिक देशों के 10,000 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए।

# एलन मस्क का 'ग्रोक-3' चीन के 'डीपसीक' से बेहतर

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते ट्रेंड के बीच एलन मस्क के स्वामित्व वाले 'ग्रोक' और चीन के 'डीपसीक' मॉडल अब एआई क्षमता के मामले में सबसे आगे बने हुए हैं। शनिवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, जहां एक मॉडल एक्सेसिबिलिटी और एफिशिएंसी के मामले में बेहतर है, वहीं दूसरा वृहत पैमाने के मामले में। हालांकि, दोनों ही मॉडल के प्रशिक्षण के संसाधनों में काफी भिन्नता है। काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, ग्रोक-3 पैमाने के मामले में कोई समझौता नहीं करता। उसके पास दो लाख एनवीडिया एच100 (टेंसर कोर जीपीयू) का समर्थन है। वहीं, डीपसीक-आर1 उसके मुकाबले बेहद छोटे हिस्से का इस्तेमाल करके भी उसे चुनौती दे रहा है, जो दर्शाता है कि नवाचारी आर्टिटेक्चर और क्यूरेशन वृहद इंफ्रास्ट्रक्चर को टक्कर दे सकते हैं। डीपसीक ने फरवरी में अपने फ्लैगशिप रीजनिंग मॉडल डीपसीक-आर1 को ओपनसोर्स कर वैश्विक स्तर पर सुर्खियां बटोरनी शुरू की थी।




# सोशल मीडिया पर वॉरेन बफेट से जुड़ी वायरल हो रही सभी टिप्पणियां झूठी : बर्कशायर हैथवे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनी बर्कशायर हैथवे ने कहा कि एक्स, टिकटॉक और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वॉरेन बफेट द्वारा आर्थिक नीतियों पर कथित तौर पर की गई टिप्पणियों को लेकर प्रसारित सारी रिपोर्ट झूठी हैं।

यह बयान डोनाल्ड ट्रंप के ट्रुथ सोशल अकाउंट द्वारा हाल ही में किए गए दावों के बाद आया, जिसमें कहा गया था कि बफेट ने अमेरिकी राष्ट्रपति की आर्थिक नीतियों का समर्थन किया है।



ट्रंप के पोस्ट में दावा किया गया था कि 94 वर्षीय अरबपति ने अमेरिका में 50 से अधिक वर्षों में देखे गए 'सर्वश्रेष्ठ आर्थिक कदम' उठाने के लिए राष्ट्रपति की प्रशंसा की।

इंस्टाग्राम पर एक यूजर ने मूल रूप से 13 मार्च को बफेट के बारे में दावे पोस्ट किए थे और यह इस हफ्ते वायरल होने लगा जब ट्रंप ने कई देशों पर अपेक्षा से अधिक टैरिफ लगाने की घोषणा की।

# ईडी ने एम्पुरान निमार्ता के चिटफंड कार्यालय पर छापेमारी में 1.50 करोड़ कैश जब्त किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा), 1999 के उल्लंघन के मामले में तमिलनाडु और केरल में श्री गोपालन चिट एंड फाइनेंस लिमिटेड (गोकुल चिट फंड) कंपनी के कई परिसरों में तलाशी के दौरान 1.50 करोड़ रुपये नकद जब्त किए हैं। ईडी ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि कोचीन जोनल कार्यालय ने 04 और 05 अप्रैल, 2025 को केरल के कोझिकोड में एक स्थान और तमिलनाडु के चेन्नई में दो स्थानों पर श्री गोकुलम चिट्स एंड फाइनेंस कंपनी प्राइवेट



लिमिटेड के आवासीय और व्यावसायिक परिसरों में तलाशी लेने की कार्रवाई की। केंद्रीय जांच एजेंसी ने इस कार्रवाई के दौरान 1.50 करोड़ रुपये नकद और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं।

# स्टेशन पर शेड का निर्माण शुरू, हर प्लेटफॉर्म पर होंगे तीन शेड



खबर का असर

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के सभी तीनों प्लेटफॉर्म पर यात्रियों के धूप और बारिश से बचाव के लिए तीन अलग-अलग स्थानों पर वृहदाकार शेड निर्माण का काम शुरू हो गया है। प्लेटफॉर्म नंबर एक और दो पर तीन नये जबकि 3-4 पर एक शेड निर्माण किया जा रहा है। इस पर पहले से ही दो शेड बने हुए थे। इस प्रकार हर प्लेटफॉर्म पर तीन-तीन शेड हो जाएंगे। लोगों ने इसे राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर का असर बताया है। उनका मानना है कि अमृत भारत योजना के तहत मॉडर्न बिल्डिंग और नन इंटरलॉकिंग सिस्टम से ट्रेनों का परिचालन तो, शुरू कर दिया गया था, मगर नये स्टेशन भवन के सामने और अन्य प्लेटफॉर्म पर धूप और बारिश से यात्रियों के बचाव के लिए बड़े शेड का निर्माण नहीं किया जा सका था। सिर्फ पुराने प्लेटफॉर्म पर पहले से ही दो बड़े शेड अलग-अलग जगहों में बने हुए थे। जबकि इसके अलावा अन्य सभी प्लेटफॉर्म पर बैठने के लिए दूर-दूर में स्थित डबल और सिंगल सीमेंटेड बेंच पर मिनी शेड बने हैं। जो धूप और बारिश से बचाव के लिए नाकाफी साबित होते हैं।

ऐसी स्थिति में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि चिलचिलाती धूप और झमाझम बारिश में इन शेड से किस कदर बचाव संभव हो पाती होगी। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोस चुनाव से ऐन पहले 26 फरवरी 2024 को ही वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 12.95 करोड़ की लागत से आधुनिक स्टेशन भवन और एक नये प्लेटफॉर्म निर्माण के बाद अन्य यात्री सुविधाओं और आधारभूत संरचना के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया था। इतनी राशि से जिन योजनाओं का विकास करना था, उनमें पर्याप्त और व्यवस्थित यात्री शेड सहित अन्य कई जरूरी यात्री सुविधाओं के नाम शामिल थे। मगर उनमें से मात्र फुट ओवरब्रिज के अलावा अन्य कोई यात्री सुविधाओं पर काम होता नजर आ रहा था। इस समस्या को राष्ट्रीय नवीन मेल में प्रमुखता से प्रकाशित करने की वजह से ही शेड निर्माण का काम शुरू किया गया है।

# मधुमक्खियों के हमले से बीस से अधिक बच्चे घायल



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिले के चंदवा प्रखंड अंतर्गत सासंग मध्य विद्यालय के 20 से अधिक बच्चे मधुमक्खियों के हमले से घायल हो गए। घायल बच्चों को इलाज के लिए चंदवा अस्पताल लाया गया है। जहां बच्चों का इलाज किया जा रहा है। घायल बच्चों में एक बच्चे की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार विद्यालय के दूसरे तल्ले पर मधुमक्खियां छत्ता बना ली थी। शनिवार को विद्यालय में बच्चे पौधों को पानी दे रहे थे। इसी दौरान अचानक मधुमक्खियां आक्रामक हो गई और बच्चों पर हमला कर दिया। इस दौरान 20 से अधिक बच्चों को मधुमक्खियों ने काट लिया। वहीं दो शिक्षकों को भी मधुमक्खियों ने काटा। इस घटना के बाद स्कूल में हड़कंप मच गया। बच्चे किसी प्रकार स्कूल के कमरों में भाग कर अपनी जान बचाई। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से तत्काल एंबुलेंस भेजा गया जिससे घायल बच्चों और शिक्षकों को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर नीलिमा और डॉक्टर मनोज कुमार की ओर से घायलों का इलाज किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है। एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हुआ है। शेष अन्य बच्चे की स्थिति खतरे से बाहर है।

## देवरी ओपी पुलिस ने अवैध बालू ले जा रहे ट्रैक्टर को किया जब्त



**हुसैनाबाद।** पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार अवैध बालू उत्खनन के खिलाफ अभियान जारी है, हुसैनाबाद एसडीओ गौरांग महतो के बालू भंडारण जब्ती के बाद अब देवरी ओपी पुलिस ने अवैध बालू ले जा रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। इस संबंध में देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि देवरी खुर्द के सोनपुरवा से सजवन की ओर जाने वाली कच्ची सड़क से अवैध बालू लेकर ट्रैक्टर जा रहा था, उसी समय आइसर ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि अवैध बालू के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगा। मालूम हो की पुलिस जब्त ट्रैक्टर को देवरी ओपी परिसर में लाकर पार्क कर दिया है। इसके विरुद्ध अग्रेतर कार्रवाई हेतू संबंधित विभाग को भेज दिया है।

# छुम छुम छनानन बाजे मैया पांव पैजनियां... शहनाज ने अपने प्रस्तुति से बांधा समां

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** शहर के गोसाईबाग मैदान में रामनवमी को लेकर श्री राम सेना द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान देश की मशहूर भजन गायिका शहनाज अख्तर ने अपनी प्रस्तुति से वातावरण को भक्ति मय कर दिया। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो युवा नेता दीपक प्रताप देव, श्रीराम सेना अध्यक्ष रजनी कांत मधुर, मन्नू बाबा,पूर्व नप उपाध्यक्ष लता देवी ने दीप जलाकर किया।

उद्घाटन के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्री राम हम सभी के प्रेरणास्रोत हैं। हम सभी के आदर्श भगवान राम के जीवन चरित्र को अपनाकर समाज को आगे ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों का सहयोग मिलता रहा तो आगे भी इस तरह का कार्यक्रम होगा। उद्घाटन के बाद जैसे ही शहनाज अख्तर स्टेज पर आयी लोगों में जोश भर गया। इस दौरान शहनाज ने एक से बढ़कर एक गीत की प्रस्तुति दी. भजनों पर स्थानीय लोग झूम उठे।





### मैं धमकियों की नहीं करती परवाह सनातन से है मेरी पहचान : शहनाज

श्री बंशीधर नगर पहुंची गायिका शहनाज अख्तर ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा की उनकी पहचान सनातन से है। बचपन से ही वे भजन गा रही है। उन्हें लगातार धमकियां मिलती है। लेकिन उसकी परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि श्री बंशीधर नगर आकर काफी अच्छा लगा। बंशीधर मंदिर में स्थापित भगवान श्री कृष्ण की अद्भुत प्रतिमा देखकर काफी अच्छा लगा। भगवान की ऐसी प्रतिमा कही नहीं है।

कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वन्दना से की गई। शहनाज ने इसके बाद सुपरहिट भजन 'छुम छुम छनानन बाजे मैया पांव पैजनियां', 'पंडा कराय रहो पूजा मैया जी के झूमझूम के', 'जो राम को लाये हैं हम उनको लाएंगे', 'ये भगवा रंग', माथे उनके बिंदिया सोहे, टिकली की बलिहारी राम जैसे कई प्रसिद्ध भजन गाकर लोगों को खूब झुमाया। इसके अलावे गायक साजन ने भी अपने भक्ति गीतों से लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

### भारी भीड़ को लेकर सुरक्षा का था व्यापक इंतजाम

कार्यक्रम में भारी भीड़ थी। पूरा मैदान खचाखच भरा था। प्रशासन द्वारा सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किया गया था। एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य नायक के अलावे आस पास के थानों से कई पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कार्यक्रम स्थल पर की गई थी। पुरुष महिला जवानों की भी बड़ी संख्या में लगाया गया था।

विधायक अनंत प्रताप देव, युवा नेता दीपक प्रताप देव, मन्नू बाबा, झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय,पूर्व नप उपाध्यक्ष लता देवी, श्री राम सेना अध्यक्ष रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू, गद्दू कुमार, कामेश्वर प्रसाद, अमरनाथ पांडेय, मिंटू कुमार, संजीत कुमार छोटू, तस्लीम खान, नीरज जायसवाल, राजा सिंह, बबलू जायसवाल, अशोक कुमार, कमलेश मेहता, कामता प्रसाद, प्रताप जायसवाल, उदय जायसवाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# आवास प्लस लाभ के लिए सर्वे का समय बढ़ा 30 अप्रैल तक होगा सर्वे

*पीएम आवास, अबुआ आवास के लिए नाम जोड़ा जायेगा, सर्वेयर सभी गांव मे योग्य लाभुकों का जीओ टैग कर सर्वे करेंगे*



नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र मे आवास प्लस के योग्य लाभुकों को 30 अप्रैल तक सर्वेयर के माध्यम से नाम जोड़वाना अनिवार्य होगा। आवास कोर्डिनेटर शशि कुजूर ने जानकारी देते हुए कहा की बारियातू प्रखंड मे बालूभाँग पंचायत के लिए रामलखन यादव, राहुल राज टोटी के लिए राजेश यादव सिबला मे सुरेंद्र यादव अमरवाडीहशेराफेनुष खलखो फूलसु समीर सुमन भेंगरा साल्वे प्रकाश कुमार डाढ़ा अविनाश रंजन, धीरज राणा, संजीत राणा बारियातू रीना कुमारी, महेश यादव, संतोष कुमार गोनिया से सुरेंद्र उरांव द्वारा सर्वे करने के लिए विभाग से चयनित किया गया है। सभी पंचायत के 56 गांव के कई अन्य टोले मुहल्ले भी हैं। सभी पंचायत मे आवास सर्वे के लिए सर्वेयर का चयन किया गया है। जिसमे पंचायत सेवक या रोजगार सेवक को सर्वे के लिए जिम्मेदारी दी गई है। छूटे हुए योग्य लोगों को हर हाल मे आवास प्लस के लिए किए जा रहे सर्वे मे जीओ टैग के माध्यम से सर्वे करवाना अनिवार्य बताया है। पंचायत के सभी वार्ड सदस्य आवास मित्र, पंचायत सहायक अपने अपने क्षेत्र मे जरूरत मंदो को आवास प्लस मे नाम जोड़वाने मे सहयोग करेंगे। सभी सर्वेयर को विभागीय निर्देश है की गांव-गांव टोले मुहल्ले मे घर-घर जाकर धरातल मे सर्वे करना है। सम्बंधित क्षेत्र के चयनित सर्वेयर रोजगार सेवक और पंचायत सेवक से 30 अप्रैल तक आवास प्लस के लिए सभी योग्य लाभुक के गांव टोले मे सर्वे करने पहुँचगें नाम जोड़वाना अनिवार्य समझेंगे। यह सर्वे का कार्य मार्च मार्च माह से चल रहा है 30 अप्रैल तक अंतिम तिथि है। इसलिए योग्य लाभुक अपना नाम जोड़वाना अनिवार्य समझेंगे।

# सतबरवा के मजदूर की आंध्रप्रदेश में संदेहास्पद मौत, पिता पर हत्या का आरोप

नवीन मेल संवाददाता



**पलामू।** पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के नौरंगा गांव से आंध्रप्रदेश कमाने गए युवा मजदूर विकेश राम (24) की संदेहास्पद मौत हो गयी। ग्रामीणों के अनुसार शुक्रवार को काम करने के बाद पिता-पुत्र में किसी बात को लेकर बकझक हुई थी। गुस्से में पिता ने पुत्र के सीने में धारदार हथियार से वार कर दिया। इलाज के क्रम में डॉक्टर ने मजदूर को मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम कराने के बाद मजदूर का शव एम्बुलेंस से गांव लाया जा रहा है। शनिवार के देर रात्रि तक पहुंचने की संभावना है।

बताया जाता है कि एक ही रूम में गांव के पांच लोग रहते हैं। हत्या करने के बाद से पिता फरार है। इधर युवक की मौत की खबर सुनने के बाद से परिजनों का रो-रो कर हाल बेहाल है। पत्नी अनीता देवी अपनी गोद में 4 माह की पुत्री को लेकर रोते हुए शनिवार को बताया कि कुछ दिन पूर्व उसके पति के साथ ससुर अर्जुन भुइयां आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा मजदूरी करने गए थे। उसे जानकारी दी गई की उसके पति को चोट लगी है, रास्ते में इलाज कराते आ रहे हैं, लेकिन पड़ोस के लोगों के द्वारा मुझे जानकारी दी गई कि उसके पति को ससुर (पिता) ने मार डाला है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर चैनपुर बरांव गांव के विकेश के सास प्रीति देवी और ससुर तुलसी भुइयां रोते-रोते बेहोश हो जा रहे हैं।

इधर आसपास के महिला तथा पुरुष परिजनों को समझा बुझाकर शांत करने में लगे हुए हैं। घटना की जानकारी मिलने पर उपप्रमुख कामाख्या नारायण यादव मजदूर के घर पहुंचे एवं मामले की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शव आने के बाद ही कुछ स्पष्ट तौर पर कहा जा सकता है।

## भारी सुरक्षा के बीच रामनवमी की पूर्व संध्या पर बाइक जुलूस निकाला

# महावीरी झंडा के साथ जय श्री राम का नारा लगाते सैंकडों युवा हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता



**हरिहरगंज पलामू।** शहरी क्षेत्र में रामनवमी की पूर्व संध्या पर शनिवार को मोटरसाइकिल जुलूस निकाला गया। इसका आयोजन रामनवमी पूजा समिति के द्वारा किया गया था। जुलूस में सैंकड़ों की संख्या में युवा अपने हाथों में महावीरी झंडा लिए शामिल हुए। वहीं युवाओं द्वारा जय श्री राम, हरि बोल, भारत माता की जय आदि लगाए जा रहे नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। चाक चौबंद सुरक्षा के बीच यह जुलूस स्थानीय महावीर मंदिर से शुरू होकर मुख्य सड़क, अररूआ मोड़, मेन बाजार, महाराजगंज, सतगांवा आदि स्थानों का भ्रमण किया। बाद में पुनः महावीर स्थान पहुंचकर जुलूस समाप्त हुआ। जहां राम भक्तों ने मंदिर में माथा टेककर भगवान से आशीर्वाद लिया। जुलूस को देखते हुए हर चौक चौराहों पर पुलिस बल तैनात थे। जबकि बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, सीओ मनीष कुमार सिन्हा, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार व अन्य अधिकारी पुलिस बल के साथ जुलूस की निगरानी में तैनात रहे। जुलूस को सफल बनाने में रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष बल्लू बलराम, सचिव सोनू जायसवाल, सन्नी गुप्ता, चंदन जायसवाल, दिलीप स्वर्णकार, रामजी सिंह, करण राजवीर, बीनू जायसवाल, उत्कर्ष जायसवाल, रविन्द्र पासवान, राजेश शौंडिक, अजय सिंह, अमित कुमार, सौरभ कुमार, प्रकाश कुमार,मनोज कुमार, रिशु गुप्ता, पवन कुमार, संजीव कुमार, सीताराम, गौरव कुमार, शिवम कुमार, बिट्टू कुमार गुप्ता, विकास कुमार, सहित आस पास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों रामभक्तों ने अहम भूमिका निभाई।

# प्रखंड विकास पदाधिकारी सह एमओ ने डीलर से स्पष्टीकरण मांगा

नवीन मेल संवाददाता



**रमना।** प्रखंड के रमना पंचायत अंतर्गत चटनीया टोला के जनवितरण प्रणाली के संचालक रामस्वरूप राम के द्वारा राशन उपभोक्ताओं को अंगूठा लगाकर मार्च माह के राशन नहीं देने के विरुद्ध में उपभोक्ताओं ने सिओ सह एमओ विकाश पाण्डेय से शिकायत 29मार्च को किये थे।इसके जाँच हेतु गत 4अप्रैल को सिओ सह एमओ एवं प्रमुख ग्रामीणों की उपस्थिति में जाँच करने गये थे लेकिन बिना कोई सुचना और नोटिस बोर्ड पर गोदाम बंद रखने की सुचना लिखें ही गोदाम बंद था, जिससे ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। इस सम्बन्ध सिओ सह एमओ विकास पाण्डेय ने शनिवार को प्रेस सभा कर जानकारी दिया की प्रमुख करुणा सोनी, गोदाम प्रबंधक राहुल प्रकाश पसस पति अनुज कुमार के साथ शनिवार को डीलर रामस्वरूप राम का गोदाम जाँच किया गया, जिसके गोदाम में 32 बोरा गेहूं एवं 47 बोरा चावल पाया गया, जिसका विडिओ ग्राफी भी किया गया है, साथ ही अंगूठा लगवाकर राशन नहीं देने और बिना सुचना 4अप्रैल को गोदाम बंद रखने के लिए डीलर से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है।

उन्होंने बताया की ग्रामीणों द्वारा आवेदन 29 मार्च को मिला था उसके बाद से प्रखंड कार्यालय में 3 अप्रैल तक अवकाश था। अवकाश बाद तुरंत ही उक्त आवेदन की जाँच की गयी। चुकी मार्च माह का राशन उक्त डीलर को आवंटित हो चूका है और यदी लाभुकों द्वारा राशन का उठाव 10अप्रैल तक नहीं किया गया तो उनका राशन लैप्स कर जायेगा। यदी इस डीलर के पास से उपभोक्ता राशन नहीं लेना चाहते है और दूसरे डीलर के पास लेना चाहते है तो इसके लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते है उनका डीलर बदल जायेगा लेकिन मार्च माह का राशन उन्हें इसी डीलर से लेना होगा। साथ ही उन्होंने लोगो से अपील की कोई भी उपभोक्ता किसी गलत बहकावे में न पड़े की राशन उन्हें प्रखंड कार्यालय में मिलेगा लोग इस प्रकार के भ्रम फैलाकर भोली भाली जनता को गुमराह कर रहे है। जिससे जनता को नुकसान हो रहा है।

# संतान प्राप्ति की कामना को लेकर श्रद्धालु पहुंचते हैं कौलेश्वरी धाम

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** झारखंड और बिहार के सीमा पर स्थित माता कौलेश्वरी का मंदिर रामायण और महाभारत काल से जुड़ा है। संतान प्राप्ति की कामना को लेकर नवरात्र में यहां लाखों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। 1755 फीट की ऊंचाई पर कोल्हुआ पहाड़ी की चोटी में माता कौलेश्वरी का यह प्राचीन मंदिर है। राजा विराट ने पहाड़ी की चोटी पर माता कौलेश्वरी की प्रतिमा स्थापित कराई थी। मान्यता है कि अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने यहां निवास किया था। द्रौपदी के संग पांडवों ने माता कौलेश्वरी की आराधना की थी। माता के इस स्वरूप की दुर्गा सप्तशती में भी वर्णन है। पुराणों में वर्णित राजा सूरथ ने भी यहां तपस्या की थी।पहाड़ी की चोटी में भी आकाश लोचन और भीम गुफा कई रहस्यों और मान्यताओं को समेटे हुए है। संतान प्राप्ति की कामना को लेकर यहां सालों भर लोगों का आना-जाना लगा रहता है। मन्नतें पूरी होने के बाद यहां मुंडन और बली चढ़ाने के लिए देश ही नहीं विदेशों से भी लोग पहुंचते हैं।



दुर्गा सप्तशती में एक श्लोक कुत्क्षो रक्षेत कुलेश्वरी का वर्णन है। आसपास के लोगों में मान्यता है की माता कौलेश्वरी कुल और संतान की रक्षा करती हैं। दुर्लभ काले एक ही पत्थर को तराश कर मां कौलेश्वरी की एक 5 फीट ऊंची प्रतिमा का निर्माण किया गया है। चतुर्भुजी शक्ति स्वरूपा माता द्वापर कालीन हैं। आसपास के लोगों का माता के प्रति अटूट आस्था है। रामायण काल में वनवास के दौरान भगवान राम, लक्ष्मण और माता सीता ने भी यहां निवास किया था। यह मंदिर मोक्ष दायिनी फल्गु जिसे निरंजना भी कहा जाता है। यह मंदिर फल्गु की तट पर स्थित है। 40 एकड़ से अधिक भूमि में पहाड़ी फैला हुआ है। पहाड़ी की चोटी में एक प्राचीन सरोवर भी है। जिसमें सालों भर पानी रहता है।

वैसे तो यह भूमि तीन धर्मों की संगमस्थली मानी जाती है। माता कौलेश्वरी के प्रांगण में महात्मा गौतम बुद्ध ज्ञान प्राप्ति के बाद सारनाथ में उपदेश देने से पूर्व के कुछ दिन यहां बिताये थे। यह स्थल जैन धर्म के तीर्थंकर शीतल नाथ की स्मृतियों से भी जुड़ा हुआ है। कौलेश्वरी मंदिर झारखंड का एक ऐसा धार्मिक तीर्थ स्थल है जिसकी ख्याति आसपास ही नहीं देश-विदेश में भी है। कई देशों के लोग यहां विभिन्न अनुष्ठान के लिए पहुंचते हैं। संभवतः झारखंड में यह एक मात्र ऐसा स्थल है। जहां धार्मिक गतिविधियों के लिए सर्वाधिक विदेशी पर्यटक पहुंचते हैं। यहां समान रूप से सनातन, बौद्ध और जैन धर्मावलंबी पहुंचते हैं और अपने-अपने आस्था के अनुसार पूजा अर्चना करते हैं।

इस स्थल का जिक्र महाभारत काल से लेकर दुर्गा सप्तशती में भी की जाती है। महाभारत काल में यह स्थल राजा विराट की राजधानी थी। यह स्थल झारखंड के चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड से 15 किलोमीटर दूर कोल्हुआ पहाड़ पर है। यह इलाका बिहार से सटा हुआ है। बौद्ध धर्म की मान्यता अनुसार यह जगह भगवान बुद्ध की तपोभूमि के साथ मोक्ष प्रदान करने का पवित्र तीर्थ स्थल है। यहां कई देशों के बौद्ध यात्री केशलूंठन अनुष्ठान के लिए पहुंचते हैं। यह जगह जैन धर्म के दसवें तीर्थंकर शीतल नाथ प्रभु का जन्म स्थान भी माना जाता है।

आचार्य चेतन पांडेय ने बताया कि अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने भी माता कौलेश्वरी की आराधना की थी। उन्होंने कहा कि पहाड़ में मां कुलेश्वरी देवी का एक प्राचीन मंदिर है। माना जाता है कि जो भी सच्चे मन से यहां आते हैं उनकी मन्नते अवश्य पूरी होती है।

## पेज एक के शेष

### जनमानस की सुरक्षा...

मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरत पड़ने पर बिगड़ती स्थिति को कंट्रोल करने के लिए कुछ देर तक म्यूजिक सिस्टम को बंद कराई जाए, ताकि हालात पर नियंत्रण किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस प्रशासन पूर्ण रूप से मुस्तैद रहे। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें। कोई भी अप्रिय घटना न घटे, इस निमित्त पूरी तत्परता के साथ पुलिस प्रशासन अपना कार्य करे।

### विधि-व्यवस्था संधारण...

मुख्यमंत्री अधिकारियों से कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर तुरंत कार्रवाई करने और आम जनमानस तक सकारात्मक संदेश प्रेषित करने की व्यवस्था रखें। इस समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, एडीजी ऑपरेशन संजय आनंद राव लाटकर, आईजी ऑपरेशन एवी होमकर, आईजी स्पेशल ब्रांच प्रभात कुमार, एसपी ऑपरेशन अमित रेणु तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिलों के उपायुक्त, एसएसपी, एसपी उपस्थित रहे।

### ये करोड़ों भारतीयों...

**पीएम मोदी ने उठाया मछुआरों का मुद्दा :** पीएम मोदी ने कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच सदियों पुराने आध्यात्मिक और आत्मीयता भरे संबंध हैं। मुझे यह बताते हुए खुशी है कि 1960 में गुजरात के अरावली में मिले भगवान बुद्ध के अवशेष को श्रीलंका में दर्शन के लिए भेजा जा रहा है। त्रिंकोमाली के थिरुकोनेश्वरम मंदिर के जीर्णोद्धार में भारत सहयोग देगा। हमने मछुआरों की आजीविका से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की। हम सहमत हैं कि हमें इस मामले में एक मानवीय सहायता के साथ आगे बढ़ना चाहिए। हमने मछुआरों को तुरंत रिहा किये जाने और उनकी नौकाओं को वापस भेजने पर भी बल दिया। भारत और श्रीलंका का संबंध आपसी विश्वास और सद्भावना पर आधारित है।

### उग्रवादियों ने की...

लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद अपराधियों ने एक पर्चा छोड़कर घटना की जिम्मेवारी ली है।

**मौके पर पहुंची पुलिस :** उग्रवादियों के जाने के बाद कर्मियों ने इसकी सूचना ईंट भट्ठा मालिक और पुलिस को दी। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रणधीर कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और घायल मजदूर लोहरदगा निवासी अलीम अंसारी को तत्काल अस्पताल भेजा गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। इधर घटना के बाद पुलिस की टीम पूरे इलाके को सील कर उग्रवादियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी आरंभ कर दी है। एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर डीएसपी अरविंद कुमार और थाना प्रभारी रणधीर कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम उग्रवादियों की गिरफ्तारी के लिए इलाके की नाकेबंदी कर छापामारी आरंभ कर दी है।

# कैंसर रोधी गुण वाला 7 साल में बढ़ने वाला बदबूदार पेड़

**आरपी सिंह**

**नई दिल्ली।** भारतीय वैज्ञानिकों ने पौधों की कोशिकाओं को छोटे बायोफैक्ट्रीज़ में बदल दिया है, जो कई कैंसर रोधी दवाओं के लिए एक प्रमुख कच्चा माल तैयार करते हैं, जो लुप्तप्राय पौधों की प्रजातियों से निकाले गए यौगिक को प्राप्त करने का एक वैकल्पिक स्रोत है।जिन शोधकर्ताओं ने प्लांट जेनेटिक इंजीनियरिंग की तरकीबों को कंप्यूटर सिमुलेशन के साथ जोड़ा, उन्होंने कैंप्टोथेसिन नामक यौगिक की प्रति ग्राम उत्पादन उपज को पांच गुना बढ़ा दिया है, जिसे पारंपरिक रूप से दुर्लभ पौधों से काटा जाता है। कैंप्टोथेसिन एक कार्बनिक यौगिक है जो नॉथापोडिट्स निमोनियाना जैसे पौधों में पाया जाता है - भारत के पश्चिमी घाट का एक छोटा पेड़ जिसे आमतौर पर "बदबूदार पेड़" या "बदबूदार होली" कहा जाता है। इस यौगिक का उपयोग स्तन, बृहदान्त्र, गैस्ट्रिक, फेफड़े और डिम्बग्रंथि के कैंसर के उपचार में उपयोग की जाने वाली चार कीमोथेरेपी दवाओं के संश्लेषण में किया जाता है। यह पेड़ धीरे-धीरे बढ़ता है। परिपक्व होने व व्यावसायिक रूप से आकर्षक मात्रा में कैंप्टोथेसिन पैदा करने में औसतन सात साल लगते हैं। यौगिक की बढ़ती बाजार मांग का मतलब अत्यधिक शोषण है, जिससे प्रजातियों की आबादी में तेजी से कमी आ रही है। शोध का नेतृत्व करने वाली भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास में बायोकेमिकल इंजीनियरिंग की प्रोफेसर स्मिता श्रीवास्तव का कहना है, "साल-दर-साल इस पहले से ही लुप्तप्राय पेड़ को उखाड़ना कैंप्टोथेसिन प्राप्त करने का एक स्थायी तरीका नहीं है।" चीन में वैज्ञानिकों ने 2012 में 99.9 प्रतिशत शुद्धता के साथ कैंप्टोथेसिन के पूर्ण रासायनिक संश्लेषण के लिए एक प्रक्रिया की घोषणा की थी, लेकिन यह प्रक्रिया बोझिल और व्यावहारिक है ,और पेड़ों की मांग निरंतर बनी हुई है। श्रीवास्तव और उनके सहयोगियों ने यौगिक के स्रोत के रूप में पादप ऊतक कोशिका संवर्धन के उपयोग का पता लगाने का निर्णय लिया। टिशू कल्चर एक दशकों पुरानी तकनीक है जिसमें पौधों की कोशिकाओं को प्रयोगशाला में विकसित किया जाता है और पोषक तत्वों के शोरबा पर खिलाया जाता है। कैंप्टोथेसिन एक प्राकृतिक उत्पाद है जो दुर्गंधयुक्त होली के पेड़ द्वारा शिकारियों - कीड़ों या स्तनधारियों से बचाव के लिए बनाया जाता है जो पेड़ पर भोजन करने के लिए आ सकते हैं। आईआईटी मद्रास की टीम ने आईआईटी मंडी के वैज्ञानिकों के साथ मिलकर प्रयोगशाला में पेड़ से कैंप्टोथेसिन-उत्पादक कोशिकाओं का संवर्धन किया। इसके बाद शोधकर्ताओं ने कैंप्टोथेसिन की उपज को अधिकतम करने का तरीका खोजने के लिए कोशिकाओं में कई जैविक मार्गों को बदलने के लिए कंप्यूटर सिमुलेशन का उपयोग किया। बायोटेक्नोलॉजी के प्रोफेसर व रॉबर्ट बॉश सेंटर फॉर डेटा साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सदस्य कार्तिक रमन ने कहा, "सड़कों के एक जटिल नेटवर्क की कल्पना करें और आप कुछ ट्रैफ़िक को एक निश्चित गंतव्य तक निर्देशित करना चाहते हैं - जहां लक्ष्य कैम्प्टोथेसिन उपज को अधिकतम करना है।" उनके कंप्यूटर विश्लेषण ने 23 संभावित मार्गों की ओर इशारा किया, जिनके माध्यम से कोशिकाएं कैंप्टोथेसिन का अधिक उत्पादन कर सकती हैं। शोधकर्ताओं ने एक का चयन किया जिसने अधिकतम उपज का वादा किया और प्रयोगशाला में उन मार्गों को लागू करने के लिए कोशिकाओं के भीतर जीन में हेरफेर किया। रमन ने कहा, "कोशिकाओं में आनुवंशिक इंजीनियरिंग यातायात के लिए सड़कों को चौड़ा करने के बराबर है - उच्च कैंप्टोथेसिन पैदावार प्राप्त करने के लिए।" वैज्ञानिकों ने अपने निष्कर्षों को पीयर-रिव्यू जर्नल फ्रंटियर्स इन प्लांट साइंस में प्रकाशित किया है। आनुवंशिक रूप से इंजीनियर की गई कोशिकाओं ने प्रति ग्राम सेलुलर सामग्री में पांच माइक्रोग्राम कैंप्टोथेसिन का उत्पादन किया, या प्राकृतिक पौधों की कोशिकाओं से उपलब्ध पांच गुना अधिक। श्रीवास्तव के अनुसार अनुसंधान के नतीजे औद्योगिक स्तर के उत्पादन के लिए प्रक्रिया को ऊपर उठाने के भविष्य के प्रयासों के लिए काफी उत्साहजनक हैं।

**● यह पेड़ धीरे-धीरे बढ़ता है। परिपक्व होने व व्यावसायिक रूप से आकर्षक मात्रा में कैंप्टोथेसिन पैदा करने में औसतन सात साल लगते हैं।**

# भारत-श्रीलंका के बीच अटूट बंधन...

*रक्षा सहयोग और ऊर्जा केन्द्र में विकसित करने पर बनी सहमति*

**कोलंबो (आईएएनएस)**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-श्रीलंका संबंधों के प्रति व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के लिए श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके की सराहना की। दोनों नेताओं ने शनिवार को कोलंबो में राष्ट्रपति सचिवालय में आयोजित द्विपक्षीय चर्चा के दौरान सुरक्षा, व्यापार, कृषि, आवास, संस्कृति सहित अन्य क्षेत्रों में संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, "कोलंबो में राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ व्यापक और उपयोगी वार्ता हुई। उन्होंने राष्ट्रपति बनने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना था। अब मुझे पहला विदेशी नेता होने का सम्मान मिला जिसकी मेजबानी उन्होंने की। यह भारत-श्रीलंका संबंधों और हमारे देशों के बीच मौजूद अटूट बंधन के प्रति उनकी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

पीएम मोदी ने कहा, "राष्ट्रपति दिसानायके की भारत यात्रा के बाद से काफी प्रगति हुई, खासकर ऊर्जा, सौर ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में। आज की हमारी बातचीत में हमने सुरक्षा, व्यापार, कृषि, आवास, संस्कृति और अन्य क्षेत्रों में संबंधों को और गति देने के तरीकों पर चर्चा की।"द्विपक्षीय वार्ता के बाद रक्षा सहयोग और त्रिंकोमाली को ऊर्जा केन्द्र के रूप में विकसित करने सहित कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

# पापुआ न्यू गिनी में 6.9 तीव्रता के भूकंप से मचा हड़कंप

**पोर्ट मोरेस्बी ।** पापुआ न्यू गिनी के न्यू ब्रिटेन क्षेत्र में शनिवार तड़के रिक्टर पैमाने पर 6.9 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी द्वारा एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किए गए एक पोस्ट के अनुसार, स्थानीय समयानुसार भूकंप 5 अप्रैल, 2025 को महसूस किया गया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, भूकंप का केंद्र वेस्ट न्यू ब्रिटेन प्रांत की राजधानी किम्बे से 194 किमी दक्षिण-पूर्व में था। भूकंप का केंद्र 6.23 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 151.64 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था, जिसकी गहराई 10 किलोमीटर थी। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि भूकंप का केंद्र 65 किमी (40 मील) की गहराई पर था।

# अमित शाह बस्तर पंडुम महोत्सव में शामिल होने दंतेवाड़ा पहुंचे



**● केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बस्तर में लंच के दौरान स्थानीय व्यंजन चखेंगे**

**दंतेवाड़ा (हि.स.)**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अपने तय कार्यक्रम के अनुसार आज शनिवार सुबह 11 बजे जगदलपुर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पहुंचे जहां भाजपा के पदाधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया, कुछ देर रुकने के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह हेलिकप्टर से बस्तर पंडुम महोत्सव में शामिल होने के लिए दंतेवाड़ा रवाना हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार कुछ देर पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दंतेवाड़ा के कारली हेलीपेड पहुंचे। यहां से वे सीधे दंतेवाड़ा स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना करने निकल गये हैं। बस्तर की अराध्य मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना के बाद यहां से वे हाई स्कूल मैदान में आयोजित बस्तर पंडुम कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# ट्रंप ने अमेरिकी विश्वविद्यालयों को अपना कीर्तनी बनाने की शुरू की मुहिम

## हार्वर्ड,ब्राउन ,प्रिंसटन जैसे तमाम विश्वविद्यालयों के छात्र व अध्यापक विरोध में सड़कों पर

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सरकार द्वारा विश्व के अति प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में से एक हार्वर्ड विश्वविद्यालय का सालाना बजट रोक दिए जाने से विश्वविद्यालय प्रशासन डर के मारे साष्टांग हो गया है , लेकिन विश्वविद्यालय के संकाय ने फंड रोके जाने के विरोध में प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जबकि प्रिंसटन जैसे अन्य विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों ने संघर्ष करने का हुंकार भरते हुए कहा है कि वे हार नहीं मानेंगे। ट्रम्प प्रशासन द्वारा हार्वर्ड विश्वविद्यालय के साथ संघीय अनुबंधों व अनुदानों में $9 बिलियन की समीक्षा की घोषणा करने के एक दिन बाद, विश्वविद्यालय के अध्यक्ष एलन गार्बर ने हार्वर्ड समुदाय को एक ईमेल भेजा, जिसका शीर्षक थाः हमारा संकल्प। "जब हमने गार्बर के बयान की विषय पंक्ति देखी, तो सभी ने सोचाः 'ओह, बढ़िया, हार्वर्ड खड़ा होने जा रहा है!" जेन सुजैन बॉक ने कहा, जो कि कोलिशन फॉर ए डायवर्स हार्वर्ड के बोर्ड सदस्य हैं, जो सकारात्मक कार्रवाई पर कानूनी लड़ाई के बीच 2016 में स्थापित पूर्व छात्रों का एक समूह है। लेकिन संदेश के वास्तविक भाग में ऐसी कोई बात नहीं थी। ईमेल में, गार्बर ने "यहूदी विरोधी भावना" का मुकाबला करने के लिए प्रशासन के साथ "संलग्न" होने का वचन देते हुए अकादमिक स्वतंत्रता का संक्षेप में प्रचार किया, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि उन्होंने इसका प्रत्यक्ष अनुभव किया है, और विश्वविद्यालय द्वारा पहले से ही उठाए गए उपायों की एक श्रृंखला को सूचीबद्ध किया है। उन्होंने लिखा, "हमें अभी भी बहुत काम करना है।" उन्होंने इस बारे में कोई विवरण नहीं दिया कि हार्वर्ड ट्रम्प प्रशासन से अपनी स्वतंत्रता की रक्षा के लिए क्या करेगा। यह "त्याग का एक बयान" था, इतिहास के प्रोफेसर और अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ यूनिवर्सिटी प्रोफेसर्स के हार्वर्ड चैप्टर के अध्यक्ष कर्स्टन वेल्ड ने कहा, जो संकाय के लिए वकालत करने वाला एक राष्ट्रीय समूह है। "यह मूल रूप से कहता हैः 'हाँ, हम बुरे रहे हैं और हम दंडित होने के लायक हैं। ईमेल, हाल ही में हार्वर्ड द्वारा शैक्षणिक कार्यक्रमों, संकाय और छात्र समूहों के खिलाफ की गई कार्रवाइयों की एक श्रृंखला के साथ, जिन पर फिलिस्तीनी समर्थक होने का आरोप लगाया गया है, ने पूरे अमेरिकी परिसरों में चिंताएँ बढ़ा दी हैं कि आइवी लीग स्कूल कोलंबिया विश्वविद्यालय के नक्शेकदम पर चलेगा, जिसने हाल ही में संघीय वित्त पोषण को बनाए रखने के प्रयास में ट्रम्प प्रशासन की मांगों की एक श्रृंखला के आगे झुक गया। ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड को लिखे एक पत्र में कहा कि संघीय निधि विश्वविद्यालय द्वारा विविधता और समावेशन पहलों पर प्रतिबंध लगाने, परिसर में विरोध प्रदर्शनों को प्रतिबंधित करने, होमलैंड सुरक्षा विभाग के साथ सहयोग करने, "पूर्वाग्रह को दूर करने के लिए" अपने शैक्षणिक कार्यक्रमों की समीक्षा करने और राष्ट्रपति की मांगों को लागू करने के लिए नेताओं को नियुक्त करने की शर्त पर होगी। यहूदी छात्रों को फिलिस्तीनी समर्थक विरोध प्रदर्शनों से बचाने में कथित रूप से विफल रहने के लिए दर्जनों और विश्वविद्यालयों की जांच की जा रही है, जिसमें ब्राउन यूनिवर्सिटी गुरुवार को सैकड़ों मिलियन डॉलर के वित्तपोषण को खोने के जोखिम का सामना करने वाली नवीनतम यूनिवर्सिटी बन गई है। वे सभी इस बात पर बारीकी से ध्यान दे रहे हैं कि हार्वर्ड और अन्य डोनाल्ड ट्रम्प के सामने खड़े होने की वित्तीय लागतों को उनके साथ आने वाली नैतिक और शैक्षणिक लागतों के विरुद्ध कैसे तौलते हैं। 'हमें खड़े होने के लिए तैयार रहना होगा' अधिक शक्तिशाली प्रतिरोध के कुछ संकेत उभरने लगे हैं। मंगलवार को, प्रशासन की घोषणा के जवाब में कि वह प्रिंसटन विश्वविद्यालय को $210 मिलियन का वित्तपोषण निलंबित कर देगा, इसके अध्यक्ष, क्रिस्टोफर आइसग्रबर ने संकेत दिया कि उनका प्रशासन को रियायतें देने का कोई इरादा नहीं है। हार्वर्ड में, छात्र समाचार पत्र ने बताया कि हार्वर्ड कॉलेज के डीन राकेश खुराना ने मंगलवार को अपने सहकर्मियों से तालियां बटोरीं, जब उन्होंने ट्रम्प प्रशासन पर उच्च शिक्षा के खिलाफ अपने चल रहे हमलों को सही ठहराने के लिए कैंपस में यहूदी विरोधी भावना के बारे में चिंताओं को हथियार बनाने का आरोप लगाया। खुराना की टिप्पणी हार्वर्ड में कई दिनों तक चली उथल-पुथल के बाद आई, जब संकाय के 600 सदस्यों ने एक पत्र पर हस्ताक्षर किए, जिसमें विश्वविद्यालय से अमेरिकी राष्ट्रपति के हमलों की सार्वजनिक रूप से निंदा करने और "कानूनी रूप से विरोध करने और गैरकानूनी मांगों का पालन करने से इनकार करने" का आह्वान किया गया था। हार्वर्ड अकादमिक वर्कर्स यूनियन, जो गैर-स्थायी-ट्रैक शोधकर्ताओं और व्याख्याताओं का प्रतिनिधित्व करती है, ने बुधवार को एक बयान में लिखाः "हार्वर्ड पर ट्रम्प प्रशासन के हमले का यहूदी विरोधी भावना से कोई लेना-देना नहीं है" और विश्वविद्यालय से "हमारे साथ इस धमकी का विरोध करने" का आह्वान किया। अब तक, ईसग्रुबर और ब्राउन के अध्यक्ष क्रिस्टीन पैक्सन ने संकेत दिया है कि वे एक अलग रास्ता अपना सकते हैं और विरोध कर सकते हैं।इस सप्ताह ब्लूमबर्ग के साथ एक साक्षात्कार में आइसग्रबर ने कहा, "विश्वविद्यालय के अध्यक्षों और नेताओं को यह समझना होगा कि शिक्षाविदों - जिसमें हमारे संकाय, हमारे छात्र शामिल हैं - को सत्य का अनुसरण करने की अनुमति देने की प्रतिबद्धता, जैसा कि वे इसे देखते हैं, हमारे विश्वविद्यालयों के लिए मौलिक है।" "हमें इसके लिए खड़े होने के लिए तैयार रहना होगा।" ब्राउन ने यह घोषणा नहीं की है कि वह $500 मिलियन से अधिक के वित्तपोषण को खोने की धमकियों का जवाब कैसे देगा, लेकिन पिछले महीने, पैक्सन ने बताया कि विश्वविद्यालय अपनी शैक्षणिक स्वतंत्रता पर संघीय हमलों का जवाब कैसे देगा।



## बाबूजी को मीरा कुमार ने किया याद, बोलीं

# देश को इस समय उनके विचारों की जरूरत ज्यादा



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

पूर्व लोकसभा अध्यक्ष और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मीरा कुमार ने समता दिवस के अवसर पर बाबू जगजीवन राम को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अपने पिता बाबू जगजीवन राम को याद करते हुए कहा कि समता का मतलब ही है समाज में बराबरी। कांग्रेस नेता मीरा कुमार ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "इस देश में गैर-बराबरी और भेदभाव बहुत ज्यादा है। हम जब समता दिवस मनाते हैं तो पूरी दुनिया में यही संदेश पहुंचाते हैं कि भेदभाव की भावना को समाप्त कर देना चाहिए। बाबू जगजीवन राम और उनके विचारों की बात करते हुए उन्होंने कहा, "देश में इस समय उनके विचारों की बहुत जरूरत है, क्योंकि वे एक महान व्यक्ति थे, जो सबको जोड़कर देश को आगे बढ़ाने पर जोर देते थे। मैं देशवासियों से यही अपील करूंगी कि वे इस बात को समझें कि हमारा देश बहुधर्मी देश है। यहां हर जाति, धर्म, संप्रदाय और हर संस्कृति के बोलने वाले लोग रहते हैं।

इस समय उनको एकसाथ लेकर चलना बहुत ही जरूरी है। देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती पर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें याद किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने कहा कि बाबू जगजीवन राम ने अपना पूरा जीवन गरीबों के लिए समर्पित कर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि अनेक वर्षों तक राष्ट्र की सेवा में उन्होंने अपना पूरा जीवन खपा दिया।

# बांग्लादेश में राजनीतिक दमन का दौर अवामी लीग का एक और नेता गिरफ्तार

**ढाका (आईएएनएस)**

बांग्लादेश में राजनीतिक असंतोष के निरंतर दमन को उजागर करने वाली एक और घटना में, अवामी लीग पार्टी के एक नेता को शनिवार की सुबह हिरासत में लिया गया। पुलिस ने बाद में मेहरपुर जिले के अवामी लीग के महासचिव एम ए खालेक की गिरफ्तारी की पुष्टि की। खालेक गंगनी उपजिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष भी हैं। हालांकि, पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के विशिष्ट कारणों का खुलासा नहीं किया। बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र 'द डेली स्टार' के मुताबिक, खालेक को पिछले साल जुलाई में हुए विद्रोह से जुड़े एक मामले में रैपिड एक्शन बटालियन बल ने गिरफ्तार किया। बाद में उन्हें जमानत दे दी गई। खालेक को शेख हसीना के नेतृत्व में आवामी लीग सरकार के पतन के बाद सभी आधिकारिक पदों से हटा दिया गया।

# कनाडा में भारतीय नागरिक की चाकू से हत्या, सुरक्षा को लेकर चिंता

**ओटावा (आईएएनएस)**



कनाडा के ओटावा के निकट रॉकलैंड इलाके में एक भारतीय नागरिक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई, जिसके बाद स्थानीय अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई की। कनाडा में भारतीय दूतावास ने शनिवार सुबह घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया है। भारतीय दूतावास ने एक बयान जारी कर घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और पीड़ित परिवार को सहायता देने का भी ऐलान किया। दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "ओटावा के निकट रॉकलैंड में चाकू घोंपने से एक भारतीय नागरिक की दुखद मौत से हम बहुत दुखी हैं।

# रूस और अन्य देश ट्रंप की 'टैरिफ स्ट्राइक' से बचने में सफल रहे?

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल को दुनिया भर के 184 देशों पर व्यापक टैरिफ लगाया। भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया, जबकि चीन और अन्य देशों पर इससे भी अधिक शुल्क लगा। लगभग सभी देशों को अब 10 प्रतिशत के बेसलाइन टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। हालांकि रूस समेत कुछ अन्य देशों को इससे बाहर रखा गया ? आखिर इसका कारण क्या है? व्हाइट हाउस ने जब से 'टैरिफ लिस्ट' जारी की तभी से इसमें बेहद अहम देश रूस की गैरमौजूदगी चर्चा का विषय बनी हुई है। इसे लेकर व्हाइट हाउस की तरफ से सफाई भी जारी की गई। हालांकि रूस का 'टैरिफ लिस्ट' से बाहर होना बहुत हैरानी की बात नहीं है।

कहानी फिल्म जगत की

# 'बजरंगी भाईजान 2' पर काम कर रहे हैं सलमान खान और बी विजेंद्र प्रसाद?

2015 में आई कबीर खान निर्देशित उनकी फिल्म बजरंगी भाईजान के सीक्वल की संभावना है।



> विजयेंद्र प्रसाद को भारत के सबसे सफल पटकथा लेखकों में से एक माना जाता है

सलमान खान ने हाल ही में मीडिया से बातचीत में कहा था कि 2015 में आई कबीर खान निर्देशित उनकी फिल्म बजरंगी भाईजान के सीक्वल की संभावना है। अब, इंडस्ट्री के एक सूत्र ने खुलासा किया है कि सलमान ने बाहुबली के लेखक और निर्देशक एसएस राजामौली के पिता वी विजयेंद्र प्रसाद से मुलाकात की है और अनुमान लगाया जा रहा है कि यह बजरंगी भाईजान 2 के लिए है। विजयेंद्र प्रसाद ने पहले भाग की पटकथा में भी योगदान दिया था। तब से, सलमान खान के सभी प्रशंसकों के बीच बजरंगी भाईजान के सीक्वल का बेसब्री से इंतज़ार है। पिंकविला को विशेष रूप से पता चला है कि बजरंगी भाईजान 2 सक्रिय रूप से विकास के चरण में प्रवेश कर चुका है। एक स्वतंत्र सूत्र ने बताया, "सलमान खान ने कुछ दिन पहले वी. विजयेंद्र प्रसाद से मुलाकात की है। वे एक विचार लेकर आए हैं और इस पर चर्चा चल रही है कि यह बजरंगी भाईजान 2 के लिए हो सकता है।

**सलमान खान की हुई वी. विजयेंद्र प्रसाद से मुलाकात**

सलमान खान के प्रशंसक हमेशा से ही सीक्वल का बेसब्री से इंतजार करते रहे हैं। एक स्वतंत्र उद्योग स्रोत के अनुसार, "सलमान खान ने कुछ दिन पहले वी. विजयेंद्र प्रसाद से मुलाकात की है। वे एक विचार लेकर आए हैं।


